फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 72 संख्याः 208 प्रभात जयपुर, गुरुवार 3 मार्च, 2022 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.00 रु.

ARBiT

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com



**Yaadon Ke Jharokhon Se...**

A very poignant start to the book 'Meena Kumari' written by Nargis goes like, "Meena maut Mubarak ho!" summing up: the persona that was Meena Kumari, who breathed just to die.

**Fragrance of the Blue Moon**

**Why Your Kitchen Sponge is so Grose?**



*ब्लैक थ्रोटेड मैगपाइ जे प्रजाति मोनोटिपिक है, अर्थात इसकी किसी भी उप प्रजाति को अब तक मान्यता प्राप्त नहीं हुई है। कॉलीज़ मैगपाइ जे के नाम से विख्यात इस चिड़िया पर ज्यादा रिसर्च नहीं हुई है। अद्भुत दिखने वाली और बेहद होशियार यह चिड़िया 58.5 से लेकर 76.5 सेन्टीमीटर तक लम्बी होती है और वजन लगभग 225-251 ग्राम होता है। इसका ऊपरी भाग नीला और आन्तरिक भाग सफेद होता है। परों के सिरे सफेद तथा चोंच, टांगें, सिर और कलगी काली होती है। आंख के चारों तरफ हल्के नीले घेरे व अधिकांश चिड़ियों का गला व छाती भी काली होती है। तोते जैसी तेज और तीखी आवाज वाली यह चिड़िया जंगल में जोड़े में या छोटे समूहों में रहती है। मैक्सिको के पसिफिक स्लोप से सदर्न सोनाटा और जैलिस्को व नॉर्थ वैस्टर्न कोलिका तक यह प्रजाति पाई जाती है। सन् 1993 के बाद से इसकी आबादी घटने के संकेत मिले हैं। यह चिड़िया दक्षिणी सैन डिएगो काउण्टी, खासकर तिउवाना नदी घाटी में ज्यादा मिलती है। ऐसा माना जाता है कि ये पक्षी मैक्सिको के राज्य बाजा कैलिफोर्निया में तिउवाना शहर से बच निकली चिड़ियों के वंशज हैं। इस क्षेत्र में पक्षियों का व्यापार बड़े पैमाने पर होता है। ये मोनोगैमस होते हैं अर्थात् जीवनभर के लिए जोड़ा बनाते हैं। इनका घोंसला इनकी खास विशेषता है। तिनकों से बड़े प्याले जैसी संरचना बनाकर उसमें नरम पदार्थ की परत बिछा देते हैं। मादा एक बार में सफेद से रंग के 3 से 7 अण्डे देती है। वाइट थ्रोटेड मैगपाइ जे से इनका निकट सम्बंध है तथा इनमें अतः प्रजनन भी देखा जाता है। इस प्रकार से जन्मी सतंति को वाइट थ्रोटेड मैगपाइ जे की उप प्रजाति माना गया है और इन्हें ''लीस्ट कन्सर्न'' वर्ग में रखा गया है। माना जाता है कि इनकी आबादी स्थिर है। वैज्ञानिकों का मत है कि इन चिड़ियों पर और रिसर्च की जानी चाहिए ताकि संरक्षण के स्तर की समीक्षा की जा सके।*

# गत तीन दिन से तेलंगाना के मु.मंत्री चन्द्रशेखर राव का दिल्ली में प्रवास रहा

## इस प्रवास में चन्द्रशेखर भाजपा विरोधी विपक्ष का संगठन बनाने में व्यस्त रहे

- **सब हैडिंग-24-वे दिल्ली के मुख्यमंत्री, केजरीवाल से मिले, क्योंकि आकलन के अनुसार पंजाब में आप की संभावित सफलता केजरीवाल को देश की राजनीति में लाकर खड़ा कर देगी तथा वे भाजपा विरोधी संगठन के एक महत्वपूर्ण स्तम्भ बन सकते हैं।**
- **चन्द्रशेखर राव का यह भी मानना है कि, भाजपा विरोधी फ्रंट के अन्य नेता, ममता बनर्जी, अखिलेश यादव भी राष्ट्रीय नेतृत्व प्रदान करने की क्षमता रखते हैं।**
- **चन्द्रशेखर राव, परन्तु इस भाजपा विरोधी फ्रंट में कांग्रेस की भी महत्वपूर्ण भूमिका मानते हैं।**
- **चन्द्रशेखर राव के इस भाजपा विरोधी रवैये ने तब से जोर पकड़ा है, जब से भाजपा ने तेलंगाना में आयोजित उपचुनाव में विजय प्राप्त की तथा ग्रेटर हैदराबाद म्युनिसिपल कॉरपोरेशन में भी भाजपा ने अच्छा प्रदर्शन किया।**
- **चन्द्रशेखर अब तेलंगाना के मु.मंत्री का पद, अपने पुत्र के लिये छोड़कर भाजपा विरोधी राष्ट्रीय राजनीति में कूदने की बात भी कर रहे हैं।**

**-श्रीनंद झा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 2 मार्च। विधानसभा चुनावों में भाजपा का प्रदर्शन खराब रहने की चर्चा के बीच तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चन्द्रशेखर राव (के.सी.आर.) की दिल्ली में मौजूदगी ने विपक्षी मोर्चा बनाने नए प्रयासों की चर्चा को बल दे दिया है।

भाजपा के खिलाफ विपक्षी मोर्चा बनाने के पुराने समर्थक रहे के.सी.आर. की दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और किसान नेता राकेश टिकैत से मुलाकात होनी है।

केजरीवाल की पार्टी के पंजाब में अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद है और संभावना यह भी है कि आम आदमी पार्टी राज्य में सरकार भी बना सकती है। इसलिए के.सी.आर. आप नेता केजरीवाल को प्रस्तावित गठबंधन का महत्वपूर्ण स्तम्भ मानते हैं। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव के अच्छे प्रदर्शन की स्थिति में वे भी विपक्षी मोर्चा की अवधारणा में प्रमुख चेहरा बनकर उभर सकते हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पहले ही यू.पी. में समाजवादी पार्टी को समर्थन दे चुकी है और कल पूर्वी यू.पी. में हो रही अखिलेश यादव की रैली में भी भाग लेगी। बनर्जी भी "विपक्षी मोर्चा" के विचार की पक्षधर है और एन.सी.पी. प्रमुख शरद पवार जैसे कई नेताओं के साथ इस बारे में बातचीत भी कर चुकी हैं। के.सी.आर. प्रस्तावित मोर्चा से कांग्रेस को अलग रखने में पक्ष में नहीं है। के.सी.आर. ने असम के मुख्यमंत्री हेमन्त बिस्वा शर्मा की भी आलोचना की थी क्योंकि उन्होंने राहुल गांधी पर व्यक्तिगत टिप्पणियां की थीं। यही नहीं के.सी.आर. राफेल

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# पुतिन के इर्द गिर्द मंडरा रहे अति अमीर रूसी युद्ध के विरूद्ध मुखरित हुए

- **यह एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम है, क्योंकि रूस की तानाशाही प्रशासनिक व्यवस्था में सरकार के खिलाफ बोलना बहुत जोखिम का काम होता है।**

**-सुकुमार साह-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 2 मार्च। बिज़नैस और राजनीति का कोई आपसी मेल नहीं होता और राजनीतिक रूप से प्रेरित झगड़े में तो यह मेल और कम हो जाता है। चूंकि राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के अति धनाढ्य आंतरिक गुट का प्रतिनिधित्व करने वाले रूस के सत्तारूढ़ कुलीन वर्ग के खिलाफ अमेरिका और यूरोपीयन यूनियन के प्रतिबंध प्रभावी हो गए हैं, इसलिए यूक्रेन का युद्ध इस सच्चाई को सामने ला रहा हैं।

इनमें से कुछ अमीर व्यक्ति अब इन प्रतिबंधों के दुष्परिणामों को अनुभव करने लग गए हैं तथा उन्होंने पुतिन के यूक्रेन आक्रमण के विरूद्ध बोलना शुरू कर दिया है।

सी.एन.बी.सी. की एक रिपोर्ट कहती है कि इनमें से किसी ने भी रूस के राष्ट्रपति का सीधे तौर पर जिक्र नहीं किया है, फिर भी, असंतोष के असाधारण स्वर उन्हीं के हाई प्रोफाइल सहयोगियों ने उठाए हैं। इनमें से कई लोग वे हैं जिनकी सम्पत्तियों का क्रेमलिन से काफी गहरा ताल्लुक है। यह रूसियो में बढ रहे मतभेद का संकेत है।

रूस के सबसे बड़े प्राइवेट बैंक "अल्फ़ा बैंक" के संस्थापक एवं देश के सबसे धनी व्यक्ति मिखाइल फ्रिडमैन इस संघर्ष के खिलाफ बोलने वाले पहले रूसी कारोबारी हैं। उन्होंने इस "त्रासदी" व "रक्तपात" को समाप्त करने की मांग की हैं।

फ्रिडमैन ने लंदन स्थित अपनी प्राइवेट इक्विटी फर्म "लैटरवन" के एक स्टाफकर्मी को लिखे गए एक पत्र में कहा कि उन्हें इस बात का "यकीन" है कि "युद्ध" कभी कोई उत्तर नहीं हो सकता। यह कर्मी यूक्रेन मूल का है और उसके माता-पिता वहां रहते हैं।

फायनैंशियल टाइम्स द्वारा पहली बार देखे गए इस पत्र में उन्होंने लिखा कि "यूक्रेन और रूस के लोगों से मेरा गहरा लगाव है और वर्तमान संघर्ष को मैं इन दोनों के लिए एक "त्रासदी" के रूप में देखता हूं।"

वह आगे लिखते हैं "मैं राजनीतिक बयान नहीं देता। मैं एक व्यापारी हूं, जिसकी रूस व यूक्रेन के अपने हजारों कर्मचारियों के प्रति जिम्मेदारियां हैं। मेरी गहरी धारणा है कि युद्ध कभी कोई उत्तर नहीं हो सकता। इस संकट से उन दो देशों में जान माल की क्षति होगी जो पिछले कई सौ वर्षों से आपसी भाईचारे के साथ रहे हैं।

फ्रिडमैन के कारोबारों में मोबाइल कैरियर वीओन भी शामिल है, जिसके सी.ई.ओ. कान तरज़िओग्लू ने सोमवार को सी.एन.बी.सी. से कहा था कि युद्ध को "जितना जल्दी संभव हो" रोका जाना चाहिए।

आगे यह जोड़ते हुए कि उनकी कंपनी युद्ध से बचकर भाग रहे यूक्रेन के लोगों को इन्टरनैट कनैक्टिविटी उपलब्ध करवा रही हैं, उन्होंने कहा कि "मेरा वास्तव में यह मानना है कि जितना जल्दी हो सके, इस पागलपन को रोकना चाहिए।"

यूरोपीयन यूनियन ने फ्रिडमैन और उनके बिज़नैस पार्टनर एवं स्टील दिग्गज एलैक्ज़ाई मोर्दाशोव व रूस के अन्य अति धनाढ्य लोगों पर सोमवार को प्रतिबंध लगा दिए। फ्रिडमैन ने इस पर यह कहते हुए अपनी प्रतिक्रिया दी कि वह यह नहीं जानते कि इस आक्रमण को लेकर क्या रूस में कोई सवाल उठाया जाएगा, लेकिन रूसी कारोबारियों पर पूरी दुनिया में लगाया गया पूर्ण प्रतिबंध अनुचित प्रतीत होता है। इस बीच, मोर्दाशोव ने दो बंधु राष्ट्रों के युद्ध को एक "त्रासदी" मानते हुए इसे रोके जाने की मांग की, किन्तु आगे यह भी जोड़ा कि उन्हें अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिबंधों का निशाना नहीं बनाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि "वर्तमान भू-राजनैतिक तनाव से मेरा कोई लेना देना नहीं है। मैं यह नहीं समझ पा रहा हूं कि हमारे विरूद्ध प्रतिबंध क्यों लगाए गए हैं।"

धातुओं के बादशाह के रूप में विख्यात ओलेग डेरीपास्का, जो अमेरिकन प्रतिबंधों का लक्ष्य थे, ने पिछले सप्ताह "टेलीग्राम" में लिखा थाः "शान्ति बहुत आवश्यक और महत्वपूर्ण होती है। समझौता-वार्ताएं शीघ्रातिशीघ्र शुरू हो ही जानी चाहिये।

रोमन अब्रामोविच, जो इंग्लैंड फुटबॉल टीम चेल्सी के अरबपति मालिक हैं, ने खुलकर तो कुछ नहीं कहा, लेकिन उन्होंने टीम का मालिकाना हक एक चैरिटेबल फाउन्डेशन को दे दिया। बताया जाता है कि वे सोमवार को बेलारूस में वार्ता में भी शामिल हो गये थे, जब यूक्रेन ने, "शान्तिपूर्ण समाधान" तक पहुँचने के लिये उनकी मदद माँगी थी।

रूस के धनिक अभिजात्य वर्ग की टिप्पणियाँ भी अन्य बड़ी-बड़ी हस्तियों की टिप्पणियों के साथ जुड़ गई, जिनमें अभिनेत्री अखेद्ज़ाकोवा तथा नोबल

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# रेप व पोर्नोग्राफी

- **सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में मांग की गयी है कि, बलात्कार व पोर्नोग्राफी में सीधा संबंध है, अतः सभी राज्यों की पुलिस को निर्देशित किया जाये कि, "रेप" की घटना की तहकीकात करते समय, "पोर्नोग्राफी" का "एंगल" भी देखें।**

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 2 मार्च। सुप्रीम कोर्ट में एक पब्लिक इन्ट्रैस्ट लिटिगेशन (पी.आई.एल.) दायर की गई है जिसमें ब्यूरो ऑफ पुलिस रिसर्च एण्ड डवलपमैंट (बी.पी.आर.डी.) को यह निर्देश देने की मांग की गई है कि सभी राज्यों की पुलिस से पॉर्नोग्राफी और बलात्कार मामलों के बीच लिंक दर्शाने वाली जांचों का एक समयावधि का डेटा एकत्रित करे।

यह पिटिशन एडवोकेट नलिन कोहली (51) ने दायर की है जो भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता हैं। पिटिशन में बताया गया है कि असम पुलिस की जांच से पता चला था कि 6 साल की बालिका से बलात्कार व उसकी हत्या के चारों

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# रूस के राष्ट्रपति पुतिन व विदेश मंत्री लावरोव भी आर्थिक पाबंदी के घेरे में आये

## अमेरिका की देखा-देखी, यूरोपियन यूनियन व ब्रिटेन ने भी इन दोनों पर आर्थिक पाबंदी लगायी

**-अंजन रॉय-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 2 मार्च। अमेरिका ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और उनके विदेश मंत्री दमित्री लावरोव पर प्रतिबंध लगाने के एक निर्णय की घोषणा की हैं।

यूरोपीयन यूनियन और यू.के. ने भी इन दोनों के खिलाफ प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया है।

इस बीच, बैंकिंग क्षेत्र में रूस का पहला शिकार बना है उसका सबसे बड़ा बैंक। ग्लोबल बैंक की यूरोपीय शाखा आज क्रैश हो गई। रूबल का मूल्य 25 प्रतिशत गिरकर प्रति डॉलर 112 रूबल रह गया है। इसका मतलब है आप 60 पैसे में एक रूबल खरीद सकते हैं।

देश के मुखिया और उसके विदेश मंत्री पर प्रतिबंध लगाया जाना इन दोनों पर एक सार्वजनिक तमाचा है और इसका तात्पर्य सरकार के प्रमुख के साथ कूटनीतिक संबंधों को एक तरह से तोड़ना भी है। इससे रूस की जनता के समक्ष भी उनकी बदनामी होगी।

ये दोनों ही नेता व्यक्तिगत रूप से आहत होंगे क्योंकि बताया जाता है कि इनके पास भारी दौलत है, जिसके अधिकांश हिस्से का पूरे विश्व में निवेश किया गया है। निस्संदेह, उनकी गलत तरीके से कमाई गई सम्पत्ति का पता लगाना और उसे फ्रीज़ करना काफी मुश्किल होगा। फिर भी, इन पर प्रतिबंध लगाने का अर्थ है कि इनकी सम्पत्ति को खोजने का काम शुरू हो जाएगा और फिर उसे सरकारी खजाने में जमा किया जाएगा।

सरकार के मुखियाओं के साथ ही रूस के अति धनाढ्य कुलीन व्यक्ति भी विश्वभर में जमा की गई अपनी सम्पत्ति से हाथ धो बैठने की आशंकाओं से भयभीत हैं। पिछले दस वर्षों में इनके निवेश का मुख्य स्थल ब्रिटेन रहा है।

लंदन की अधिकांश मूल्यवान जमीन-जायदाद को रूस के कुलीन वर्ग ने खरीद लिया है और इन प्रोपर्टीज़ में उनके बच्चे रह रहे हैं। यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद वे अनिश्चितता और चुनौतियों का सामना कर रहे हैं।

इसमें कोई आश्चर्य नहीं कि रूस के कुलीनों ने अपनी सरकार पर इस बात का दबाव डालना शुरू कर दिया है कि वह यूक्रेन के साथ गंभीरतापूर्वक बातचीत करे क्योंकि आर्थिक प्रतिबंध अब दु:खदायी लगने लगे हैं।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# वसुंधरा राजे की कार को टक्कर मारी



- **पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे जब विद्याधर नगर में गोविंद महाराज से मिलकर घर लौट रही थीं तब रास्ते में एक युवती ने अपनी कार से राजे की गाड़ी को टक्कर मार दी।**

जयपुर, 2 मार्च (का.सं.)। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे की मर्सिडीज़ कार को एक लड़की ने कार से टक्कर मार दी। हालांकि राजे को कोई चोट नहीं आई हैं। बताया जा रहा है कि लड़की ने वसुंधरा राजे माफी मांगी। राजे ने माफ़ करते हुए कहा कि कोई बात नहीं, लेकिन कार धीरे और सावधानी से चलाओ।

यह घटना विद्याधर नगर थाना इलाके के बियानी कॉलेज के सामने की

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# मस्जिद

- **न्यूयॉर्क टाइम्स में प्रकाशित खबर के अनुसार दक्षिण कोरिया में भी मस्जिद के निर्माण का विरोध किया स्थानीय नागरिकों ने।**

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 2 मार्च। मुस्लिम समुदाय को भारत में ही बहुसंख्यकों द्वारा प्रहारों का सामना नहीं करना पड़ रहा है, बल्कि दक्षिण कोरिया में भी उन पर हमले हो रहे हैं जहां उन्हें आतंकवादी की संज्ञा दी जा रही है।

न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार गतवर्ष दक्षिण कोरिया के दक्षिण पूर्वी भाग में एक परम्परावादी शहर दाएगु में 150 मुसलमानों ने मस्जिद बनाना शुरू किया तो स्थानीय निवासी एकत्र हो गए और कहा कि वे आतंकवादियों का गढ नहीं बनने देंगे। उनका कहना था कि मस्जिद बनने से

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# पुतिन आखिर चाहते क्या हैं?

## रॉचैस्टर यूनिवर्सिटी के राजनीति शास्त्र के जाने-माने प्रोफेसर हाइन गोमैन्स ने रूस के राष्ट्रपति पुतिन के व्यक्तित्व का बारीकी से विश्लेषण कर, इस बात का जवाब देने का प्रयास किया है कि, रूस क्यों यूक्रेन युद्ध में कूदा और यह युद्ध अन्ततोगत्वा कैसे खत्म होगा

- **प्रोफेसर के अनुसार पुतिन का यह युद्ध जीतना खतरनाक है, लेकिन उतनी ही खतरनाक स्थिति बनेगी अगर पुतिन यह युद्ध हार गये।**
- **प्रोफेसर ने प्रथम विश्व युद्ध का उदाहरण देते हुए अपनी पुस्तक में लिखा है कि, 1914 में जर्मनी ने यह निष्कर्ष निकाल लिया था कि, वह युद्ध नहीं जीत सकेंगे, परन्तु जर्मनी के नेताओं ने चार साल यह युद्ध इसलिये खींचा क्योंकि, उन्हें युद्ध हारने पर देश की आंतरिक प्रतिक्रिया का पूरा आभास था।**

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 2 मार्च। अन्तर्राष्ट्रीय संघर्षों के एक विशेषज्ञ कहते हैं कि यूक्रेन का भाग्य पुतिन के पद पर बने रहने से बंधा हुआ है।

"हेन गोमान्स कहते हैं जब गोलाबारी शुरू हो जाती है, तो चीजें हाथ से निकल जाती है। यह बात जान लेना जरूरी है।" गोमन्स रॉचेस्टर विश्वविद्यालय में राजनीति विज्ञान के प्रोफेसर है तथा अन्तर्राष्ट्रीय संघर्षों, प्रादेशिक विवादों, देशों में युद्ध की स्थिति क्यों आती है तथा युद्ध किस तरह खत्म होते हैं-जैसे युद्ध संबंधी विषयों के विशेषज्ञ हैं।

वे कहते हैं, "मैं युद्ध विषयक अध्ययन इसलिये करता हूँ क्योंकि युद्ध बहुत भयावह तथा सही अर्थों में आतंकित कर देने वाला होता है।" वे कहते हैं कि यूक्रेन के हजारों नागरिक तथा खाइयों में मोर्चा संभाले यूक्रेन के सैनिक मिसाइलों तथा गोलाबारी के कारण मर रहे हैं जबकि उन्हें रूसी सैनिक दिखाई तक नहीं दे रहे।

**प्रश्नः** "पुतिन यूक्रेन पर हमला क्यों कर रहे हैं?"

**उत्तरः** "मैं देखता हूँ कि उनका दोहरा लक्ष्य हैं-वे प्रत्यक्षतः या अप्रत्यक्षत, यूक्रेन जैसे देशों को रूस में मिलाकर या कठपुतली सरकार के जरिये, रूसी साम्राज्य की पुनर्स्थापना करना चाहते हैं, चाहे वह पूववर्ती यू.एस.एस.आर. के रूप में हो या ज़ार-कालीन रूस के रूप में।

दूसरे संभावित उत्तर का संबंध रूस की घरेलू राजनीति की भूमिका से है, जिसे संघर्ष संबंधी स्तरीय साहित्य गंभीरता से लेता है। पुतिन ने देख लिया है कि पूर्व सोवियत संघ के विघटन से बने कुछ गणतंत्रों तथा पूर्व यूगोस्लाविया में क्या हुआ। उनमें से कई देशों में "कलर रिवॉल्यूशन्स" हुए उन्हें प्रजातांत्रिक बनाया गया। वस्तुतः, 2014 में यूक्रेन में कलर रिवॉल्यूशन ही तो हुआ था, जिसे पुतिन गलत रूप में चित्रित करते हुए सैन्य क्रांति बताते हैं। वे इस प्रकार की क्रांतियों को रोकना चाहते हैं तथा अपने इर्द-गिर्द लोकतांत्रिक देशों के घेरे को रोकना चाहते हैं, क्योंकि ये रूस के असंतुष्ट नेताओं को एक सुरक्षित स्थान उपलब्ध करा सकते हैं। तथा विरोधी नेतागण पुतिन के राजनैतिक वर्चस्व के लिये खतरनाक साबित हो सकते हैं।

**प्रश्नः** अभी क्यों?

**उत्तरः** इसका एक उत्तर तो यह हो सकता है कि वे अब इस काम को करने के मामले में स्वयं को पर्याप्त ताकतवर मान रहे हैं, जबकि पश्चिम अव्यस्थित स्थिति में दिखाई दे रहा है। वे नहीं चाहते कि उनके पड़ौस में तेजी से पश्चिमीकृत देश हों। इसके बजाय, वे यह चाहते हैं कि उनके पड़ौस की सरकारें उनकी कठपुतली बन कर रहें, जिन्हें वे अपने नियंत्रण में रख कर, अपनी निजी घरेलू राजनैतिक स्थिति को सुरक्षित एवं अक्षुण्य रख सकें। वस्तुतः यह उनकी केवल राजनैतिक स्थिति ही नहीं है। अगर वे सत्ताच्युत होते हैं तो उनका जीवन भी सुरक्षित नहीं रहेगा। यह सुनिश्चित एवं स्पष्ट है कि उन पर मुकदमा चलेगा तथा वे जेल जायेंगे। उनकी बहुत बुरी गति हो सकती है, उनकी कैसी स्थिति हो सकती है, इस बात को, मेरे खयाल से, वे भली भांति जानते हैं।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

**अति क्रोध, कटु वाणी, दरिद्रता, स्वजनों से बैर, नीचों का संग और अकुलीन की सेवा, ये नरक में रहने वालों के लक्षण हैं। -चाणक्य नीति**

# सरकारी सेवा में भर्ती करने वाली संस्थाओं में सुधार किया जा सकता है, बशर्ते सरकार चाहे

राजकीय सेवाओं में सेवाओं के भर्ती और सेवा शर्तों से सम्बंधित मूलभूत प्रावधान संविधान के खंड 14 के अध्याय 1 व 2 में दिए हैं। इन प्रावधानों के अध्यधीन केंद्र व राज्य सरकारें भर्ती नियम, प्रक्रियाएँ तय करती है।

राजस्थान में राज्य सेवाओं व अधिनस्थ राज्य सेवाओं, (जिनसे राज्य सेवाओं में पद्दोन्ति होती है) उनमें भर्ती के लिए राजस्थान लोक सेवा आयोग का गठन किया गया है, जो एक संवैधानिक निकाय है। लिपिक वर्ग, पटवारी, लेखा वर्ग कार्मिकों व अन्य समक्ष सेवाओं में भर्ती के लिए अधीनस्थ सेवा चयन आयोग का गठन किया हुआ है।

लम्बे समय से इन निकायों की पब्लिक इमेज उच्चस्तरीय विश्वस्नीयता वाली नहीं कही जा सकती है। भर्ती के विज्ञापन और नियुक्तियों के बीच 3 से 5 साल का अंतराल आम बात हो गई। पेपर तैयार करने वालों की जानकारी लीक, पेपर प्रिंट करने वाली प्रेस की जानकारी लीक होने, परीक्षा से पहले पेपर लीक, अंसरशीट्स चेकिंग को लेकर एक्जमीनर्स की सूचना लीक होने व गड़बड़ियों की बातें, प्रश्नों की गलत फ्रेमिंग–ऐसे प्रश्न रखना जिनको सामान्यत: कोई जानता नहीं या प्रदेश के किसी छोटे से भू–भाग से सम्बंधित हों, गलत उत्तर आदि सास्वत व्याधियां बन गई हैं। परीक्षा केंद्रों के चयन व इन केंद्रों पर तैनात किए जाने वाले कार्मिकों आदि पर अंगुलियां उठती रही है।

इन निकायों की कार्य प्रणाली से भर्तियां कोर्ट दर कोर्ट में चेलेंज होती रहती है और नियुक्तियां अटकी रहती हैं।

शिक्षक वर्ग की भर्ती परीक्षाएं कई बार माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, कई बार आरपीएससी के माध्यम से करवाई गई हैं।

शिक्षा बोर्ड का मुख्य काम स्कूलों में पढ़ रहे विद्यार्थियों के लिए 10वीं व 12 वीं की परीक्षाएं आयोजित करना और परिणाम घोषित करना ही है। इसकी कार्य प्रणाली से भी लाखों विद्यार्थियों का भविष्य जुड़ा है। इसलिए इसकी भी प्रमाणिकता व शुचिता उतनी ही आवश्यक है जितनी आरपीएससी व अधीनस्थ सेवाओं के किए गठित सेवा आयोगों की होनी चाहिए।

राजकीय सेवाओं में भर्तियां नियमित रूप से हों और उनकी गोपनियता, शुचिता व प्रमाणिकता रहे, इसके लिए यह आवश्यक है कि इन शीर्ष संस्थाओं के शीर्ष कर्ताधर्ताओं और संस्थाओं की कार्यप्रणाली में उच्चश्रेणी की निष्ठा, प्रमाणिकता, यथा सम्भव पारदर्शिता हो।

इन संस्थाओं का स्वरूप इनके अध्यक्ष, सदसस्य गण, अधिकारियों व सहयोगी स्टाफ से मिलकर बनता है। सैंकड़ों की संख्या में काम करने वाले कर्मचारियों में सबकी निष्ठा, प्रमाणिकता की गारंटी तो कोई नहीं दे सकता किन्तु इनके शीर्ष पर बैठाए जाने वाले अध्यक्षों, सदस्यों, व शिर्ष अधिकारियों के सम्बंध में तो ऐसा किया ही जा सकता।

अगर इन आयोगों के अध्यक्ष, सदस्य, व सचिव निष्ठावान हों तो पेपर सेटिंग, प्रिंटिंग, परीक्षा केंद्र व वहां इन्विजिलेटर्स, पर्यवेक्षकों के चयन, अंसरशीट्स की जांच, मार्किंग और व्यक्तित्व परीक्षण मार्किंग की गोपनियता, शुचिता, प्रमाणिकता पर प्रश चिन्ह उठ ही नही सकते।

**यदि सरकार की इच्छा शक्ति हो तो यह बहुत ही आसान कार्य है। इसके लिए इन संवैधानिक पदों पर नियुक्तियों के लिए, सरकार को अपना असीमित स्वविवेकीय अधिकार, कुछ मर्यादित करना पड़ेगा। यदि इन नियुक्तियों में जातिवाद, व्यक्तिगत निष्ठा आदि को ही महत्व होगा तो इन निकायों की विश्वसनीयता समाप्त होगी ही--जो शनैः शनैः हो रही है!!**

चूंकि इन निकायों की कार्य प्रणाली से लाखो नव युवक–युक्तियों का और उनके परिवारों का भविष्य जुड़ा है, इसलिए ऐसा होना ही चाहिए। संविधान और सम्बंधित कानूनों–नियमों के अनुसार इन अध्यक्षों व सदस्यों की नियुक्ति का अधिकार राज्य सरकार को है। यह कोई छिपा रहस्य नहीं कि अध्यक्षों व सदस्यों की नियुक्ति मात्र उनकी निष्ठा, प्रमाणिकता, एफ्फिसियनसी, लोकसेवा– समाज सेवा, अथवा शिक्षा, कला आदि क्षेत्रों में उनकी विशिष्ट पहचान को आधार बनाकर ही नही की जाती।

इन पदों पर नियुक्ति व्यक्ति विशेष व राजनीतिक दल विशेष की विचारधारा के प्रति निष्ठा, राजनीतिज्ञों की सिफारिश पर और जातीय आधार से चुनावी लाभ लेने के लिए की जाती रही है। पिछले बीसेक साल से इसके लिए विशेष शब्द प्रयुक्त होने लगा-- सोसल इंजिनियरिंग।

लंबे समय अथवा अत्यंत कम समय के लिए के लिए पूर्णकालिक अध्यक्ष के स्थान पर कार्यवाहक अध्यक्ष रखना आम बात हो गई। इन सब से किसी भी संस्थान की साख में गिरावट तो आती ही है।

क्या सेवाओं में नियुक्तियों की अनुशंसा करने वाले निकायों में नियुक्तियों को ज्यादा पारदर्शी, विश्वशनीय नहीं बनाया जा सकता?

यदि सरकार की इच्छया शक्ति हो तो यह बहुत ही आसान कार्य है। इसके लिए इन संवैधानिक पदों पर नियुक्तियों के लिए, सरकार को अपना असीमित स्वविवेकीय अधिकार, कुछ मर्यादित करना पड़ेगा। यदि इन नियुक्तियों में जातिवाद, व्यक्तिगत निष्ठा आदि को ही महत्व होगा तो इन निकायों की विश्वसनीयता समाप्त होगी है--जो शनै: शनै: हो रही है!!

यदि सरकार इन नियुक्तों के लिए निम्नलिखित प्रक्रिया या ऐसी ही कोई अन्य प्रक्रिया निर्धारित करे तो इन निकायों की विश्वसनीयता बनी रहेगी::--

(1) इन पदों पर नियुक्तियों के लिए विश्वसनीय सर्च कमेटीयां बनाई जाए। प्रथम सर्च कमेटी विभिन्न क्षेत्रों यथा शिक्षा,लोक सेवाएं,समाज सेवा आदि क्षेत्रों में काम करने वाले योग्य व्यक्तियों की सूची तैयार करे। इसमें डॉक्टर्स, इंजीनियर्स, ब्यूरोक्रेट्स, सरकारी–गैर सरकारी क्षेत्रों के सक्षम, निष्ठावान, लोगों का समावेश हो। चूंकि आधे सदस्य राज्य की सेवाओं में अनुभव रखने वाले होने चाहिए, इसलिए इनके लिए 55–58 साल से ज्यादा उम्र वाले ईमानदार, योग्य अधिकारियों की सूची विभागों के प्रमुख सचिवों से ली जा सकती है।

(2) दूसरी उच्च स्तरीय सर्च कमेटी इस सूची को पब्लिक डोमेन में डाल कर आम लोगों की प्रतिक्रियाएं प्राप्त करें। इससे इन लोगों के सम्बंध में कई अच्छी–बुरी नई बातों का पता चल सकता है। राज्य सेवा से जुड़े अधिकारियों के सेवा रिकार्ड भी देखा जा सकता है। राज्य सेवाओं से भिन्न लोगों के सम्बंध में गोपनीय जांच करवाकर उनकी कार्य के प्रति व चारित्रिक ईमानदारी, कमपीटेंसी आदि के आधार पर सयूटेबिलिटी जांची जा सकती है।

उपरोक्तानुसार प्राप्त फीड बैकव अन्य उचित मानदण्डों के आधार पर प्रथम सूची में से यह सर्च कमेटी 10 से 20 व्यक्तियों की सूची सरकार के विचारार्थ प्रस्तुत करे।

(3) उपरोक्त सूची में से सरकार ऐसे व्यक्तियों का नियुक्ति के लिए चयन कर ले जिनका कम से कम दो साल सेवा काल आयोग में हो। यह दो साल के कार्यकाल की व्यवस्था उच्चतम न्यायालय के निर्णयोपरांत केंद्र के कुछ सचिवों और विभगों के अध्यक्षों के लिए अपनाइ भी जाती है।

इस प्रक्रिया को तय करने में किसी संवैधानिक व नियोमों में संसोधन की आवश्यकता नहीं होगी। सरकार की इच्छा शक्ति हो तो तुरंत इस प्रकार की उचित नीति अपनाई जा सकती है।

**–अतिथि सम्पादक,**
**महावीर सिंह,**
**आई.ए.एस. ( से.नि. )**

# एनपीएस की जगह ओपीएस पर क्यों लौटी सरकार?

हर पढ़े–लिखे व्यक्ति का सरकारी नौकरी में जाना एक सपना होता है, सिवाय कुछ व्यवसायिक सोच रखने वाले निड़र लोगों को छोड़कर। सातवें वेतन आयोग की सिफारिशें लागू होने के बाद मानों हर पढ़ा–लिखा युवा सरकार की नौकरी करना ही अपना परम धर्म मानने लगा है।

हां, यह बात सही है कि सरकारी नौकर प्रतिवर्ष सैंकड़ों की संख्या में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के द्वारा भ्रष्ट आचरण के कारण पकड़े भी जाते हैं किंतु फिर भी सरकार को अपने इन्हीं सरकारी कर्मियों का सहारा लेना पड़ता है। आपको याद होगा वर्तमान मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के पहले कार्यकाल के दौरान साल 2003 में सरकारी शिक्षकों की लंबी हड़ताल के बाद कांग्रेस सत्ता से बाहर हो गई थी। अधिकांश लोग यह मानते हैं कि सरकारी कर्मचारियों की बेरुखी के कारण ही गहलोत 2003 में सत्ता से बाहर हुये थे।


करीब 18 वर्ष पूर्व जब फैमिली पेंशन योजना बंद कर न्यू पेंशन स्कीम शुरू की गई थी, तब भी प्रदेश के मुखिया अशोक गहलोत ही थे। ऐसे में लोगों की चर्चा में पहली बात यही सामने आ रही है कि क्या ओपीएस बहाल करने से अशोक गहलोत की कांग्रेस सरकार 2023 में रिपीट होगी?

गहलोत ने सरकारी कर्मचारियों का दिल जीतने का जो दांव चला है, उसके परिणाम या दुष्परिणाम तो 2030 के बाद ही मिलने शुरू होंगे, क्योंकि एक जनवरी 2004 के बाद नियुक्त सरकारी कर्मियों के रिटायर होने का समय तभी आरम्भ होगा, किंतु फिर भी वर्तमान परिस्थितयों में इस पर चर्चा करना आवश्यक है कि क्या वास्तव में गहलोत ने प्रदेश को 18 साल पीछे धकेल दिया है? या फिर अब तक का सबसे बड़ा सियासी मास्टर स्ट्रोक खेल दिया है?

सवाल यह उठता है कि जब राज्य पर बड़े पैमाने पर कर्ज है और किसान भी कर्जमाफी के लिये बीते 3 साल से वादे के मुताबिक मांग कर रहे हैं, तब ऐसी क्या नौबत आ गई थी कि अशोक गहलोत को अपने कदम 18 साल पीछे खींचने पड़े?

मैं पिछले दिनों जब यूपी में ग्रांउड रिपोर्ट कर रहा था, तब कई सरकारी कर्मचारियों के मुंह से इसका जिक्र सुना कि इस बार सपा की सरकार बननी चाहिये, क्योंकि सपा मुखिया अखिलेश यादव ने अपने घोषणा पत्र में पुरानी पेंशन स्कीम को बहाल करने का वादा किया है। यूपी में भी 2004 के बाद नियुक्ति करीब 7 लाख कर्मचारी हैं, जो ओपीएस की मांग कर रहे हैं। जबकि, यहां राजस्थान में बिना किसी वादे के ही अशोक गहलोत सरकार ने देश में पहली बार यह कदम उठाकर एक लकीर खींच दी है। अब अन्य राज्यों में भी ओपीएस के लिये मांग बढ़ेगी।

किंतु आपको याद होगा न्यू पेंशन स्कीम की सिफारिश करने वाली कमेटी ने कहा था कि इससे देश में संगठित कर्मचारियों और असंगठित क्षेत्र में काम



रामगोपाल जाट

करने वाले कर्मचारियों में समानता आयेगी और सामाजिक भेदभाव में बड़े पैमाने पर कमी आयेगी।

आपको यह जानना बेहद जरुरी है कि फैमिली पेंशन अप्रैल 2004 में बंद कर दी गई थी, यानी उसके बाद सरकारी नौकरियों में भर्ती हुए अधिकारी से लेकर कर्मचारियों को अंशदायी पेंशन मिलती है, जबकि उससे पहले के कर्मचारियों को फैमिली पेंशन मिल रही है। इस न्यू पेंशन स्कीम (एनपीएस) के तहत भर्ती हुए कर्मचारियों की परेशानी यह है कि उन्हें रिटायरमेंट के बाद पेंशन मिलेगी या नहीं, यह तय ही नहीं है।

एनपीएस के तहत सरकारी कर्मी के वेतन से 10 फीसदी राशि काटी जाती है और इतनी ही राशि सरकार के अंश की होती है। कर्मचारी की सेवानिवृत्ति तक यह राशि काटी जाती है, जिसमें से 70 प्रतिशत राशि कर्मचारी को रिटायर होने पर नकद दी जाती है और बाकी 30 प्रतिशत पेंशन फंड के लिए जमा किए जाने का प्रावधान है, जिसमें से उन्हें जीवित रहने तक आंशिक पेंशन दी जाती है।

अप्रैल 2004 से पहले नौकरी में भर्ती हुए कर्मचारियों को फैमिली पेंशन मिल रही है। इसमें पेंशन के नाम पर उनके वेतन से कोई राशि नहीं काटी जाती। रिटायरमेंट के वक्त अंतिम माह में जो वेतन देय होता है, उसकी 50 फीसदी राशि पेंशन के रूप में तय हो जाती है। यह राशि उन्हें जीवित रहने तक मिलती है और उसके बाद उसकी 50 प्रतिशत राशि पेंशन के तौर पर कर्मचारी के आश्रित को मिलनी प्रारम्भ हो जाती है।

राजस्थान सरकार के निर्णय के प्रभाव की बात की जाये तो राज्य में एक जनवरी 2004 के बाद भर्ती हुये करीब 3 लाख कर्मचारी ओपीएस के दायरे में आयेंगे। इसके साथ ही तकरीबन 4 लाख कर्मचारी पुरानी पेंशन के दायरे में पहले से ही हैं। एक सरकारी अनुमान के मुताबिक पुरानी पेंशन स्कीम को बहाल करने से वर्तमान वेतनमान के हिसाब से भी राज्य पर प्रतिवर्ष करीब 180 करोड़ रुपयों का वार्षिक भार आयेगा। और जब 2030 के बाद पेंशन आरम्भ होगी, तब यह भार लगभग तीन से चार गुणा तक बढ़ने का अनुमान है।

अब सवाल यह भी उठता है कि राज्य सरकारें जब यह दावा करती हैं कि हमने इतनी संख्या में सरकारी नौकरी दी हैं, तो सवाल यह खड़ा होता है कि बीते 18 साल में ओपीएस से वंचित केवल 3 लाख सरकारी कर्मी ही कैसे हैं, जो न्यू पेंशन स्कीम के दायरे में हैं। वर्तमान सरकार भी दावा कर रही है कि बीते 3 साल में एक लाख लोगों को सरकारी नौकरी दी जा चुकी है। तो क्या यह सवाल नहीं उठता है कि उससे पहले के 15 साल में क्या केवल 2 लाख लोगों को ही सरकारी नौकरी मिली थी?

यह बात सही है कि किसान, निर्माण कार्यों के मजदूर, खानों में काम करने वाले, पशुपालन करने वाले और अन्य किसी भी कार्य के द्वारा देश के विकास में मददगार कोई भी कर्मशील व्यक्ति जीवन के आखिरी पड़ाव पर असुरक्षित नहीं रहना चाहता, किंतु सरकारी कर्मचारियों की भांति संगठित नहीं होने के कारण उनपर सरकारें ज्यादा ध्यान नहीं देती हैं।

सरकारी कर्मचारियों की सामाजिक सुरक्षा को देखते हुये ही अशोक गहलोत सरकार ने शायद तत्कालीन सरकार का 18 साल पुराना निर्णय बदला होगा। हालांकि, इसमें चुनावी जोखिम अवश्य है। गहलोत पिछले कई माह से सरकार रिपीट होने का दावा करते रहे हैं, जिसका एक कारण ओपीएस बहाल करना भी हो सकता है, क्योंकि इससे सीधे तौर पर सात लाख परिवारों के करीब 21 से 28 लाख मतदाता प्रभावित होते हैं।

**रामगोपाल जाट**
**वरिष्ठ पत्रकार**


# बीकानेर की बेटी शिवांगी और वर्णिका ने बताई यूक्रेन की आपबीती, बंकर में छिपकर गुजारीं रातें

## खार्किव के मेट्रो स्टेशन पर बीकानेर के विवेक सोनी सहित दर्जनभर स्टूडेंट्स अब भी फंसे हुए हैं

**बीकानेर,**(कासं)। रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध में जान बचाकर दो बेटियां बुधवार को बीकानेर पहुंच गई। इन्हीं में एक शिवांगी शर्मा दिल्ली फ्लाइट से बीकानेर आई। शिवांगी बताती है कि पोलैंड के रास्ते भारत आने से पहले उसे पानी पीकर दिन गुजारना पड़ा। वहीं, कई किलोमीटर पैदल चलकर रेलवे स्टेशन तक आए। यूक्रेन में इन दिनों अफरातफरी मची हुई है। वो खुश है कि केंद्र और राज्य सरकार की सहायता से वो बीकानेर आ गई हैं ।

बातचीत में शिवांगी ने बताया कि यूक्रेन की ईस्ट साइड पर हमला हुआ है, वहीं पर खतरा है। खार्किव और कीव ईस्ट साइड में ही हैं वहीं, लवीन और तड़ोपे जैसे एरिया में कोई हमला नहीं है। वहां पर अफरा–तफरी मची हुई है। लवीन में भी लोग बंकर में छिपे हुए हैं। बार बार सायरन बजता है। लोग घरों की लाइट्स नहीं जला पा रहे। बाहर नहीं निकल पा रहे। हमारा निकलना आसान था, इसलिए आ गए । हालांकि हमें भी कई किलोमीटर पैदल चलना पड़ा।

शिवांगी बताती है कि इंडियन एम्बेसी सभी का सहयोग कर रही है। दरअसल, जिन एरिया में ज्यादा समस्या है, वहां एंबेसी के लोग भी नहीं पहुंच पा रहे हैं। पोलैंड पहुंचने के बाद तो कोई दिक्कत ही नहीं है। वहां भारतीय एंबेसी के अधिकारी तैयार खड़े हैं। हमें सभी सुविधाएं दी गई। भारत पहुंचने के साथ ही राजस्थान सरकार के अधिकारी मिल गए। शिवांगी का कहना है कि भारत में मेडिकल कॉलेज की फीस एक करोड़ रुपए तक है। ऐसे में अच्छे मार्क्स लेकर भी एडमिशन नहीं पाने वाले स्टूडेंट्स के लिए विदेश ही विकल्प है। यूक्रेन में पढ़ाई पच्चीस लाख रुपए तक में हो जाती है, जबकि भारत में चार गुना रुपए लग रहे हैं।यूक्रेन से आयी भारतीय छात्रा एमबीबीएस तीसरे वर्ष की छात्रा वर्णिका कालरा भी बीकानेर आ गई हैं। जयनारायण व्यास कॉलोनी निवासी तुलसीराम कालरा की बेटी वर्णिका ने बताया कि जब से यूक्रेन और रूस का युद्ध प्रारंभ हुआ है। तभी से सब परेशान थे। भारतीय एंबेसी के सहयोग से वो बीकानेर तक पहुंच सके।



दिल्ली से बीकानेर पहुंची शिवांगी अपने पापा के साथ।



यूक्रेन से लौटी तुलसीराम कालरा की बेटी वर्णिका परिवार के साथ।

**■ पोलैंड पहुंचने के बाद कोई दिक्कत नहीं है वहां भारतीय एंबेसी के अधिकारी सुविधाएं दे रहे हैं**

वर्णिका के बीकानेर पहुंचने पर घर पर उसका स्वागत किया गया। भारतीय दूतावास से सहयोग नहीं मिलने से दुखी स्टूडेंट्स अब अपने बूते ही कीव व खार्किव से बाहर निकलने की कोशिश में जुटे हैं। ये स्टूडेंट्स ट्रेन, बस या फिर केब से निकल तो रहे हैं लेकिन रास्ते में लूट, फायरिंग और रूसी सैनिकों से मारपीट का भय इन्हें सता रहा है। इन्हीं में कुछ बीकानेर के स्टूडेंट्स भी शामिल हैं।

बीकानेर की आकांक्षा और माधुरी का कहना है कि खार्किव को छोड़कर बहुत सारे स्टूडेंट्स बाहर निकले हैं। इसमें बीकानेर की कुछ लड़कियां शामिल है। लगभग दस किलोमीटर पैदल चलने के बाद रेलवे स्टेशन तक पहुंचे। इस दौरान पूरे रास्ते में गोलियां और बमबारी की आवाजें सुनाई देती रही। रेलवे स्टेशन पर पहुंचे तो वहां इतनी जबर्दस्त भीड़ थी कि ट्रेन तो दूर रेलवे स्टेशन में घुस पाना मुश्किल था। तीन बार ट्रेन आई और चली गई लेकिन भारतीय स्टूडेंट्स वहीं खड़े रह गए । बाद में जैसे–तैसे इस ट्रेन से हम निकल पाए हैं। ट्रेन पूरी तरह फ्री है लेकिन सौ से पांच सौ डॉलर की कीमत चुकानी पड़ रही है। भारतीय एंबेसी भी स्टूडेंट्स का सहयोग करने में अब असहाय हो गई है। रूसी हवाई हमले उन लोगों पर किए जा रहे हैं, जो सड़क पर हैं। ऐसे में किसी बस या केब में जाने पर उन पर भी हमले की आशंका रहती है। उधर, खार्किव के मेट्रो स्टेशन पर बीकानेर के विवेक सोनी सहित दर्जनभर स्टूडेंट्स अब भी फंसे हुए हैं। बंकर में होने से सुरक्षित हैं लेकिन भोजन की व्यवस्था बमुश्किल हो पा रही है।

# जीवनदायी पेड़ों के बारे में संवेदनशील होने की ज़रूरत है!

सरसरी तौर पर देखेंगे तो जिस घटना का मैं जिक्र करने जा रहा हूं वह एक अतिशयोक्ति जैसी लग सकती है, पर जिन लोगों ने इस बारे में लिखा है वे लोग प्रसिद्ध पत्रकार अनिता प्रताप जैसे जिम्मेदार तथा वैज्ञानिक मानसिकता वाले लोग हैं। इसी तरह एक सर्जन डॉक्टर हुआ करते थे, जिन्होंने अपने बगीचे में एक आम के पेड़ का पालन–पोषण किया था, वे रोज सुबह–शाम उस पेड़ से बतियाते थे। लोग उनकी इस हरकत को सनक मानते थे पर पेड़ जब मीठे–मीठे आमों से लद जाता तो सब कुछ भूल कर वे सब भी उनके स्वाद का आनंद लेते थे। एक दिन डॉक्टर साहब की मृत्यु हो गई। परिवार के सदस्यों ने उनकी भावना के अनुरूप पेड़ को खाद–पानी दिया, पर पूरे दो वर्ष तक पेड़ पर कोई फल नहीं आया, मानो पेड़ अपने मित्र के जाने से विषाद में डूब गया हो। दो साल बाद फल तो आने लगे पर संख्या और स्वाद दोनों में बड़ा बदलाव आ चुका था। पहले वाली बात नहीं रही थी। पेड़ फिर कभी भी पहले जैसा फला–फूला नहीं।

ज्यों–ज्यों विज्ञान का विकास हो रहा है नई नई जानकारियां सामने आ रही हैं। कनाडा के जंगलों में शोध करने वाली पर्यावरण प्रेमी सुजैन सिमार्ड ने अपना पूरा जीवन पेड़, पौधों तथा वनस्पतियों के अध्ययन को समर्पित कर दिया है। सुजैन का मानना है कि पेड़ बहुत कुछ पहचानते हैं, वे चीत्कार करते हैं, खुश होते हैं, रोते हैं, विषाद में डूबते हैं। सिमार्ड ने अपने अध्ययन द्वारा बताया है कि विभिन्न पेड़–पौधे धरती के नीचे फंगस के एक वृहद जालनुमा तंत्र के माध्यम से एक–दूसरे से संपर्क में रहते हैं। जब किसी पेड़ के अंदर कीड़े लग जाते हैं, कोई वायरस या बैक्टीरिया हमला कर देता है तो



डॉ रामावतार शर्मा


स्वस्थ पेड़ वहां पर कुछ विशिष्ट एंजाइम्स भेजते हैं ताकि हमलावरों को नष्ट किया जा सके। अकाल की स्थिति में पानी का भी आपसी आदान–प्रदान किया जाता है और विशिष्ट जीवन रक्षक तत्व भी आपस में बांटे जाते हैं । टमाटर के पौधे के पास यदि लहसुन लगाया जाए तो पौधा प्रसन्न होकर तेजी से बढ़ता है क्योंकि बहुत से कीड़े लहसुन के पास नहीं आते, पर मटर का मिजाज जरा अलग है। मटर के पास लहसुन लगाने से मटर का विकास बाधित होता देखा गया है। इस तरह हम देखते हैं कि वहां पर भी सहयोग और प्रतिस्पर्धा दोनों मौजूद हैं।

पेड़, पौधों और जंगलों का अपना–अपना जीवंत समाज होता है जिसमें ढाणी, गांव, नगर और महानगर होते हैं, जिनमें तरह–तरह के जीव–जंतु भी अपना जीवन बिताते हैं। इसे जीव विविधता कहा जाता है। इस सारे तंत्र में तरह–तरह के वायरस और बैक्टीरिया वनों और पेड़ों के झुण्डों द्वारा चारों तरफ विसर्जित होने से रोके जाते हैं। अब यदि वनों की बेतहाशा कटाई की जाती है या फिर गांवों, कस्बों और शहरों को वृक्ष विहीन किया जाता है तो प्राकृतिक संतुलन नष्ट होता है, जिसके फलस्वरूप वायरस तेजी से चारों तरफ फैल कर महामारियां को जन्म दे सकते हैं। याद रखिए पेड़–पौधों के अभाव में जीवन पूरी तरह समाप्त हो सकता है।

हमने पेड़ों को काट कर शानदार सोफा बना लिया जिस पर बैठने की हमें फुरसत नहीं है, बड़े–बड़े बिस्तर बना लिए, जिन पर हमें नींद नहीं आती। आवश्यकता के अनुरूप आप उम्रदराज पेड़ों का उपयोग कर सकते हैं, इसमें कोई अपराधबोध नहीं होना चाहिए पर जरा पेड़ों को लगाने के बारे में भी तो सोचिए। एक चार फुट का पेड़ सामान्यत: पचास रुपए में मिल सकता है। यदि हर भारतीय हर साल एक पेड़ लगा कर उसे विकसित करता है तो साल में एक सौ चालीस करोड़ पेड़ खड़े हो सकते हैं। आवश्यकता जागरूकता की है, लगन की है।

**डॉ रामावतार शर्मा,**
**चिकित्सक एवं लेखक**

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**गुरूवार 3 मार्च, 2022**

फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा तिथि, गुरूवार, विक्रम संवत 2078, पूर्वा भाद्रपद नक्षत्र रात्रि 1:56 तक, साध्य योग रात्रि 3:28 तक, किस्तुघ्न करण दिन 10:21 तक, चन्द्रमा रात्रि 8:03 पर मीन राशि में प्रवेश करेगा।


**ग्रह स्थिति:** सूर्य–कुम्भ, चन्द्रमा–कुम्भ, मंगल–मकर, बुध–मकर, गुरू–कुम्भ, शुक्र–मकर, शनि–मकर, राहु–वृष, केतु–वृश्चिक राशि में। आज पंचक है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ सूर्योदय से 8:20 तक, चर 11:12 से 12:39 तक, लाभ–अमृत 12:39 से 3:32 तक, शुभ 4:58 से सूर्यास्त तक।


**राहूकाल:** 1:30 से 3:00 तक। सूर्योदय 6:53, सूर्यास्त 6:25




**मेष**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। परिवार में सुख–सुविधाओं में वृद्धि होगी।




**वृष**
व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। आवश्यक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।




**मिथुन**
धार्मिक–मांगलिक कार्यों में भाग लेने का अवसर मिलेगा। धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।




**कर्क**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। बनते कार्य बिगड़ने का भय बना रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। यात्रा में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।




**सिंह**
परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। परिवार में प्रसन्नता–हर्षोल्लास का माहौल रहेगा। सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक अड़चनें दूर होने लगेंगी।




**कन्या**
विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अटके हुए कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। अस्त–व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।




**तुला**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित योजना बनेगी। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सोच–विचार होगा। नौकरीपेशा व्यक्तियों को मानसिक तनाव रहेगा। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा।




**वृश्चिक**
परिवार में धार्मिक–सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। घर-परिवार में सुख–सुविधाएं बढ़ेंगी। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।




**धनु**
मित्रों/रिश्तेदारों से चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है।



**मकर**
अपने अति आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। आवश्यक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।



**कुंभ**
व्यावसायिक कार्यों के लिए बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। व्यावसायिक सुविधाओं पर धन खर्च हो सकता है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। आय में वृद्धि होगी। परिवार में शुभ कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।



**मीन**
धार्मिक कार्यों में भाग लेने का अवसर मिलेगा। परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक खर्चों में अनावश्यक वृद्धि होगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को भागदौड़ रहेगी।

# सीएम इतने कमजोर कि 9-9 सलाहकार रखने पड़ रहे हैं : गुलाब चंद कटारिया

## इस पर विधायक संयम लोढ़ा बोले गहलोत को किसी की सलाह की जरूरत नहीं

**जयपुर**, (वि.सं.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की ओर से की गई सीएम सलाहकारों की नियुक्तियों पर अब तक भाजपा सवाल उठा रही थी लेकिन बुधवार को राजस्थान विधानसभा में एक मौका ऐसा भी आया जब सीएम सलाहकार और निर्दलीय विधायक संयम लोढ़ा ने कह दिया कि अशोक गहलोत को किसी की सलाह की जरूरत नहीं है।

विधायक संयम लोढ़ा का यह बयान उस समय आया जब वह सदन में बजट पर चल रहे वाद-विवाद में बोल रहे थे। संयम लोढ़ा ने राज्य बजट की खूबियां गिनाईं। इस दौरान सामने बैठे नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया की ओर इशारा करते हुए कहा कि यह बार-बार बयान देते थे कि मंत्रिमंडल विस्तार और राजनीतिक नियुक्तियां होते ही यह सरकार गिर जाएगी, लेकिन मंत्रिमंडल विस्तार भी हुआ और राजनीतिक नियुक्तियां भी हो गईं तो आपके अरमान तो धरे रह गए।

इस पर उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि आपके सपनों का क्या हुआ मित्र? तब जवाब में संयम लोढ़ा ने कहा कि मेरे सपने यही हैं कि मैं इस सदन में खड़ा हूं आपके आशीर्वाद से। इस पर नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया ने कहा कि यहीं खड़े रहो। सीएम इतने कमजोर हैं कि 9-9 सलाहकार रखने पड़ रहे हैं। इस पर संयम लोढ़ा ने कहा कि यह तो आपको भी पता है कि अशोक गहलोत को किसी की सलाह की जरूरत नहीं है।

राजेंद्र राठौड़ सहित कुछ विधायकों ने संयम लोढ़ा को कहा तो फिर आप इस्तीफा दे दो। इस पर संयम लोढ़ा ने यह कह दिया कि ऑर्डर तो हो फिर आप इस्तीफा दे दूंगा।

# सदन में गूंजा राजवेस्ट से पांच करोड़ के चंदे का मामला

- संयम लोढ़ा बोले तमाम प्रक्रिया व अनुबंध भाजपा सरकार में, फिर आरोप कांग्रेस पर क्यों?
- आप धन्ना सेठों को बचाने की वकालत कर रहे हैं : राजेन्द्र राठौड़

**जयपुर**, (वि.सं.)। विधानसभा में बुधवार को बजट बहस के दौरान संयम लोढ़ा ने उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ और पिछली भाजपा सरकार पर जमकर मिशाना साधा। संयम लोढ़ा ने कहा कि सदन में राजेंद्र राठौड़ कांग्रेस सरकार पर 5 करोड़ का चंदा लेने का आरोप लगाते हुए लिग्नाइट खनन के अंदर जो राजवेस्ट कंपनी थी, उसकी वसूली नहीं करने का आरोप लगाते हैं, लेकिन यह आरोप तथ्यहीन है।

लोढ़ा ने कहा कि साल 2003 से 08 के बीच प्रदेश में भाजपा की वसुंधरा सरकार थी और तब आरोप लगाने वाले राठौड़ और सामने बैठे नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया दोनों ही मंत्री थे। लोढ़ा ने कहा कि उस समय 13 नवंबर 2006 को भारत सरकार ने कपूर डी और जालिया ब्लॉक को लिग्नाइट के लिए आरएसएमएम के पक्ष में आवंटित किया और बाद में यह एक संयुक्त उपक्रम बना, जिसमें 51 फीसदी भागीदारी आरएसएमएम और 9 प्रतिशत भागीदारी राजवेस्ट कंपनी के पास रही।

लोढ़ा ने कहा कि इस कंपनी को चाहे खनन का पट्टा जारी करना हो या सरकार के साथ कोई एग्रीमेंट हस्ताक्षर करना हो, यह सब घटनाएं भाजपा सरकार के कार्यकाल में ही हुईं और इन सबके डॉक्यूमेंट मैं टेबल करूंगा।

उन्होंने कहा कि जालिया ब्लॉक का पट्टा भी 25 मई 2015 को अनुबंधित हुआ और तब भी प्रदेश में सरकार भाजपा की थी। तत्कालीन भाजपा सरकार के कार्यकाल में इस संबंध में तीन बार केंद्र सरकार को भी पत्र लिखे गए, लेकिन जब केंद्र सरकार ने इसकी अनुमति नहीं दी तब राजस्थान की तत्कालीन भाजपा सरकार ने पट्टा हस्तांतरण की संविदा का पंजीयन कर दिया। इस कंपनी से 1000 मेगावाट बिजली उत्पादन इस कंपनी से मिलने वाले कोयले से हो रहे हैं और जो भी प्रक्रिया अपनाई गई है वो राजस्थान के हित में अपनाई गई है। ऐसे में कांग्रेस पर लगाए गए आरोप निराधार हैं।

इस पर प्रतिपक्ष के उपनेता राजेंद्र राठौड़ ने इसका विरोध किया। राठौड़ ने यह भी कहा कि आप धन्ना सेठों को बचाने की वकालत कर रहे हो। मैं यह सिद्ध कर दूंगा कि 5 करोड़ का चंदा लेने के बाद ही कंपनी से सरकार ने वसूली रोकी।

# सरकार ने माना बीमा कम्पनी ने किसानों के 164 करोड़ रुपये रोके

**जयपुर**, (वि.सं.)। विधानसभा में आज प्रश्नकाल के दौरान विधायक बलवान पूनिया ने रबी 2020-21 में 164 करोड़ रुपये प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बाकी होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सितंबर में राज्य सरकार ने अपना राज्यांश दे दिया। उसके 3 हफ्ते में किसान का बीमा क्लेम आ जाना चाहिए था। ऐसे में 164 करोड़ रुपए ब्याज समेत सरकार किसानों के खाते में कब तक ट्रांसफर करेगी।

इस पर कृषि मंत्री लालचंद कटारिया ने माना कि एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया ने विसंगतियां बताते हुए पेमेंट को रोका है। राज्य सरकार और विभाग ने भारत सरकार को इस बारे में पत्र भी लिखा है और भारत सरकार ने भी अपना अंश जमा करा दिया है। कटारिया ने कहा कि यह कंपनी 2019 से काम कर रही है। पहली बार ऐसा हुआ है कि उन्होंने विसंगतियां बताईं हैं। इस पर भारत सरकार, राज्य सरकार और बीमा कंपनी के अधिकारी बैठे।

भारत सरकार ने राजस्थान की कटाई क्रॉप को सही माना और बीमा कंपनी को कहा कि वह भुगतान करें, लेकिन बार-बार पत्राचार के बावजूद कंपनी पेमेंट नहीं किया। भारत सरकार ने बीमा कंपनी की समस्त आपत्तियों को निरस्त कर भुगतान देने का कहा है। कटारिया ने कहा कि मैं समय तो नहीं बता सकता लेकिन यह क्लेम 12 फीसदी ब्याज के समेत किसानों को दिलवाया जाएगा, लेकिन इस बात पर पूनिया नाराज हो गए और वैल में आकर हंगामा किया। कुछ देर बाद मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास के कहने पर वे वापस अपनी सीट पर आकर बैठ गये।

# जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल में इस बार पन्द्रह भाषाएं शामिल होंगी




**टीमवर्क आर्ट्स के मैनेजिंग डायरेक्टर संजाय के.रॉय और क्लार्क्स ग्रुप ऑफ़ होटल्स के मैनेजिंग डायरेक्टर, अपूर्व कुमार बुधवार को प्रेस से रूबरू हुए।**

**जयपुर**, (का.सं.)। आइकोनिक जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल का 15वां संस्करण, 5 से 14 मार्च को होटल क्लार्क्स आमेर, जयपुर में आयोजित होने जा रहा है। फेस्टिवल में इस साल 15 भारतीय भाषाएँ शामिल होंगी। राजस्थानी विरासत और संस्कृति पर आधारित कई विशेष सत्र भी फेस्टिवल का हिस्सा बनेंगे। फेस्टिवल की प्रोड्यूसर, टीमवर्क आर्ट्स ने प्रेस कांफ्रेस का आयोजन कर, उन सत्रों पर प्रकाश डाला जो राजस्थान और गुलाबी नगरी की महत्ता पर चर्चा करेंगे।

टीमवर्क आर्ट्स के मैनेजिंग डायरेक्टर, संजॉय के. रॉय ने कहा, जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल एक बार फिर से ऑन ग्राउंड रूप से जादू चलाने को तैयार है। इस साल के प्रोग्राम में साहित्य के विभिन्न पहलुओं के साथ ही, यूक्रेन-रूस विवाद, जलवायु परिवर्तन, न्यू वर्ल्ड ऑर्डर, फिक्शन की कला, काव्य, यात्रा, विज्ञान, इतिहास आदि पर भी फोकस रहेगा।

क्लार्क्स ग्रुप ऑफ़ होटल्स के मैनेजिंग डायरेक्टर, अपूर्व कुमार ने कहा, हमें गर्व है कि जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल का 15वां संस्करण, 5 से 10 मार्च को होटल क्लार्क्स आमेर में आयोजित हो रहा है। क्लार्क्स हमेशा से इस साहित्यिक कुम्भ से जुड़ा रहा है। हम पहले फेस्टिवल के म्यूजिक स्टेज का आयोजन करते रहे हैं। इस बार जयपुर म्यूजिक स्टेज के साथ, साहित्यिक सत्र भी यहीं होंगे। ये कहना अतिश्योक्ति नहीं होगा कि ये फेस्टिवल इस राज्य का सबसे बड़ा इवेंट होने के साथ ही, पर्यटन का भी सबसे बड़ा इवेंट बन गया है। भारत भर से ही नहीं, बल्कि विदेशों से भी बड़ी संख्या में श्रोता इस आइकोनिक फेस्टिवल का हिस्सा बनने के लिए आते हैं।

# सांसद किरोड़ी मीणा ने की सांसद माथुर से मुलाकात

**जयपुर**। राज्यसभा सांसद डॉ किरोड़ी लाल मीणा इन दिनों प्रदेश की राजनीति में फिर सक्रिय नजर आ रहे हैं। मीणा रीट सहित युवाओं से जुड़े कई मुद्दों को लेकर सड़क पर उतरकर संघर्ष कर रहे हैं। इन दिनों उनका पुराने नेताओं से मेल मिलाप चल रहा है। बुधवार को राज्यसभा सांसद और पुराने मित्र ओम माथुर से मुलाकात की। दोनों के बीच प्रदेश की राजनीति को लेकर लंबी मंत्रणा हुई। आखिर इन मुलाकातों के बीच क्या सियासत चल रही है। इसकी चर्चा अक्सर सुनने को मिल रही है।

कार्यकर्ताओं और नेताओं में चर्चा है कि पहले किरोड़ी, घनश्याम तिवाड़ी से और अब ओम माथुर से मुलाकात कर आखिर क्या चर्चाएं कर रहे हैं। क्या से मुलकाते आने वाले दिनों में प्रदेश की भाजपा की राजनीति पर असर डालेगी। आखिर किरोड़ी लगातार नेताओं से मिलकर चर्चाएं कर रहे हैं, ये सब कुछ फिलहाल एक गुप्त रहस्य है। गौरतलब है कि कुछ दिनों पहले उन्होंने कद्दावर भाजपा नेता घनश्याम तिवाड़ी से उनके आवास पर जाकर मुलाकात की थी। घनश्याम तिवाड़ी की बात की जाए तो वो एक बार फिर अपने क्षेत्र सांगानेर में सक्रिय नजर आ रहे हैं। पुराने कार्यकर्ताओं और नजदीकियों से मुलाकात का दौर जारी है। ताकि विधानसभा चुनाव से पहले धरातल को मजबूत किया जा सके। तिवाड़ी से किरोड़ी ही नहीं पिछले दिनों राज्यसभा सांसद ओम प्रकाश माथुर और प्रभारी अरुण सिंह ने भी मुलाकात की थी। 2018 के विधानसभा चुनाव में घनश्याम तिवाड़ी ने भाजपा क दामन छोड़कर भारत वाहिनी पार्टी बना ली थी। वहीं किरोड़ी भी भाजपा से अलग होकर राजपा से चुनाव लड़ा था।

# दिलावर ने कांग्रेस विधायकों के लिये कहा ये हैं भारत माता के कपूत बेटे

- बजट अभिभाषण पर बहसे के दौरान वृद्धाश्रम में फैली अव्यवस्था के लिये दिया बयान

**जयपुर**, (वि.सं.)। विधानसभा में भाजपा विधायक मदन दिलावर ने बजट अभिभाषण पर बहस के दौरान बुधवार को वृद्धाश्रम में फैली सरकारी अव्यवस्थाओं के लिए सत्ता पक्ष के विधायकों को बुजुर्गों का दुश्मन और भारत माता का कपूत बेटा बता दिया। इस पर शिक्षा मंत्री बीडी कल्ला सहित कांग्रेसी नेताओं ने विरोध किया।

हालांकि विरोध के बाद सदन की कार्यवाही से इस विवादित बोल को विलोपित किया जाने की बात कहते हुए सभापति राजेंद्र पारीक ने सबको शांत कराया लेकिन मदन दिलावर के विवादित बोल जारी रहे। दिलावर ने कहा कि यह लोग भारत माता की जय नहीं बोलते। यह भारत माता के कपूत बेटे हैं। हालांकि शिक्षा मंत्री डॉ बीडी कल्ला ने इस दौरान आपत्ति जताते हुए कहा कि हम सभी लोग माता-पिता का सम्मान करने वाले लोग हैं।

दिलावर ने कहा कि सरकार में अनुदानित छात्रावास में भोजन की अलग मात्रा और सरकारी छात्रावास में भोजन की अलग मात्रा दी जा रही है। सरकार ने यह मानस बना लिया है कि अनुदानित छात्रावासों में छात्रों को कम भोजन दिया जाए। हालांकि इस दौरान आसन ने मदन दिलावर को बैठने को कहा प्रतिपक्ष के उपनेता राजेन्द्र राठौड़ ने इस पर आपत्ति जताई और कहा कि सदन में भाजपा के ओर से बोलने वाले यह पहले वक्ता हैं इसलिए इन्हें ज्यादा समय दिया जाए।

दिलावर ने कहा कि इस सरकार ने जगह-जगह शराब की दुकान खोल दी। आज ग्रामीण इलाकों में मंदिर और स्कूलों की दीवारों के सहारे शराब की दुकानें खोली गई हैं। वहीं अनुसूचित जाति और जनजाति क्षेत्रों में तो शराब की दुकानों की बाढ़ आ गई है। दिलावर ने इस दौरान प्रदेश सरकार पर पुरानी घोषणाओं के अधूरे रहने का आरोप भी लगाया और यह भी कह दिया कि जो लोक लुभावनी घोषणाएं बजट में की गई हैं, उनका हाल भी टांय-टांय फिस्स ही होने वाला है।

# प्रदेश में कुल 174 नए करोना संक्रमित मिले बुधवार को

## राज्य के 11 जिलों में कोई भी नया संक्रमित नहीं मिला है

- राजधानी जयपुर में थोड़ी कमी के बाद 60 नए रोगी पाए गए हैं।
- हालाकि, प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में करोना से 2 लोगों की मौत हो गई है।

**-कार्यालय संवाददाता-**

**जयपुर**। प्रदेश में करोना संक्रमण के नए मामले दो सौ से नीचे आ गए है। बुधवार को राज्य में और गिरावट के बाद 174 नए संक्रमित मिले हैं। वहीं करीब सात सौ और मरीज ठीक भी हुए हैं। हालाकि इस बीच राज्य में करोना से 2 लोगों की मौत हो गई है।

प्रदेश में बुधवार को 22 जिलों में 174 नए संक्रमित मिले हैं। इससे पहले मंगलवार को राज्य में 318 रोगी पाए गए थे। इधर आज 11 जिलों बारां, बूंदी, धौलपुर, डूंगरपुर, गंगानगर, जैसलमेर, पाली, प्रतापगढ़, सवाई माधोपुर, सीकर और टोंक में संक्रमण का कोई भी नया मामला सामने नहीं आया है। राजधानी जयपुर में नए संक्रमितों की संख्या भी घटकर सौ से नीचे आ गई है। जिले पिछले चौबीस घंटों में केवल 60 ही नए संक्रमित पाए गए हैं। इसके अलावा जोधपुर 19 और बांसवाड़ा में 17, झुंझुनूं, नागौर व उदयपुर में 8-8, जालौर में 7, दौसा, झालावाड़, करौली व राजसमंद में 5-5, अजमेर, अलवर, भीलवाड़ा में 4-4, सिरोही, कोटा व बीकानेर में 3-3, चूरू में 2 तथा बाड़मेर, भरतपुर, चित्तौड़गढ़ और हनुमानगढ़ में 1-1 नया संक्रमित मिला है। इस बीच राज्य में 693 और मरीजों के ठीक होने के साथ ही रिकवरी रेट बढ़कर 98.97 फीसदी हो गई है। प्रदेश में नए संक्रमितों से अधिक रिकवरी होने से एक्टिव केस घटकर 3525 रह गए हैं। इनमें 1461 मामले जयपुर में हैं। बाकी अन्य जिलों में तीन सौ से भी कम मरीजों का इलाज चल रहा है। प्रदेश में बुधवार को दो दिन बाद फिर करोना से 2 और लोगों की मौत हो गई है। इनमें जयपुर और झुंझुनूं में 1-1 मौत हुई है। राज्य में अब तक इस बीमारी से 9539 लोगों की मृत्यु हो चुकी है।


राजधानी जयपुर में करोना संक्रमण का दायरा भी घटता जा रहा है। बुधवार को यहां 24 स्थानों पर नए संक्रमित मिले। इनमें सबसे ज्यादा 5-5 मामले जवाहरलाल नेहरू मार्ग और मालवीय नगर में मिले हैं।

इसके अलावा सी-स्कीम, दुर्गापुरा, जगतपुरा और सांगानेर में 4-4, गोपालपुरा और खातीपुरा में 3-3, दूदू, जामडोली, झालाना, कोटपुतली, प्रताप नगर, सोडाला, तिलक नगर और टोंक रोड इलाके में 2-2 तथा अजमेर रोड, आमेर, बगरू, कालवाड, महेश नगर, मानसरोवर तथा झोटवाड़ा में 1-1 नया संक्रमित मिला है। जिले में पिछले चौबीस घंटों में 202 मरीज ठीक हुए हैं।

# दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त को सजा

**जयपुर**। शहर के पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत क्रम- दो महानगर प्रथम ने युवती को बंधक बनाकर उसके साथ कई बार दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त संचित नागपाल को 10 साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने अभियुक्त पर 50 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। अभियोजन पक्ष की ओर से अदालत को बताया गया की पीड़िता के पड़ोस में रहने वाला अभियुक्त उसे 2 नवंबर 2018 को बहला-फुसलाकर ले गया था। घटना के बाद 4 नवंबर को पीड़िता के पिता ने शहर के प्रतापनगर थाने में युवक के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। अभियुक्त पीड़िता को अपने साथ यूपी ले गया, जहां उसे करीब 4 माह तक बंधक बनाकर कई बार दुष्कर्म किया।


**नम्बर मिलाइए 9587884433**



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


# कृषि बजट में कर्जामाफी और न्यूनतम समर्थन मूल्य पर चर्चा नहीं होने से किसानों में आक्रोश : रामपाल जाट




**किसान महापंचायत के बैनर तले प्रदेशभर से जयपुर आये किसानों ने बाइस गोदाम पर धरना दिया।**

- न्यूनतम समर्थन मूल्य, गौण मंडी बनाने, पारदर्शी खरीद, सिंचाई व्यवस्था और खेती-बाड़ी की ज़मीन को अधिग्रहण से मुक्त करने की मांग उठाई

**जयपुर**, (कासं)। किसान महापंचायत के बैनर तले प्रदेशभर से आए सैकड़ों किसानों ने विधानसभा का घेराव किया। न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानून बनाने, प्रत्येक ग्राम सेवा सहकारी समितियों पर स्थाई खरीद केंद्र बनानें के लिए गौण मंडी विकसित करने, खरीद व्यवस्था को पारदर्शी बनाने, सिंचाई व्यवस्था में हर खेत को पानी देने एवं टोंक जिले के सेवारामपुरा जैसी भूमियों को तीन साल से अधिक कार्य आरम्भ नहीं होने के आधार पर खेती-बाड़ी की ज़मीन को अधिग्रहण से मुक्त करने जैसी मांगो का 18 सूत्री ज्ञापन तैयार कर सुनाया गया, जिसे सभी किसानों ने अपना समर्थन दिया।उसके बाद मुख्यमंत्री कार्यालय में जाकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा जिसे लेकर मुख्यमंत्री के विशेष अधिकारी जी.एस.यादव ने किसानों को आश्वस्त किया कि इस ज्ञापन को आज की तारीख में मुख्यमंत्री को सौंप कर उनके निर्देशों से अवगत करा दिया जायेगा। ज्ञात रहे कि किसान महापंचायत पिछले कई वर्षों से इन मांगों पर अनुनय-विनय करतीं आ रही है। इसी कारण इन 18 सूत्री मांगों पर बिन्दुवार वार्ता का समय चाहा गया हैं।

इस घेराव कार्यक्रम की सभा को प्रो.गोपाल मोदानी, प्रदेश महामंत्री जगदीश नारायण चौधरी, प्रदेश मंत्री जगदीश जांगिड़, बत्ती लाल बैरवा, रतन खोखर, जिला अध्यक्षो में अजमेर-बालूराम भींचर, बारां-प्रताप शर्मा, बूंदी-तुलसीराम सैनी, जयपुर-रामधन गुर्जर, बूंदी-जिला महामंत्री कजोड़मल धाकड़, दूदू तहसील अध्यक्ष, बलदेव महरिया, नानकराम खटीक आदि ने सम्बोधित करते हुए किसानों को संगठित रहते हुए अपने अधिकारों के लिये संघर्ष की आवश्यकता प्रतिपादित की। इस कार्यक्रम में जयपुर जिला महामंत्री नन्दलाल मीणा का हल आकर्षण का केंद्र बना रहा एवं 80 वर्ष से अधिक आयु के घासीराम फगोडिया सफेद साफा पहन कर आये। पहली बार टोंक जिला के सेवारामपूरा गाव के किसान अपनी कृषि भूमी को अधिग्रहण से मुक्त कराने के लिये आये जिनका दर्द उनके चेहरो पर झलक रहा था। प्रतिनिधि मंडल में किसान महापंचायत राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट, संयोजक सत्यनारायण सिंह, प्रदेश अध्यक्ष मुसद्दी लाल यादव, प्रदेश महामंत्री सुंदरलाल भावरिया, युवा प्रदेशाध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद चौधरी शामिल रहे।

# ओ.पी.बैरवा और महेन्द्र खड़गावत आईएएस बने

**जयपुर** (कासं)। केन्द्र सरकार ने राजस्थान के दो वरिष्ठ अधिकारियों ओ.पी.बैरवा और महेन्द्र खडगावत को आईएएस बनाया है। यह दोनों ही अधिकारी अन्य सेवाओं (प्रशासनिक सेवा के अलावा दूसरे विभाग) से जुड़े है। हाल ही में यूपीएससी चयन समिति की बैठ3क दिल्ली में हुई थी। जहां पर सांख्यकी विभाग के डायरेक्टर ओ.पी.बैरवा और अभिलेखा विभाग बीकानेर के डायरेक्टर महेन्द्र खडगावत का नाम आईएएस के लिए चयन किया गया। इसके बाद बुधवार को आईएएस बनने वाले दोनों अधिकारियों के नाम जारी कर दिए गए।



**महेन्द्र खड़गावत**

ज्ञात रहे कि अभिलेखा विभाग बीकानेर के डायरेक्टर महेंद्र खडगावत को दो बार राज्य स्तरीय पुरस्कार मिल चुके है। इन्होंने डेढ़ करोड़ से ज्यादा राजपूताना रियासतों के ऐतिहासिक और प्रशासनिक दस्तावेजों को सरकारी वेबसाइट पर डिजिटल रूप में संग्रहित करने में अहम भूमिका निभाई है। इन्होंने वर्ष 1953 से पहले के 18 लाख पट्टे और जमीनों के कागजातों को भी डिजिटल रूप में संग्रहित किया। जबकि 34 लाख ऐतिहासिक व प्रशासनिक दस्तावेजों को माइक्रोफिल्म का रूप दिया, ऐसे ही 25 लाख और दस्तावेज प्रक्रियाधीन है। महेन्द्र खडगावट की इन उपलब्धियों को देखते हुए पेन्सेल्विया यूनिवर्सिटी ने वर्ष 2017 में तथा यूनिवर्सिटी ऑफ एक्सेटर एंड ब्रिटिश लाइब्रेरी ने वर्ष 2018 में आमंत्रित किया था।

# अध्यक्ष ने दो सवाल स्थगित किए

**जयपुर**, (वि.सं.)। विधानसभा में आज दो सवाल ऐसे भी रहे जिन्हें अध्यक्ष सीपी जोशी ने ही स्थगित कर दिया। इनमें से एक सवाल पाली जिले में स्वयं सहायता समूह को दी गई राशि और बकाया राशि के भुगतान से संबंधित था।

इस पर मंत्री ममता भूपेश ने जवाब दिया तो विधायक ज्ञानचंद पारख ने कहा कि इस सवाल का जवाब गलत है। इस पर स्पीकर सीपी जोशी ने सवाल यह कहते हुए स्थगित कर दिया कि इस सवाल को दोबारा दूसरे तरीके से रखा जाए। तब तक इस सवाल को स्थगित किया जाता है। वहीं विधायक वासुदेव देवनानी के महात्मा गांधी आदर्श गांव के तहत चयनित गांव को 5 साल में नशा मुक्त करने के लक्ष्य को लेकर भी सवाल लगाया गया था। स्पीकर जोशी ने अपने विवेक का इस्तेमाल कर इसे स्थगित कर दिया। हालांकि इस पर वासुदेव देवनानी ने ऑब्जेक्शन भी किया लेकिन स्पीकर ने कहा कि यह मेरा विवेकाधिकार है कि मैं किस सवाल को स्थगित करूं और किसे नहीं।


**तीये की बैठक**



अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूजनीय पिताजी

**श्री अमर सिंह चौहान**

का देहावसान दिनांक 01.03.2022 को जयपुर में हो गया है। तीये की बैठक गुरुवार दिनांक 03.03.2022 को दोपहर 3:00 से 4:00 बजे निवास स्थान B-206, वैशाली स्टेट जयपुर पर होगी।

**शोकाकुल**- समस्त चौहान परिवार, धवन परिवार व कच्छावा परिवार।

9828788848, 7737697994

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना नाम कुमावत आरव पुत्र गंगाराम से बदलकर आरव कुमावत पुत्र गंगाराम कुमावत रख लिया है। निवासी दम्बीवालों की ढाणी, मंडा भीमसिंह, किशनगढ, रेनवाल, जयपुर, जरिये शपथपत्र 02.03.2022 जयपुर

**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर**

क्रमांक:15631 **जाहिर आम-सूचना** दिनांक:21.02.2022

राजस्थान आवासन मण्डल की मुख्यमंत्री जन आवास योजना, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर में वरियता क्रमांक P-17/G-V/EWS/HPS/SEC-28/2020 प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर का आवंटन श्री कमलेश कुमार मीना पुत्र श्री फूल चन्द मीना को किया जाकर आरक्षण पत्र 3779 दिनांक 02.07.2021 के द्वारा जारी किया गया था। श्री कमलेश कुमार मीना की मृत्यु दिनांक 09.05.2021 को हो जाने के कारण अपनी माता जी श्रीमती हाबुडी देवी पत्नी श्री फूल चन्द मीना द्वारा उक्त पंजीकरण को अपने नाम हस्तान्तरण करने हेतु आवेदन किया गया है। अतः उक्त पंजीकरण के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ती हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं हैं, श्रीमती हाबुडी देवी पत्नी श्री फूल चन्द मीना का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।

**भवदीय, सम्पदा प्रबन्धक वृत्त-प्रथम, राज. आवा. मण्डल, जयपुर**

**खोया पाया**

मेरे प्लाट नं. डी-60, इन्दिरा विकास गृह निर्माण सहकारी समिति लिमिटेड रजिस्ट्रेशन नं. 86/एल.सी. द्वारा जारी पट्टा, साईट प्लान, रसीद दिनांक 28.02.2022 को फोटोकॉपी करवाकर घर आते समय रास्ते में कहीं गुम हो गए। मिले तो सूचित करें-मल्लो देवी R/o 3, वाल्मिकी कॉलोनी, चौगान स्टेडियम, जयपुर

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्लॉट नं. डी.-110, अम्बाबाडी, जयपुर का असल आवंटन पत्र दिनांक 28-07-1976 एवं कब्जा पत्र दिनांक 02-08-1976 जो कि श्री मेजर भानी सिंह के हक में नगर विकासन्यास, द्वारा जारी किये गये थे, वे कहीं गिर कर गुम हो गये है, उपरोक्त सम्पत्ति बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा आई. आई बी., जयपुर में श्री ले. क. भानी सिंह द्वारा रहन रखा जाना प्रस्तावित है तथा उपरोक्त असल दस्तावेज के स्थान पर उसकी प्रति रहन रखी जा रही है, इसमें यदि किसी बैंक, व्यक्ति, वित्तीय संस्था या अन्य को ऐतराज है तो 5 दिवस में बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा आई. आई बी., सी स्कीम, जयपुर अथवा अधोहस्ताक्षरकर्ता को लिखित में सूचित करें अन्यथा बाद गुजरने मियाद किसी की भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी तथा जिसके लिये अधोहस्ताक्षरकर्ता अथवा उक्त बैंक जिम्मेवार नहीं होगा। सूचित रहे।

संजोग गुप्ता एडवोकेट
6/34, विद्याधर नगर, पुलिस थाने के पास, जयपुर मो.: 9414311888

**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य कमलेश कुमार पुत्र हरविलास जाति महाजन निवासी 65, सुभाष चौक, फुलेरा, राजस्थान की पुत्री कुमारी अन्तिमा गर्ग उसके अनुशासन व नियंत्रण में नहीं है तथा सामाजिक व पारिवारिक मर्यादा के अनुसार कृत्य व व्यवहार नहीं कर रही है एवं अपनी मनमर्जी से जीवन यापन कर रही है, जिससे मेरे अभिभाष्य व उसके परिवारजन की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची है तथा कुमारी अन्तिमा गर्ग ने मेरे अभिभाष्य की इच्छा के विरूद्ध एलआईसी की राशि का भुगतान निकाल लिया है तथा लापता हो गयी है, जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट मेरे अभिभाष्य ने बहरोड थाने में दर्ज करवा दी है। इसलिये मेरा अभिभाष्य पुत्री अन्तिमा गर्ग को उसके नाजायज व्यवहार एवं लगातार किये जा रहे मनमाने कृत्यों से परेशान होकर अपनी स्वअर्जित चल व अचल सम्पत्ति से पुत्री अन्तिमा गर्ग को उसके समस्त अधिकारों से वंचित/बेदखल करता है तथा सामाजिक रूप से भी पुत्री अन्तिमा गर्ग को उसके परिवार से अलग समझा जावे। मेरे अभिभाष्य की पुत्री अन्तिमा गर्ग मेरे अभिभाष्य की प्रतिष्ठा के आधार पर किसी भी व्यक्ति से कोई लेनदेन करती है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी पुत्री अन्तिमा गर्ग की स्वयं की होगी। सूचित रहे। भवदीय-शेख शमीमुलहक, एडवोकेट, न्यायालय परिसर सांभरलेक, जिला जयपुर राज. मो. 9214373786

**न्यायालय अतिरिक्त सिविल जज क्रम-3, जयपुर महानगर, द्वितीय**

सिविल वाद संख्या-03/2022

**माली देवी व अन्य बनाम राजस्थान राज्य सरकार व अन्य**

**दावा बाबत घोषणा**

लक्ष्मीनारायण पुत्र प्रभाती, हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थीगण। श्रीमती माली देवी पत्नी श्री लक्ष्मीनारायण, राकेश पुत्र श्री लक्ष्मीनारायण, कोमल पुत्री श्री लक्ष्मीनारायण निवासीगण-ग्राम फतेहपुरा तहसील चौमू, जिला जयपुर, राजस्थान हाल निवासी 2/427, सेक्टर नम्बर 2, विद्याधर नगर थाने के सामने, जयपुर राजस्थान ने इस न्यायालय में वाद पत्र पेश कर प्रार्थना की है कि लक्ष्मीनारायण पुत्र प्रभाती की सिविल मृत्यु हो चुकी है, कि घोषणा जारी की जावें। उक्त वाद पत्र की स्वीकृति में यदि किसी को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस न्यायालय में दिनांक 29.3.22 के समय 10.30 बजे उपस्थित होकर अपनी आपत्ति पेश करें। बाद गुजरने तारीख पेशी 29.3.22 किसी तरह की आपत्ति मान्य नहीं होगी।

आज दिनांक 28 माह 02 सन 2022 को मेरे हस्ताक्षर व मुद्रा न्यायालय से जारी किया गया।

मोहर अदालत

**सिविल न्यायाधीश एवं महानगर मजिस्ट्रेट संख्या-03, जयपुर महानगर द्वितीय**

**हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड**
(महारत्न कंपनी)
**ल्यूब वितरक(कों) की नियुक्ति**

हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड एक महारत्न केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम है और यह देश का सबसे बड़ा ल्यूब विक्रेता है। यह भारत की सबसे बड़ी ल्यूब बेस ऑयल रिफाइनरी का स्वामित्व रखता है और इसका संचालन करता है। एचपीसीएल में लोकप्रिय लुब्रिकेंट्स अर्थात मिल्सी, रेसर, लाल घोड़ा, एनको, गियर ड्राइव और नियोसिंथ की एक विस्तृत श्रृंखला है। एचपीसीएल निम्नलिखित रूप में विभिन्न स्थानों पर बाजार मार्केट में एचपी लुब्रिकेंट्स और ग्रीस बेचने के लिए ल्यूब वितरकों की नियुक्ति करना चाहता है:

| राज्य/ केन्द्र शासित प्रदेश | बेस लोकेशन | बेस लोकेशन का राजस्व जिला | प्रति माह अपेक्षित मात्रा* (KL) | संचालन का क्षेत्र | एचपीसीएल क्षेत्रीय कार्यालय का पता | कोई प्रश्न हो तो कृपया हमारे निम्नलिखित अधिकारियों से संपर्क करें (स्थान के अनुसार) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | डूंगरपुर | डूंगरपुर | 30 | डूंगरपुर | एचपीसीएल ल्यूब क्षेत्रीय कार्यालय, तेल भवन, सहकार मार्ग, ज्योति नगर, जयपुर - 302005 | स. बिक्री प्रबंधक-बाजार ल्यूब:- विवेक कुमार मीणा मो. 8380096646 vivekkumar.meena@hpcl.in<br>मुख्य प्रबंधक-ल्यूब:- विमल शर्मा मो. 9414063820 vimalsharma@hpcl.in |

*अपेक्षित मात्रा संबंधित स्थान के लिए वितरक से हमारी न्यूनतम अपेक्षा है।

पात्रता मानदंड, वित्तीय, इंफ्रास्ट्रक्चर, अन्य आवश्यकताएं और आवेदन करने के तरीके के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया हमारी वेबसाइट: https://www.hplubricants.in पर जाएँ। उसी वेबसाइट पर अपलोड किए गए ल्यूब वितरक चयन दिशानिर्देशों को ही दिशानिर्देशों के संबंधित विवरण के लिए संदर्भित किया जाना चाहिए।

**कोई आवेदन शुल्क नहीं है। आवेदन उपरोक्त वेबसाइट में केवल ऑनलाइन मोड में किया जाना है। सभी प्रकार से पूर्ण किए गए आवेदन और सभी संलग्नक दिनांक 23 मार्च 2022 (आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि) को 23:59 बजे से पहले वेबसाइट पर प्रस्तुत किए जाने चाहिए।**

यदि आपको किसी और स्पष्टीकरण की आवश्यकता है, तो कृपया आवेदन की अंतिम तिथि तक उपरोक्त सूची में कथित विवरण के अनुसार हमारे अधिकारियों से संपर्क करें।

INDIA'S LARGEST LUBE MARKETER

/hpcl | /hpcl | /hpcl www.hindustanpetroleum.com | Wear reusable face cover or mask | Wash hands frequently and thoroughly | 2 Gaj ki Doori | Maintain physical distance

# भारतीय छात्रों को लेकर हंगरी बॉर्डर से बूडापोस्ट के लिए रवाना हुई ट्रेन

## जहां से वे प्लेन में सवार होकर भारत के लिए रवाना होंगे

■ 1300 भारतीय विद्यार्थी स्पेशल ट्रेन से रवाना होकर बुधवार को हंगरी के बॉर्डर पर पहुंचे

**निवाई, (निसं)।** युद्ध ग्रस्त यूक्रेन में फंसे हुए निवाई क्षेत्र के दो छात्रों सहित 1300 भारतीय विद्यार्थी यूक्रेन से स्पेशल ट्रेन से रवाना होकर बुधवार की सुबह हंगरी के बोर्डर पर पहुंच गए हैं। यूक्रेन में एमबीबीएस कर रहे रजवास निवासी वेदप्रकाश शर्मा के पिता पूर्व उप सरपंच रामलाल शर्मा ने बताया कि 1300 भारतीय विद्यार्थियों को लेकर ट्रेन हंगरी के लिए सोमवार की देर रात रवाना हुई थी जो बुधवार की सुबह हंगरी के बोर्डर पर पहुंच गई।

उन्होंने बताया कि दोपहर करीब 11 बजे सभी छात्र ट्रेन से बूडापोस्ट के लिए रवाना हो गए थे जहां से प्लेन में सवार होकर भारत के लिए रवाना होंगें। छात्र शशांक गौतम के पिता डॉ. देवेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि दोनों बच्चों ने उन्हें बताया कि ट्रेन में शाम का खाना मिल गया था। उन्होंने बताया कि बूडापोस्ट के लिए रवाना होने के बाद सम्पर्क नहीं हो पा रहा है।

# यूक्रेन में फंसी छात्रा के परिजनों से मिले कलेक्टर



यूक्रेन में फंसी छात्रा के परिजन से जिला कलक्टर कमर चौधरी ने मुलाकात की।

■ छात्रा को शीघ्र वापिस दौसा लाने का भरोसा दिलाया

**दौसा, (निसं)।** यूक्रेन में फंसे दौसा एवं अन्य जिलों के छात्रों को सकुशल वापस लाने के लिये राज्य सरकार द्वारा हरसंभव प्रयास किये जा रहे हैं। राज्य सरकार के निर्देशानुसार बुधवार को जिला कलेक्टर कमर चौधरी ने यूक्रेन में फंसी मंडी रोड पीएनबी चौराहा निवासी छात्रा ज्योति तंवर पुत्री चन्द्रशेखर के परिजनों से मिलकर छात्रा को शीघ्र वापिस दौसा लाने का भरोसा दिलाया।

छात्रा के घर पर उसके ताउ भगवान सहाय सैनी, छात्रा की मां धर्मलता सैनी से वार्ता कर जिला कलेक्टर ने वापस लाने के लिये सरकार द्वारा किये जा रहे प्रयासों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने परिजनों से कहा कि ज्योंही ज्योति से बात हो तो उसकी लोकेशन से जिला प्रशासन को अवगत कराना तथा यह भी जानकारी लेना कि उसके साथ राजस्थान के कितने छात्र हैं जो फंसे हुये हैं। उनके बारे में भी जानकारी लेना, ताकि उनको भी सकुशल घर लाने के प्रयास किये जा सकें।

जिला कलेक्टर ने कहा कि जिन लोगों को यूक्रेन में फंसे छात्र-छात्राओं के बारे कोई भी जानकारी हो तो जिला प्रशासन को बतायें ताकि उनको सकुशल वापस लाने के लिये राज्य सरकार के माध्यम से प्रयास किये जा सकें।

# थानागाजी एसडीएम ने विदेश में रह रहे छात्रों से दूरभाष पर बात की

**थानागाजी, (निसं)।** इन दिनों यूक्रेन व रूस के मध्य चल रहे यूद्ध की दुनियाभर में चर्चा का विषय बना हुआ है अपने नागरिकों की सुरक्षा को मध्य नजर रखते हुए उपखंड अधिकारी डॉ. नवनीत कुमार ने उपखंड क्षेत्र के छात्र जो दोनों देशों की सीमाओं से सटे देशों में रहकर पढ़ाई कर रहे हैं उन से उपखंड अधिकारी ने दूरभाष पर बात कर कुशलक्षेम जानीं। साथ ही किसी भी तरह की समस्या के लिए सूचना देने के लिए निजी नंबर देकर हर वक्त मदद के लिए सहयोग करने का भरोसा दिलाया।

# दौसा में यूक्रेन में फंसे छात्रों के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

**दौसा, (निसं)।** जिला मजिस्ट्रेट एवं जिला कलेक्टर कमर चौधरी द्वारा यूक्रेन में फंसे छात्र, नागरिकों के संबंध में आवश्यक सूचनाओं का आदान-प्रदान करने की कार्यवाही संपादित करने हेतु जिला मुख्यालय पर कलेक्ट्रेट भवन के कमरा नं. 204 में आगामी आदेशों तक कंट्रोल रूम स्थापित किये जाने के निर्देश दिये हैं।

स्थापित कंट्रोल रूम के दूरभाष नम्बर 01427-224903 हैं। वहीं जिला रोजगार अधिकारी जगदीश निर्वाण को कन्ट्रोल रूम का प्रभारी अधिकारी बनाया गया है। जिनके मोबाइल नम्बर 9414443869 हैं। जिला कलेक्टर कमर चौधरी ने बताया कि कन्ट्रोल रूम दो पारियों में संचालित होगा। जिसमें सूचनाओं के आदान प्रदान के लिये कार्मिक नियुक्त किये गये हैं। इसमें प्रथम पारी प्रातः 8 बजे से सांय 4 बजे तक में भरत लाल मीना सूचना सहायक डीओआईटी राजीव गांधी सेवा केन्द्र कलेक्ट्रेट दौसा, अरूण शर्मा वरि. सहायक संस्थापन शाखा दौसा को कार्मिक नियुक्त किया है। जिनके मोबाइल नम्बर 9680528585 हैं।

द्वितीय पारी सांय 4 बजे से रात्रि 8 बजे तक में रवि महावर सूचना सहायक राजीव गांधी सेवा केन्द्र कलेक्ट्रेट दौसा को तथा जयप्रकाश मीना क. सहायक कार्यालय उपखण्ड अधिकारी दौसा को नियुक्त किया गया है।

# नागौर नगरपरिषद के ऑडिटर व जेईएन सवा लाख की रिश्वत लेते गिरफ्तार

## ठेकेदार की सिक्योरिटी राशि लौटाने और बिल पेमेंट के लिए मांगी थी रिश्वत



नागौर एसीबी की टीम ने रिश्वत के आरोपियों को गिरफ्तार किया।

**नागौर, (निसं)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो नागौर ने बुधवार को नागौर नगरपरिषद में शहरी जलप्रदाय योजना के तहत कार्यरत ऑडिटर नंद किशोर भाटी व जेईएन माणकचंद सांखला को एक लाख 25 हजार 400 रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। नागौर एसीबी निरीक्षक मोहन सिंह ने बताया कि परिवादी ठेकेदार की शिकायत पर कार्रवाई की गई है। ठेकेदार फर्म की सिक्युरिटी डिपॉजिट के करीब 7 लाख रुपए बकाया थे। वहीं एक वर्तमान बिल का भुगतान भी बकाया था।

ठेकेदार फर्म की सिक्योरिटी डिपॉजिट के करीब 7 लाख रुपए बकाया का भुगतान करने के लिए जेईएन माणकचंद सांखला ने 50 फीसदी के हिसाब से रिश्वत की मांग की थी। वहीं वर्तमान बिल का भुगतान करने के लिए ऑडिटर नन्द किशोर भाटी ने 25 हजार 400 रुपये की रिश्वत मांगी थी।

एसीबी के महानिदेशक बीएल सोनी व अतिरिक्त महानिदेशक दिनेश एमएन के निर्देशन में नागौर एसीबी निरीक्षक मोहन सिंह ने बुधवार को ट्रेप कार्रवाई कर ऑडिटर नन्द किशोर भाटी को नागौर नगरपरिषद ऑफिस में परिवादी से खुद के लिए 25 हजार 400 रुपये व माणकचंद सांखला के लिए एक लाख रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया है।

गिरफ्तार किये गए दोनों कार्मिकों के पास एडिशनल चार्ज थे। नागौर नगरपरिषद में शहरी जलप्रदाय योजना के तहत माणकचंद सांखला फोरमैन के पद पर कार्यरत है और उनके पास एडिशनल चार्ज था। वहीं नन्द किशोर भाटी स्टोर मुन्शी पद पर कार्यरत है और उनके पास ऑडिटर का एडिशनल चार्ज भी था।

## इग्नू की परीक्षाऐं 4 मार्च से प्रारम्भ

**कोटा, (निसं)।** इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्व विद्यालय, नई दिल्ली की संत्रात परीक्षा जो दिसम्बर 2021 में होने वाली थी, वह अब 4 मार्च 2022 से प्रारम्भ हो रही है। इग्नू अध्ययन केन्द्र के समन्वयक डॉ. राज कुमार गर्ग ने बताया कि परीक्षा 11 अप्रेल तक दो पारियों में प्रातः 10 से दोपहर 1 बजे एवं दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे राजकीय कला महाविद्यालय, कोटा के परीक्षा केन्द्र पर आयोजित की जायेगी।

उन्होंने बताया कि परीक्षार्थियों को परीक्षा के लिए अपना हॉल टिकट एवं इग्नू का परिचय पत्र लाना अनिवार्य है। इग्नू के जनवरी 2022 सत्र हेतु नवीन प्रवेश व पुनः पंजीकरण करवाने के लिए तिथि बढ़ाकर 5 मार्च 2022 कर दी गई है। इच्छुक व पात्र विद्यार्थी प्रवेश भी ले सकते है।

# यूक्रेन से अजमेर के 35 छात्रों में से 17 घर पहुंचे

**अजमेर, (कासं)।** युक्रेन में अजमेर जिले के 35 विद्यार्थी थे। इनमें से 17 विद्यार्थियों को अपने घर पहुंचाया जा चुका है। अन्य छात्रों एवं उनके अभिभावकों से सम्पर्क कर घर वापसी सुनिश्चित की जा रही है। जिला कलैक्टर अंश दीप ने बताया कि यूक्रेन में अजमेर जिले के फंसे हुए 35 छात्रों को सकुशल घर लाने के लिए सरकार द्वारा प्रत्येक स्तर पर प्रयास किए गए है। इन प्रयासों के परिणाम से 17 विद्यार्थियों को सकुशल घर पहुंचाया जा चुका है। जिले के छात्रों एवं उनके परिजनों से विदेश मंत्रालय तथा भारतीय दूतावास के एडवाजरी की पालना करने की सलाह दी गई है।

उन्होंने बताया कि जिले के 27 अजमेर, 6 ब्यावर एवं 2 किशनगढ के थे। अब तक 17 विद्यार्थी अपने घर पहुंचे है। इनमें से 15 अजमेर के तथा 2 ब्यावर के है। वापसी से वंचित 18 विद्यार्थियों के अभिभावकों से प्रशासन लगातार सम्पर्क में है। उन्होंने बताया कि इस कार्य के लिए अतिरिक्त जिला कलैक्टर कैलाश चंद्र शर्मा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके साथ-साथ नियंत्रण कक्ष भी स्थापित किया गया है। विद्यार्थी एवं अभिभावक इसके दूरभाष नंबर 0145-2628932 पर सम्पर्क कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा स्थापित मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 181 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

# धमाके से सहमा बीकानेर

**बीकानेर, (कासं)।** शहर में बुधवार सुबह ठीक नौ बजे तेज धमाका हुआ। बीकानेर शहर से नाल गांव तक धमाका इतना जबर्दस्त था कि घरों में लगे खिड़की और दरवाजों में कंपन हुआ। माना जा रहा है कि फाइटर प्लेन का सुपर सॉनिक धमाका था, जो आमतौर पर फाइटर प्लेन के अभ्यास के दौरान हवा के दबाव के चलते होता है। कहीं से भी किसी तरह की अनहोनी की खबर नहीं है।

दो टुकड़े में हुए इस धमाके बाद बड़ी संख्या में लोग घरों की छत पर पहुंच गए। आशंका थी कि कहीं आस-पास कोई दीवार गिर गई है। आस-पास के लोगों से पूछताछ भी की गई, कोई सूचना नहीं मिली तो बड़ी संख्या में लोगों ने सोशल मीडिया पर पोस्ट डाल दी कि तेज धमाका हुआ है, कोई सूचना है तो बतावें।

इस बारे में नाल थानाधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि बीकानेर के साथ नाल तक इस तरह की आवाज आई है। नाल थाने की खिड़कियों में भी जबर्दस्त कंपन हुआ। नाल पुलिस ने एयरफोर्स से इस बारे में पूछताछ की तो वहां से ये पुष्टि हुई कि फाइटर प्लेन अभ्यास कर रहे हैं लेकिन उसके कारण धमाका हुआ या नहीं ये फाइटर प्लेन के नीचे उतरने पर ही स्पष्ट होगा। कुछ दिन पहले ही नोखा में भी इस तरह का तेज धमाका हुआ था, जिसका कारण सुपर सॉनिक ही था। जब भी कोई फाइटर प्लेन सामान्य स्पीड से सुपर सोनिक स्पीड में आता है तो तेज धमाका के साथ कंपन होता है। इस कंपन और धमाके को साउंड बैरियर कहा जाता है। यह सामान्य प्रक्रिया है और हर बार उड़ान के सुपर सोनिक स्पीड में जाते समय होता है।



धौलपुर। यूक्रेन और रूस के बीच चल रहे युद्ध के हालातों के बीच धौलपुर जिले के 9 छात्र फंस गए थे। जिनमें से 2 जनों की बुधवार को सुरक्षित घर वापसी हो गई है। जिससे परिजनों में खुशी है। वहीं धौलपुर जिला कलेक्टर राकेश कुमार जायसवाल ने इन छात्रों के घर पहुंच कर उनका हालचाल जाना और पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली।

# देर रात बदमाशों ने तीन होटलों में की फायरिंग

## होटल मालिकों से 50 हजार रुपये की रंगदारी मांगने का आरोप

**कोटपूतली, (निसं)।** कोटपूतली में इन दिनों लगातार हो रही आपराधिक घटनाओं से जहां आम जन सहमा हुआ है वहीं अपराधियों में पुलिस का भय नजर नहीं आ रहा है। जिसको लेकर लोगों में पुलिस के प्रति आक्रोश व्याप्त है। विगत देर रात कस्बे के दिल्ली जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित तीन होटलों पर हुई फायरिंग कि घटनाओं से पुलिस कि कार्यशैली पर नाकामी के सवालिया निशान उठना लाजमी है। हालांकि घटनाक्रम की सूचना पर पुलिस महकमे के आलाधिकारियों में हड़कम्प मच गया। आनन-फानन में पुलिस उच्च अधिकारियों ने दलबल के साथ घटना स्थलों का जायजा लेते हुए हर बार की तरह इस बार भी सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है।

इस संबंध में थाने में तीनों होटल मालिकों ने अलग-अलग मामले दर्ज करवाये है। पुलिस के अनुसार कंवरपुरा स्थित होटल कान्जी के मालिक बिन्टू पुत्र हरिसिंह यादव ने मामला दर्ज कराते हुए बताया है कि विगत देर रात करीब 9बजे वह अपने होटल के काउन्टर पर बैठा कार्य कर रहा था। इसी दौरान होटल में तीन नकाब पोस बदमाशों ने उस पर जानलेवा हमला करने के नियत से तीन राउंड फायर किये। आरोप है कि इस दौरान बदमाशों ने एक लिफाफा उसकी तरफ फेंका और कहा कि आगे अन्जाम के लिए तैयार रहना रिपोर्ट में बताया गया है कि उक्त लिफाफे पर 6161 ग्रुप लिखा हुआ था। जिसे खोल कर देखा तो लिखा मिला है कि प्रदीप रावत सुदरपुरा का हुं होटल चलाना है तो 50 हजार रूपये दो नहीं तो जान से हाथ धोना पडेग़ा।

लिफाफे में एक मोबाईल नं. भी लिखा मिला है। इसी तरह गोपालपुरा निवासी सिंगाराम पुत्र तेजाराम गुर्जर ने मामला दर्ज कराते हुए बताया है कि विगत रात्री करीब 9बजे उसके देवनारायण मन्दिर के पास स्थित सिंगा होटल पर गाड़ी वाले खाना खा रहे थे। इसी दौरान एक बाईक पर तीन बदमाश आये जिनमें से एक बदमाश बाईक स्टार्ट कर खड़ा रहा जबकी दो बदमाशों ने आकर एक पर्ची उसके काउन्टर पर फेंकी जिसके बाद बदमाशों ने पिस्तोल से फायर किया।

इसी तरह कस्बा स्थित होटल राधारानी के संचालक सुरेन्द्र पुत्र भिखाराम सैनी ने मामला दर्ज कराते हुए बताया कि विगत रात्री करीब 9बजे वह व उसका मैनेजर महिपाल दोनों रिसेप्सन काउन्टर पर बैठे थे। इसी दौरान दो नकाब पोस बदमाश होटल के अन्दर घुसे और काउन्टर पर एक कागज निकाल कर रख दिया आरोप है कि इस दौरान बदमाशों ने उन्हें 50 हजार रूपये मन्थली देने की धमकी देते हुए फायरिंग कर दी। जाते वक्त बदमाशों ने होटल के मैन गेट पर भी फायर किया है।

# हिरण शिकार प्रकरण में सुनवाई टली

**जोधपुर, (कासं)।** फिल्म अभिनेता सलमान खान से जुडे बहुचर्चित हिरण शिकार प्रकरण में बुधवार को राजस्थान हाईकोर्ट में सुनवाई नहीं हो पाई। सलमान ने सेशन कोर्ट में विचाराधीन अपील को हाईकोर्ट में ट्रांसफर करने की याचिका लगा रखी है। बुधवार को सरकारी वकील ने अपना पक्ष रखने के लिए समय मांगा इसके बाद सुनवाई टल गई। अब अगली सुनवाई 21 मार्च को होगी।

कांकाणी गांव की सरहद में दो काले हिरण का शिकार करने के मामले में सलमान खान को ट्रायल कोर्ट ने दोषी करार देते हुए पांच वर्ष की सजा सुना रखी है। आर्म्स एक्ट में सलमान को बरी कर दिया गया। पांच साल की सजा को सलमान ने सेशन कोर्ट में व आर्म्स एक्ट में सलमान को बरी किए जाने के खिलाफ राज्य सरकार ने अपील कर रखी है। काला हिरण शिकार प्रकरण में सैफ अली खान, नीलम, तब्बू व सोनाली को बरी करने के खिलाफ राज्य सरकार ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर रखी है।

इसे लेकर सलमान की तरफ से हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की गई थी कि तीनों मामले एक-दूसरे से जुडे हुए है। ऐसे में तीनों की सुनवाई एक साथ हाईकोर्ट में की जाए। इस मामले में आज सरकारी पक्ष पेश करने के लिए सरकारी वकील गौरव सिंह ने समय देने का आग्रह किया। वहीं सलमान के वकील हस्तीमल सारस्वत व रेखा सांखला ने इस मामले में पूर्व में हाईकोर्ट की तरफ से जारी स्थगन आदेश को जारी रखने का आग्रह किया गया। हाई कोर्ट के न्यायाधीश पुष्पेंद्रसिंह भाटी ने याचिका पर सुनवाई के लिए 21 मार्च की तारीख निश्चित करते हुए अपीलों की सुनवाई पर स्थगन जारी रखने के आदेश दिए।

# बीकानेर में हल्की बूंदाबांदी

■ लूणकरनसर के ग्रामीण एरिया में कहीं -कहीं हल्की रिमझिम हुई

**बीकानेर, (कासं)।** एक बार फिर पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से बीकानेर संभाग को बादलों ने घेर लिया है। खासकर बीकानेर शहर में बादलों की आवाजाही रही, शाम होते होते हल्की बूंदाबांदी हुई। ऐसे में आज न्यूनतम तापमान में फिर से गिरावट आने की उम्मीद की जा रही है। बीकानेर के अलावा जैसलमेर, नागौर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ , चूरू, सीकर, झुंझुनूं व आस-पास के जिलों में बारिश होने की उम्मीद की जा रही है। मंगलवार की रात बीकानेर में न्यूनतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच गया जो दो दिन पहले तक 12 डिग्री के आस-पास था। अब उम्मीद की जा रही है कि बुधवार की रात का तापमान कम रहेगा।

मौसम विभाग ने बुधवार सुबह ही चेतावनी दी थी कि बीकानेर में तीस से चालीस किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलेंगी, बारिश भी हो सकती है। शाम होते-होते बादलों ने बीकानेर का रुख कर लिया। यहां उमड़ घुमड़ करते हुए बादलों ने एक बार तो तेज बारिश जैसा मौसम बना दिया लेकिन कुछ देर की बूंदाबांदी के बाद बीकानेर में बरसे नहीं। हालांकि बीकानेर से लूणकरनसर की तरफ आने वाले ग्रामीण एरिया में कहीं -कहीं हल्की रिमझिम हुई है। लूणकरनसर में हवाओं की रफ्तार भी तेज रही और हल्की बूंदाबांदी भी हुई। अगर बारिश होने के बाद तेज हवाएं चलें तो फसलों को कम नुकसान होता है।

# काजरी में पी-1 पद के लिए परीक्षा: सुबह लाइट नहीं होने से देर से हुई ऑनलाइन परीक्षा

■ पहली व दूसरी पारी के परिक्षार्थी हुए आमने-सामने, पुलिस बुलाई

**जोधपुर, (कासं)।** शहर के बनाड़ रोड स्थित रमजान का हत्था के पास में इन दिनों काजरी के विभिन्न पदों के लिए परीक्षा का आयोजन चल रहा है। 4 मार्च को भी परीक्षा होनी है। आज काजरी की तरफ से पी-1 पद के लिए परीक्षा का आयोजन था। अलग अलग शिफ्ट में परीक्षा का आयोजन था। पहली शिफ्ट के विद्यार्थी परीक्षा नहीं दे पाए और दूसरी पारी के छात्र पहुंच गए। कभी लाइट को लेकर परेशानी बताई गई तो कभी अन्य कारण बता दिया गया। परीक्षार्थियों ने आहत होकर परीक्षास्थल के गेट पर जमकर हंगाम मचाया। गेट तोड़ कर अंदर तक आ गए। बाद में दोनों तरफ से परीक्षार्थी आमने -सामने हो गए। इससे स्थिति बिगड़ गई। इस बीच किसी ने पुलिस को सूचना दी। तब बनाड़ पुलिस वहां पहुंची। परीक्षार्थियों की तरफ से दोपहर तक हंगामा चलता रहा। फिलहाल

दरअसल काजरी की तरफ से विभिन्न पदों के लिए टेक्रिकल एवं कृषि विशेषज्ञ के लिए परीक्षा का आजोजन चल रहा है। बुधवार को पी-1 परीक्षा का आयोजन था। सुबह की शिफ्ट में काफी परीक्षार्थी अंदर थे। परीक्षा का सेंटर बनाड़ रोड स्थित रमजान का हत्था के पास में आया था। ऑनलाइन परीक्षा में सुबह लाइट नहीं थी। इस वजह से परीक्षा का आयोजन समय पर नहीं हो पाया। तब तक दूसरी शिफ्ट के छात्र भी पहुंच गए। पहली शिफ्ट वाले छात्र बाहर नहीं आए तब दूसरी शिफ्ट के लिए बाहर एकत्र हुए छात्रों ने हंगामा मचाना शुरू कर दिया। इससे वहां माहौल गर्मा गया और कुछ उत्साही छात्रों ने परीक्षास्थल का गेट ही तोड़ दिया और भीतर घुस गए। बाद में पुलिस वहां पहुंची और समझाइश कर छात्रों को शांत कराया।

## आसाराम का जेल में नाचने का वीडियो वायरल

**जोधपुर, (कासं)।** आसाराम का एक वीडियो शहर में आज वायरल होकर चर्चा का विषय बना हुआ है। इस विडियो में आसाराम भजन संध्या में झूमते नजर आ रहे हैं। साधक इस विडियो को देखकर खुश हो रहे हैं। दरअसल महाशिवरात्रि पर हर साल की तरह इस बार भी जेल में भजन संध्या का आयोजन किया गया था। आसाराम ने भक्ति संगीत की स्वरलहरियों को सुना तो खुद को रोक नहीं पाये और नाचने शुरू हो गए। किसी ने इसका वीडियो बना कर वायरल कर दिया। वायरल विडियो में आसाराम एकदम चुस्त दुरुस्त नजर आ रहे हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि वह बिल्कुल स्वस्थ है। इसी बात को लेकर साधकों में अपार हर्ष है। दरअसल कोरोनाकाल से आसाराम की तबीयत खराब होने के समाचार आते रहे है। कुछ महीने पहले ही यूरिन इंफेक्शन की शिकायत पर एम्स में भर्ती किया गया था। यहां उनका लंबे समय से इलाज चल रहा था। 10 दिन पहले ही आसाराम बापू को एम्स ले जाया गया और यूरिनल ट्ययूब को हटाया गया।

**15 से ज्यादा बार लगा चुके हैं जमानत याचिका:-** तबियत खराब का हवाला देते हुए आसाराम अभी तक 15 से ज्यादा बार लोअर कोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट में जमानत याचिका लगा चुका है। सुप्रीम कोर्ट ने जमानत याचिका खारिज कर दी थी जबकि हाईकोर्ट ने मेडिकल बोर्ड का गठन किया था। हालांकि बोर्ड की रिपोर्ट पर उसकी जमानत याचिका खारिज कर दी गई। करीब 5 महीने पहले गुजरात हाईकोर्ट में भी जमानत याचिका लगाई थी, लेकिन जोधपुर मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट पर खारिज कर दिया गया।

# दुनिया में कहीं भी भारतवासी कष्ट में आएंगे, मोदी सरकार साथ खड़ी होगी : शेखावत

## भारत लौटे 251 छात्रों का केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने बुधवार को आईजीआई एयरपोर्ट पर स्वागत किया

**जोधपुर, (कासं)।** युद्धग्रस्त यूक्रेन से सकुशल भारत लौटे 251 छात्रों का केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने बुधवार को आईजीआई एयरपोर्ट पर स्वागत किया। शेखावत ने कहा कि यह नरेंद्र मोदी जी की सरकार है, चाहे यूक्रेन हो या दुनिया में कहीं भी भारतवासी कष्ट में आएंगे, सरकार हमेशा उनके साथ में खड़ी होगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने पहले दिन से सुनिश्चित करने की कोशिश की कि हमारा एक भी व्यक्ति यूक्रेन में न फंसे।

हवाई जहाज में छात्रों के बीच पहुंचकर केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कहा कि आप में से बहुत सारे लोग ऐसे होंगे, जो इस हवाई जहाज में बैठने से पहले कई दिनों से सो नहीं पाए होंगे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आप जितनी तकलीफ में थे, जितना दुःख देख रहे थे, सो नहीं पा रहे थे और ठीक से खाना भी नहीं खा पा रहे थे, यहां हमारे प्रधानमंत्री, कैबिनेट मंत्री, अफसर और कर्मचारी भी दिन-रात जागकर आपकी चिंता कर रहे थे। आपके लिए काम कर रहे थे।

शेखावत ने कहा कि दुनिया के बहुत सारे देशों के लोग शायद अभी भी वहां फंसे होंगे, लेकिन हमारे लोग इस तरह से निकल रहे हैं, यह देखकर प्रसन्नता होती है। आज भी कई हवाई जहाज वहां से आने हैं और आने वाले दो-चार दिनों में बहुत सारे लोगों को वापस लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूर्वी यूक्रेन में जहां युद्ध चल रहा है, वहां अभी भी हमारे लोगों को सुरक्षित निकालने की कोशिशें की जा रही हैं। वहां से लोगों को निकालने में एक-दो दिन और लग सकते हैं।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत के लोग दुनिया में किसी भी जगह रह रहे हों, उनके मन में एक संतोष और आत्मविश्वास का भाव निश्चित रूप से जागता है, हम जहां कहीं भी हैं, भारतीय होने के नाते सुरक्षित हैं। शेखावत ने छात्रों को उनके अनुभवों पर एक-एक ब्लॉग लिखने का सुझाव भी दिया। केंद्रीय मंत्री ने छात्रों को वापस लाने के लिए एअर इंडिया और उसके स्टाफ का भी धन्यवाद किया।

इससे पहले भी दशकों तक देश में सरकारें रही हैं। दुनिया में इस तरह की परिस्थितियां पहले भी आई हैं। एक बार विपक्षी दलों को अपने गिरेबां में झांककर देखना चाहिए कि उस वक्त उनकी सरकारों ने किस स्तर पर प्रयास किया था। पूर्व विदेश मंत्री सुषमा स्वराज को याद करते हुए शेखावत ने कहा कि सुषमा जी ने ट्वीट लिखकर कहा था कि भारत का बेटा अगर चांद पर भी है तो मैं उसको सकुशल भारत की धरती पर वापस लाऊंगी। शेखावत ने कहा कि केवल आलोचनाएं करने से और आलोचना करके राजनीतिक जमीन तलाशने से नहीं होगा।

# 'आईफोन-13 के साथ फ्लैट और आईपैड वापस क्यों नहीं लौटाते भाजपा विधायक?'

## मुख्यमंत्री के सलाहकार दानिश अबरार और क्रीडा परिषद् की चेयरमैन कृष्णा पूनिया ने विधानसभा में यह मुद्दा उठाते हुए बीजेपी विधायकों पर चुटकी ली

- **भाजपा के विधायकों को मोबाइल में जासूसी उपकरण लगा होने का डर है, इसलिए लौटा रहे हैं आईफोन : दानिश अबरार**
- **इस पर सतीश पूनिया ने पलटवार करते हुए कहा कि ''फ्लैट मुफ्त में नहीं लिये, विधायकों ने लोन लिया है, आईफोन लौटाने का फैसला विधायक दल की बैठक में कर चुके हैं, इसे लेकर कोई गतिरोध नहीं है।''**

-विधानसभा संवाददाता-

**जयपुर ।** मुख्यमंत्री के सलाहकार कांग्रेस विधायक दानिश अबरार और क्रीडा परिषद की चेयरमैन कृष्णा पूनिया ने विधानसभा में बजट पर चर्चा करते हुए कहा कि ''कांग्रेस सरकार की तरफ से मिले आईफोन-13 लौटाने वाले बीजेपी विधायक पिछले बजट के आईपैड और फ्लैट को वापस क्यों नहीं लौटाते? जबकि आर्थिक मंदी तो पिछले वर्ष करोनाकाल में भी थी। अगर वास्तव में राज्य सरकार का वित्तीय भार कम ही करना है तो जो महंगे फ्लैट सस्ते दामों में सरकार ने दिये थे, उन्हें भी वापस लौटा दें। पिछले बजट के दौरान भी आईपैड सभी विधायकों को दिये थे, वो तो किसी ने वापस नहीं लौटाये। भाजपा सिर्फ छोटी की चीज को बड़ा बनाने का प्रयास कर रही है।

इसी बीच जब दानिश अबरार ने बीजेपी विधायकों द्वारा आईफोन लौटाने को ''चोर की दाढ़ी में तिनका'' बता दिया तो हंगामा खड़ा हो गया, हालांकि स्पीकर ने मामला शांत करवाकर बैठाया। दानिश ने कहा कि सरकार ने बजट पढ़ने के लिए विधायकों को आईफोन दिए, खबरों में चल रहा है कि बीजेपी विधायकों ने आईफोन वापस कर दिए। इस पर भी ढोंग और तमाशा, पहले फ्लैट भी लिए। फ्लैट वापस क्यों नहीं करते? मोबाइल फोन इसलिए वापस कर रहे हैं, क्योंकि चोर की दाढ़ी में तिनका। इस पर सभापति ने दानिश को टोका और उत्तेजना नहीं फैलाकर बजट पर बोलने को कहा। तब दानिश ने कहा ''हमने भी मोबाइल लिया, लेकिन हमने ढोंग नहीं किया। चोर की दाढ़ी में तिनका यह था कि बीजेपी की जासूसी की पुरानी आदत रही है। इन्हें डर था कि मोबाइल में जासूसी का कुछ उपकरण डाल नहीं दिया हो, इसलिए इन्होंने मोबाइल फोन वापस किए।''

इस मामले में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया ने पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा दल की बैठक में सभी विधायकों ने यह फैसला लिया कि फोन वापस कर देंगे, इसे लेकर पार्टी के विधायकों में कोई गतिरोध नहीं है। उन्होंने पिछले साल बजट के दौरान मिले आईपैड और अनुदानित दरों पर मिले फ्लैट लौटाने से इंकार कर दिया।

सतीश पूनिया ने कहा कि जो फ्लैट या लैपटॉप दिया गया, वह विधायक बनने के बाद सबको मिलता है। सतीश पूनिया ने कहा कि जहां तक फ्लैट की बात है, वह आवासन मंडल के ऐसे मकान थे, जो बरसों से नहीं बिक रहे थे। फ्लैट मुफ्त में नहीं लिए। विधायकों ने इन मकानों के लिए लोन लिया है। इसकी किश्तें भी जा रही हैं।

# तीन साल में 200 लोगों के बैंक खातों से एक करोड़ रु. निकाले, दो बदमाश दबोचे

## एटीएम कार्ड बदलकर वारदात करती थी अंतर्राज्यीय गैंग



बगरू थाना पुलिस ने एटीएम कार्ड बदलकर लोगों से ठगी करने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया।

- **103 एटीएम कार्ड, 3 स्वैप मशीन और 30 हजार रु. जब्त**
- **दिल्ली, हरियाणा व राजस्थान में दो दर्जन से अधिक वारदातें की इन बदमाशों ने**

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर ।** राजधानी जयपुर में एटीएम बूथ पर लोगों के एटीएम कार्ड बदलकर उनके बैंक खातों से जबरन वसूली कर रही अंतर्राज्यीय गैंग के दो बदमाशों को बगरू पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

यह गैंग महज तीन साल में 200 लोगों को अपना शिकार बना कर एक करोड़ रूपए पार कर चुकी है। पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से 27 बैंकों के 103 एटीएम कार्ड, तीन स्वैप मशीन और 30 हजार रूपए की नकदी बरामद की है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने दिल्ली, हरियाणा और राजस्थान में दो दर्जन से अधिक वारदातों को अंजाम देना कबूल किया है। पुलिस गिरोह के बारे में पूछताछ कर रही है।

डीसीपी (वेस्ट) ऋचा तोमर ने बताया गिरोह के बदमाश साकिब उर्फ कालू (29) निवासी हथीन जिला पलवल और विक्रम उर्फ संदीप (32) निवासी दुजाना जिला झज्जर हरियाणा को गिरफ्तार किया गया है। एडिशनल डीसीपी राम सिंह ने बताया कि गिरोह एटीएम बूथ पर कार से पहुंचते है और नासमझ व्यक्ति इनका टारगेट होता है। उसकी मदद के बहाने एटीएम कार्ड मशीन में डलवाकर पिन नंबर, बैलेंस इत्यादि की जानकारी ले लेते हैं।

इसके बाद कार्ड बाहर निकालकर मशीन कैश लेस ट्रांजेक्शन का बटन दबा देते हैं। पीड़ित मोबाइल नंबर के आधार पर मशीन में व्यस्त होता है। इसी दौरान आरोपी बड़ी चालाकी से उसका एटीएम कार्ड हूबहू बदल देते हैं और बाद में एटीएम से रूपए निकाल लेते हैं। दोनों बदमाश इतने शातिर हैं कि कार्ड ब्लॉक होने से पहले विदड्रॉल लिमिट पूरी कर लेते हैं। जिस खाते में 10 हजार रूपए से कम बैलेंस होता है, उसके साथ ठगी नहीं करते है। थानाधिकारी विक्रम सिंह ने बताया गिरोह के बदमाश खुद के पास स्वैप मशीन रखते हैं। एटीएम कार्ड की लिमिट ख़त्म कर उससे शॉपिंग लिमिट राशि को भी अपने खातों में ट्रांसफर कर लेते हैं। यह स्वैप मशीन पेटीएम, भारत स्वैप प्लेटफॉर्म से खरीदी गई है। इसकी खरीद के लिए जीएसटी नम्बर, आधार कार्ड, पता व मोबाइल नम्बर देने पड़ते हैं।

आरोपितों के पास तीन स्वैप मशीनें मिली है, जिनमें से एक पेटीएम और दो भारत स्वैप से सम्बन्धित है। इन मशीनों को मेजर मेव निवासी गांव मंधापुरा थाना फिरोजपुर, हरियाणा से किराए पर लेना कबूला है। मेजर कैस ट्रांसफर करने के लिए 20 प्रतिशत कमीशन लेता है।

# फिर सड़कों पर उतरे मेट्रो रेलकर्मी

## समयबद्ध पदोन्नति के नियम बनाने की मांग



जयपुर मेट्रो में मेंटेनर कैडर पदोन्नति नियम बनवाने की मांग को लेकर बुधवार को कर्मचारियों ने विरोध-प्रदर्शन किया।

**जयपुर ।** जयपुर मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन में मेंटेनर कैडर पदोन्नति नियम बनवाने की मांग को लेकर बुधवार को एक बार फिर जयपुर मेट्रो के कर्मचारी सड़कों पर उतरे और रेल-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। कर्मचारियों ने अपने हाथों में रेल प्रशासन के खिलाफ नारे लिखी तख्तियां लेकर नारेबाजी करते हुए मानसरोवर मेट्रो के प्रशासनिक खंड में आक्रोश रैली निकाली।

संयुक्त कर्मचारी संघ के अध्यक्ष विकास क्षत्रिय के नेतृत्व में अपनी मांगों को लेकर आंदोलित कर्मचारियों ने 18 फरवरी को भी विरोध प्रदर्शन किया था। उन्होंने बताया कि प्रदर्शन के बावजूद भी मेट्रो प्रशासन ने अब तक कर्मचारियों से कोई बात तक नहीं की है। इससे साफ जाहिर होता है की मेट्रो प्रशासन को न तो मेट्रो की छवि की कोई फिक्र है और नही मेहनतकस कर्मचारियों की। जयपुर मेट्रो के मेंटेनर कर्मचारियों ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर ज्ञापन दिया । साथ ही चेतावनी दी कि जब तक पदोन्नति पॉलिसी नहीं बनती, तब तक कर्मचारी आंदोलन की राह पर रहेंगे और आने वाले दिनों में आंदोलन और भी उठा रूप में सामने आता रहेगा।

# आदर्श नगर इलाके में बुजुर्ग महिला पर जानलेवा हमला

**जयपुर** (कासं)। आदर्श नगर इलाके में सोमवार शाम को एक बुजुर्ग महिला पर जानलेवा हमला कर उसे घर से बाहर निकाल दिया गया। मंगलवार सुबह वह गंभीर हालत में गौरव टावर पुलिया के नीचे रेल्वे ट्रैक पर गंभीर हालत में मिली। राहगीरों ने उसे जयपुरिया अस्पताल पहुंचाया, जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे सवाई मान सिंह अस्पताल में भर्ती कराया। बुधवार को वृद्धा की हालत नाजुक होने पर उसे आईसीयू में भर्ती किया गया है। हालत सही नहीं होने के चलते पुलिस वृद्धा के पर्चा बयान नहीं ले सकी है। वृद्धा के बेटे ने मकान मालकिन और उसके दो बेटों पर बुरी तरह मारपीट कर घर से बाहर निकालने का आरोप लगाते हुए थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस जांच में जुटी है।

दरअसल गुरुनानकपुरा स्थित बिल्डिंग संख्या 290 में फ़्लैट नंबर 203 निवासी जितेंद्र सिंह ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि वह इस फ़्लैट में 7 सितंबर 2019 से किराए से अपनी 70 वर्षीया मां कुलविंदर कौर के साथ रह रहा है। 2 महीने पहले पिता की मौत हो गई थी। वह खुद ट्रांसपोर्ट के काम से बाहर आता-जाता रहता है। जनवरी में मकान मालिक ने लीगल नोटिस दिया था। उसका आरोप है कि 28 फरवरी की शाम करीब 7 बजे मकान मालकिन राजकुमारी तनेजा और उसके बेटे हेमंत और सुरेश ने मां के साथ लाठी से बुरी तरह मारपीट की और बाल घसीटते हुए घर से बाहर निकाल दिया। पडौसियों ने उसे सूचना दी तो मकान मालकिन से फोन पर बात की, लेकिन मां के बारे में नहीं बताया। पीड़ित ने दो घंटे के अंतराल में करीब 14 कॉल किए, लेकिन कोई संतुष्टपूर्वक जबाव नहीं मिला।

# बजट पर बहस का जवाब आज

**जयपुर** (विसं)। विधानसभा में बजट पर गुरुवार तक बहस जारी रहेगी। गुरुवार शाम 5 बजे मुख्यमंत्री अशोक गहलोत बजट बहस का जवाब देंगे। बजट बहस के जवाब के दौरान मुख्य फोकस विपक्ष की आपत्तियों का जवाब देने पर रहेगा। प्रदेश पर बढ़ते कर्ज और लोकलुभावन घोषणाओं के लिए बजट का इंतजाम कैसे होगा, इस पर सीएम जवाब देंगे। कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाल करने पर सरकार पर पड़ने वाले भार पर भी मुख्यमंत्री ब्यौरा दे सकते हैं।

# आरजेएस भर्ती के विवादित प्रश्न मामले में अंतिम बहस आठ को

**जयपुर,** (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने आरजेएस भर्ती-2021 की प्री परीक्षा में चार प्रश्नों को डिलीट कर परिणाम जारी करने व एसटी विधवा कोटे की कट ऑफ जारी नहीं करने को चुनौती देने के मामले में अंतिम बहस 8 मार्च को तय की है।

जस्टिस एमएम श्रीवास्तव व अनूप ढंड की खंडपीठ ने यह आदेश रेखा चौधरी व सुनीता मीणा व अन्य की याचिकाओं पर दिया। अधिवक्ता गिर्राज प्रसाद शर्मा ने बताया कि आरजेएस भर्ती की प्री परीक्षा में तीन प्रश्नों के उत्तर गलत जांचे गए हैं। वहीं चार प्रश्नों को गलत मानकर डिलीट किया है। याचिका में मान्यता प्राप्त पुस्तकों को हवाला देते हुए कहा कि प्रार्थियों की ओर से लिखे उत्तर सही थे, लेकिन प्रश्नों को गलत जांचने के चलते वे मुख्य परीक्षा में शामिल होने से रह गए हैं। इसके अलावा हाईकोर्ट प्रशासन ने भर्ती में एसटी विधवा कोटे की कट ऑफ ही जारी नहीं की है और इस कारण प्रार्थिया का चयन नहीं हो पाया है।

अदालत ने पिछली सुनवाई पर हाईकोर्ट प्रशासन से जवाब देने के लिए कहा था। जिस पर हाईकोर्ट प्रशासन ने जवाब में कहा कि उन्होंने जिन प्रश्नों को डिलीट किया था वह एक्सपर्ट कमेटी की राय पर किए थे। अदालत ने दोनों पक्षों को सुनकर मामले की अंतिम बहस 8 मार्च को तय की। याचिकाओं में अदालत से आरजेएस की प्री-परीक्षा के परिणाम में संशोधन करने व एसटी विधवा कोटे की कट ऑफ जारी करने का आग्रह किया है।

# हूपर संचालकों की हड़ताल खत्म, आज से उठेगा कचरा

**जयपुर** (कासं)। बीवीजी कंपनी के हूपर संचालकों की हड़ताल एक सप्ताह बाद खत्म हो गई है। ग्रेटर निगम प्रशासन ने कंपनी के 2 माह के भुगतान की फाइल हैरिटेज नगर निगम को भेजी है। इसी बीच बुधवार को शहर में सफाई के हालात बदत्तर ही दिखे। हालांकि जो अतिरिक्त 14 जेसीबी, 28 डंपर और 14 ट्रैक्टर-ट्रॉलियां लगाई गई हैं, उन्होंने जरूर मुख्य सड़कों और गलियों से कचरा उठवाया।

सूत्रों की मानें तो बीवीजी कंपनी ने 14 करोड़ रु. का भुगतान ग्रेटर निगम पर बकाया निकालते हुए बीते एक सप्ताह से हड़ताल कर रखी थी। कंपनी ने जब अपने हूपर संचालकों को पैसा नहीं दिया तो उन्होंने घर-घर कचरा संग्रहण बंद कर दिया। इस कारण बीते एक सप्ताह से जयपुर में जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे पड़े थे। इसी बीच 1 मार्च से स्वच्छता सर्वेक्षण भी शुरू हो चुका है। राजधानी में जयपुर में सफाई के हालात बदत्तर होते देख मुख्य सचिव ऊषा शर्मा ने भी नगर निगम के अफसरों को लताड़ लगाई, जिसके बाद आनन-फानन में बुधवार को ग्रेटर निगम ने बीवीजी कंपनी के प्रतिनिधियों की बैठक बुलाई और 2 महीने के भुगतान की फाइल हैरिटेज निगम को भेजने का निर्णय लेकर हड़ताल तुडवाई।

# यूक्रेन में अभी भी राजस्थान के 1008 लोग फंसे हैं, 207 वापस यहां लौट चुके : शकुंतला रावत

## विधानसभा में यूक्रेन संकट पर चर्चा के दौरान सत्ता पक्ष-विपक्ष एकजुट दिखा

- **यूक्रेन से लौटे मेडिकल-इंजीनियरिंग के स्टूडेंट्स के लिए अलग से सीटें अलॉट करे सरकार, आर्थिक पैकेज भी जारी हो : राजेन्द्र राठौड़**
- **राठौड़ ने सुझाव दिया कि जयपुर से मॉनिटरिंग करने की जगह एक ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स बनाकर दिल्ली भेजना चाहिए, जो कि यूक्रेन में फंसे बच्चों को वापस लाने पर भारत सरकार से कॉर्डिनेशन करे**

**जयपुर** (विसं)। यूक्रेन संकट के मुद्दे पर बुधवार को विधानसभा में हुई चर्चा में सत्ता पक्ष और विपक्ष के विधायक एकजुट दिखे। भाजपा विधायकों ने यूक्रेन में फंसे राजस्थानी स्टूडेंट्स और नागरिकों को निकालने के काम में राज्य सरकार और केंद्र के काम की तारीफ करते हुए एकजुटता जाहिर की।

सदन में उद्योग मंत्री शकुंतला रावत ने कहा कि ''यूक्रेन में राजस्थान के 1008 स्टूडेंट्स और नागरिक फंसे हुए हैं, अब तक 207 स्टूडेंट्स वापस लौट चुके हैं। राजस्थान सरकार यूक्रेन में फंसे स्टूडेंट्स को घर तक पहुंचाने का पूरा खर्च उठा रही है। राजस्थान फाउंडेशन के आयुक्त धीरज श्रीवास्तव को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। वहां फंसे बच्चों को निकालने के लिए प्रवासी राजस्थानी भी सहयोग कर रहे हैं।'' रावत ने कहा कि बच्चों को लाने में वीजा ट्रांजिट प्रक्रिया में समय लग रहा है। सीएम ने विदेश मंत्री और प्रधानमंत्री को पत्र लिखा है। भारतीयों के साथ यूक्रेन में अच्छा बर्ताव नहीं करने की जानकारी भी आ रही है। विदेश मंत्रालय को वहां संपर्क करके बच्चों को जल्द निकालने की पहल करने की जरूरत है। वापस लौटे स्टूडेंट्स कह रहे थे कि जितनी घरवालों ने बात नहीं की उतनी तो राजस्थान सरकार ने बात की। वहां फंसे बच्चों से संपर्क कर उन्हें भरोसा दिला रहे हैं कि आपको चिंता करने की जरूत नहीं है।

उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि ''जो स्टूडेंट्स यूक्रेन से आए हैं, वे पढ़ाई के लिए वापस नहीं लौट पाएंगे, इनकी लाखों रुपए फीस लग गई। सरकार को चाहिए कि यूक्रेन से लौटे मेडिकल, इंजीनियरिंग स्टूडेंट के लिए अलग से सीटें अलॉट कर उनके पढ़ने की व्यवस्था करें। सरकार इन्हें पैकेज भी दें, क्योंकि इनमें कई गरीब घरों के बच्चे हैं। आज पूरा सदन यूक्रेन में फंसे हुए बच्चों के साथ है।''

राठौड़ ने कहा कि दुनिया विश्व युद्ध के मुहाने पर खड़ी है। यूक्रेन में फंसे 1008 बच्चों में अपने बच्चे का चेहरा देखिए, यह बहुत संवेदनशील मुद्दा है। जयपुर से मॉनिटरिंग करने की जगह एक ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स बनाकर दिल्ली भेजना चाहिए, जो भारत सरकार के साथ कॉर्डिनेशन करे।

### इस मुद्दे पर राजनीति नहीं : कटारिया

नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया ने कहा कि यूक्रेन में फंसे बच्चों के मुद्दे पर राजनीति नहीं करनी चाहिए। इसमें हमें एक आवाज में बोलना चाहिए, मंत्री के जवाब से ऐसा लगा कि जैसे केंद्र सरकार ने कुछ नहीं किया हो। हमें केंद्र के प्रयासों का भी जिक्र करना चाहिए। इस मुद्दे पर हम सब एकजुट होकर काम करेंगे। यह बहुत गंभीर मुद्दा है। इस मामले तें पक्ष-विपक्ष एकजुट होकर बच्चों को वापस लाने पर ध्यान दें, हम सब मिलकर ही काम करेंगे तो अच्छा संदेश जाएगा।

### यूक्रेन में फंसे बच्चे हम सबके : स्पीकर

स्पीकर सीपी जोशी ने कहा-यूक्रेन में फंसे स्टूडेंट्स को लेकर राजस्थान और भारत सरकार दोनों चिंतित हैं। सदन की भावना से भारत सरकार को अवगत कराएंगे। दोनों सरकारें मिलकर हम जनता को विश्वास दिलाएंगे कि बच्चों को वापस लाने में कोई कसर नहीं रखेंगे। इस मुद्दे पर पूरा सदन एक है। यूक्रेन में फंसे बच्चे हमारे बच्चे हैं।

### 'बमबारी के बीच बच्चे भूखे-प्यासे'

बीजेपी विधायक पुष्पेंद्र सिंह ने 24 फरवरी को यूक्रेन मुद्दे पर स्थगन लगाया था, जिस पर स्पीकर ने आज चर्चा कराने का फैसला किया था। पुष्पेंद्र सिंह ने कहा, यूक्रेन में फंसे कई बच्चे बहुत तकलीफ में है। बमबारी के बीच 72 घंटों से कई बच्चे बंकरों में भूखे-प्यासे बैठे हैं। दो-दो दिन से एक बार भी खाना नहीं मिल रहा है। हमें जल्द इन बच्चों को यूक्रेन से सुरक्षित वापसी पर काम करना होगा।

## सार-समाचार

### 17 लाख रु.चुराने वाला दामाद पकड़ा

**श्रीमाधोपुर।** डॉ. बी. लाल क्लिनिक लेबोरेट्री प्राइवेट लिमिटेड श्रीमाधोपुर के राजेन्द्र कुमार पावंडा ने बताया कि लेबोरेटरी की ओर से बुधवार को कोर्ट परिसर श्रीमाधोपुर में आयोजित निशुल्क ब्लड शुगर एवं बीपी जांच शिविर में 141 जनों द्वारा सेवा का लाभ प्राप्त किया गया ।

# एसडीएम ने स्कूलों का निरीक्षण कर बच्चों से सवाल पूछे


एसडीएम ओमप्रकाश साहरण ने गांव मीरका, इसेपुर के सरकारी स्कूल का आकस्मिक निरीक्षण किया।

- समस्त अधिकारियों को 9:30 बजे तक उपस्थिति दर्ज कर मेल करने के दिए निर्देश

**किशनगढ़ बास,** (निसं)। एसडीएम ओमप्रकाश साहरण ने किशनगढ बास के गांव मीरका, इसेपुर के सरकारी स्कूल का आकस्मिक निरीक्षण किया। क्लास रूम में पहुंचकर एसडीएम ने बच्चों से सवाल कर टैलेंट देखा और पढ़ाई के टिप्स दिए और सरकार की ओर से स्कूलों में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में पूछा व ब्लॉक के समस्त अधिकारियों को अपनी उपस्थिति 9:30 बजे मेल पर भेजने के लिए पाबंद किया। जिसकी मॉनिटरिंग वे स्वयं मेल पर देखकर करेंगे।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम सहारण ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मीरका विद्यालय में संचालित एमडीएम योजना अंतर्गत राशन किट वितरण, खाद्यान्न वितरण व विद्यालय में संचालित कक्षाओं में जाकर अध्ययनरत विद्यार्थियों को कराए जा रहे शिक्षण कार्य की गुणवत्ता की जांच की साथ विद्यालय की छोटी क्लास के बच्चों को पाठ पढ़ाते हुए सवाल पूछे, बच्चों की ओर से हाजिर जवाब उत्तर मिलने पर एसडीएम ने बच्चों को शाबाशी दी।

एसडीएम ने विद्यालय के प्रधानाचार्य को प्रार्थना स्थल पर प्रति दिवस अखबार पढ़ने एवं पढ़कर सुनाए जाने हेतु निर्देशित किया। विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास , कैरियर गाइडेंस हेतु विद्यालय में अधिक से अधिक समाचार पत्रों के माध्यम से एवं पुस्तकालय के माध्यम से विद्यार्थियों को जागरूक करने हेतु दिशा निर्देश दिए।

एसडीएम ओमप्रकाश सहारण ने बताया कि राजकीय प्राथमिक विद्यालय इसेपुर के निरीक्षण दौरान प्रधानाचार्य को राशन किट वितरण एवं विद्यालय में कार्यरत कुक कम हेल्पर का मानदेय समय पर किए जाने के लिए निर्देशित किया। इसके अलाव क्षेत्र में समस्त ब्लॉक स्तरीय कार्यालय की प्रतिदिन मॉनिटरिंग करने हेतु ब्लॉक के समस्त अधिकारियों को प्रात: 9:30 बजे अपनी उपस्थिति जरिए मेल पर भेजने हेतु पाबंद करते हुए कहा है की इसकी मॉनिटरिंग स्वयं देखेंगे।

## विज्ञान दिवस पर क्विज प्रतियोगिता आयोजित

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। महात्मा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विज्ञान संकाय के तत्वाधान में ओपन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र, जीव विज्ञान, भूगोल वह राजनीति विज्ञान से संबंधित प्रश्न विद्यार्थियों से किये गए। विज्ञान संकाय प्रभारी वीरेंद्र यादव ने बताया कि महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं के कुल छः ग्रुप बनाकर व्याख्याता प्रमोद कुमार वर्मा व आनंद बबेरवाल के सानिध्य में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें डॉ ए.पी.जे अब्दुल कलाम ग्रुप विजयी रहा , इस ग्रुप के सदस्यों में अंकिता मंगावा, ललित सैनी, काजल शर्मा, पूजा सैनी, नितिन लाल संतोषी थे।छात्र-छात्राओ ने उत्साहवर्धन के साथ क्विज में भाग लिया। विजयी ग्रुप के सभी छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय निदेशक मोहर सिंह खर्रा, प्राचार्य डॉ वी.के. सैनी, सुशीला देवी व वाणिज्य संकाय प्रभारी मनीष अग्रवाल द्वारा प्रतीक चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उपप्राचार्य विजेंद्र कुमार ने बताया कि इस दिन डॉक्टर सी. वी. रमन ने रमन प्रभाव की खोज की थी इसीलिए 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में से मनाया जाता है।

# अभियान के तहत पट्टे बांटे

**देवली।** यहां प्रशासन शहरों के संग अभियान के चलते स्थानीय पालिका प्रशासन ने लाभार्थियों को भवन भूमि पट्टे वितरण किए। इन दिनों स्थानीय पालिका ने प्रशासन शहर के संग अभियान दौरान लाभार्थियों को भवन भूमि का पट्टा वितरित किए जाने की मुहिम और तेज कर दी है। बुधवार को प्रशासन शहर के संग अभियान के तहत राजस्व निरीक्षक मुकेश मीणा ने अपने सहकर्मियों के साथ मिलकर अपने कार्यालय से 15 लाभार्थियों को पट्टे वितरित किए। इस मौके पर पट्टा लाभार्थियों ने पट्टा पाकर अपनी खुशी का इजहार किया।


**OFFICE OF THE GRAM PANCHAYAT MALIKPURA P.S. KI. RENWAL**

S.NO. 2021-22/MALIKPURA/182 DATE 02.03.2022

**INVITATION OF TENDER YEAR 2021-22**

On behalf of Governor of Rajasthan invites open tender from eligible contractor for **THREE CONSTRUCTION WORK** Estimated total cost of works Rs. 14.98 Lacs.
Details available on www.sppp.rajasthan.gov.in
**UBIN NO. ZJP2122WSOB01764**

Village development officer
GP MALIKPURA



प्रारूप-5 (नियम 6(2) देखिए)

**कार्यालय नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर) राज.**

क्रमांक-नपा.श्रीमा./2021-22/4853-54 **आपत्ति आमंत्रण सूचना** दिनांक-02.03.2022

श्रीमती कृष्णा देवी धर्मपत्नी श्री सुरजा राम, श्रीमती ममता देवी धर्मपत्नी श्री पृथ्वीराज, श्रीमती पूनम देवी धर्मपत्नी श्री जितेन्द्र कुमार सैन एवं श्रीमती सुनीता देवी धर्मपत्नी श्री सतवीर निवासीगण-वार्ड नं. 13 जीणमाता मंदिर के पास, कस्बा श्रीमाधोपुर, जिला-सीकर (राज.) का ने नीचे वर्णित भूमि में अपने अधिकार आवासीय प्रयोजनार्थ के लिये ऐसी भूमि के उपयोग के लिये पूर्ण स्वामित्व पट्ठा अधिकार प्राप्त करने के लिये नगर पालिका के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये हैं।

| जिले सहित नगर का नाम | वार्ड/कॉलोनी/गली का नाम | पडौस द्वारा सीमाबद्ध भू-खण्ड सं. | उत्तर दिशा दर्शित करते हुए लम्बाई और चौडाई सहित क्षेत्र (मीटर में) |
|---|---|---|---|
| नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर) | वर्तमान वार्ड नं. 13 अवस्थित भूखण्ड | चर्तुसीमाऐं पूरब में- पटवारी धर्मशाला का भवन एवं आम रास्ता, पश्चिम में आवास स्व. श्री मोहनलाल सैन एवं आवास व दुकान स्व. श्री तोलाराम सैन की, उत्तर में आम रास्ता एवं दक्षिण में पटवारी धर्मशाला का भवन होकर स्थित है। | भूखण्ड आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु जिसकी नाप पूरब-पश्चिम उत्तरी भुजा-4'.0" + 8'-5" + 8'-8" दक्षिणी भुजा- 18'-0", उत्तर-दक्षिण पूर्वी भुजा- 96'.7" एवं पश्चिमी भुजा 85'-9" + 11'-3" होकर कुल रकबा 194.54 वर्गमीटर है। |

इसलिए इसके द्वारा समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा-69क के अधिन पूर्ण स्वामित्व पट्ठा अधिकार अभिप्राप्त करने के लिए नगर पालिका के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि में के अधिकार अभ्यर्पण करने की अनुज्ञा की मंजूरी के संबध में कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के सात दिन के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप नहीं है और मामले का तदनुसार निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 2.3.2022 को जारी की गयी।

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका श्रीमाधोपुर



प्रारूप-5 (नियम 6(2) देखिए)

**कार्यालय नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर) राज.**

क्रमांक-नपाश्रीमा./2021-22/4856-57 **आपत्ति आमंत्रण सूचना** दिनांक-02.03.2022

श्री मदनलाल पुत्र श्री नानूराम, निवासी-वार्ड नं. 30 कस्बा श्रीमाधोपुर, जिला-सीकर (राज.) का ने नीचे वर्णित भूमि में अपने अधिकार आवासीय प्रयोजनार्थ के लिये ऐसी भूमि के उपयोग के लिये पूर्ण स्वामित्व पट्ठा अधिकार प्राप्त करने के लिये नगर पालिका के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये है।

| जिले सहित नगर का नाम | वार्ड/कॉलोनी/गली का नाम | पडौस द्वारा सीमाबद्ध भू-खण्ड सं. | उत्तर दिशा दर्शित करते हुए लम्बाई और चौडाई सहित क्षेत्र (मीटर में) |
|---|---|---|---|
| नगर पालिका श्रीमाधोपुर (सीकर) | वर्तमान वार्ड नं. 30 अवस्थित भूखण्ड | चर्तुसीमाऐं पूरब में- आवास श्री ग्यारसी लाल चौधरी का, पश्चिम में- आम रास्ता, उत्तर में- आवास श्री जैसाराम पंजाबी एवं आवास श्री टेकचन्द पंजाबी का एवं दक्षिण में आवास श्री मनीष कुमार पंजाबी का होकर स्थित है। | भूखण्ड आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु जिसकी नाप पूरब-पश्चिम उत्तरी भुजा-51'.0" + 19'-6" दक्षिणी भुजा- 70'-6", उत्तर-दक्षिण पूर्वी भुजा- 18'.6" एवं पश्चिमी भुजा 13'-2" + 6'-9" होकर कुल रकबा 86.18 वर्गमीटर है। |

इसलिए इसके द्वारा समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा-69क के अधिन पूर्ण स्वामित्व पट्ठा अधिकार अभिप्राप्त करने के लिए नगर पालिका के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि में के अधिकार अभ्यर्पण करने की अनुज्ञा की मंजूरी के संबंध में कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के सात दिन के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप नहीं है और मामले का तदनुसार निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 2.3.2022 को जारी की गयी।

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका श्रीमाधोपुर


# दंगल कार्यक्रम हमारे पूर्वजों का अनुपम ताहफा: प्रशांत बैरवा


निवाई के गांव दतवास में आयोजित मीणा दंगल में ग्रामीणों को विधायक प्रशांत बैरवा ने संबोधित किया।

**निवाई,** (निसं)। उपतहसील दतवास में मंगलवार की रात्रि मीणा दंगल का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि विधायक प्रशांत बैरवा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

मुख्य अतिथि विधायक प्रशांत बैरवा ने कहा कि दंगल कार्यक्रम हमारे पूर्वजों के अनुपम तोहफा है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में भाईचारे को बढावा मिलता है। मीणा दंगल कार्यक्रम में गायक कलाकार विष्णू मीणा व पांचू राम मीणा ने शंकर भगवान पार्वती व जीण माता की कथा और मीणा संस्कृति से संबंधित कई प्रकार के ढांचा की प्रस्तुति दी। दंगल के दौरान ग्रामीणों ने विधायक प्रशांत बैरवा को दतवास पीएचसी को सीएचसी में क्रमोन्नत करवाने की मांग की। इस दौरान विधायक बैरवा ने ग्रामीणों की मांग को पूरा करवाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष राजेश चौधरी, सरपंच सुवालाल महावर, सरपंच संघ पति पप्पूलाल मीणा, सीताराम सोनी, एडवोकेट सतीश शर्मा, पूर्व सरपंच रतन लाल मीणा, दतवास थाना अधिकारी कप्तान सिंह, सुरेश मीणा कोटडा, दशरथ सिंह चौहान, बृजमोहन अग्रवाल, दीपक खंडेलवाल, हजारी लाल मीणा, किशन मीणा, पूरणमल बैरवा , ग्राम विकास अधिकारी मोहनलाल गुर्जर, लादूराम मीणा, सोनू गुर्जर, जगदीश नारेडा, सहित आदि श्रद्धालु मौजूद थे।

## 280 ग्राम चरस व 180 ग्राम अफीम बरामद की

- आरोपी युवक पुलिस के पहुंचने से पहले की फरार हो गया

**दौसा,** (निसं)। पुलिस द्वारा अवैध रुप से मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के खिलाफ चलाये जा रहे विशेष अभियान के बावजद दौसा शहर में मादक पदार्थों की तस्करी रुकने का नाम ही नहीं ले रही है। इधर बुधवार को एक बार फिर दौसा कोतवाली पुलिस ने आगरा रोड पर स्थित कपिल विहार कॉलोनी में दबिशकर एक मकान से 280 ग्राम चरस एवं 180 ग्राम अफीम बरामद की है। इधर उक्त व्यवसाय को अंजाम देने वाला युवक पुलिस के पहुंचने से पहले की मौके से फरार हो गया।

उल्लेखनीय है कि दौसा कोतवाली पुलिस द्वारा पिछले एक महीने से अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चला रखा है। उक्त अभियान के तहत अब तक तकरीबन आधा दर्जन से अधिक लोगों को गिरफ्तार कर लाखों रुपये के मादक पदार्थ बरामद किये हैं। कोतवाल लालसिंह ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली की आगरा रोड स्थित सुरभि हॉस्पिटल के पीछे कपिल विहार कॉलोनी में जनसी का पुरा टोडाभीम जिला करौली निवासी मनीराम मीणा अवैध रुप से मादक पदार्थों का गौरखधंधा चलाता है। सूचना के बाद तत्काल विशेष टीम का गठन किया गया तथा टीम ने कपिल विहार कॉलोनी के एक मकान मे दबिश देकर मौके से 280 ग्राम चरस एवं 180 ग्राम अफीम बदामद की है। मनीराम मीणा घर पर नहीं मिला, पुलिस मनीराम मीणा की सरगर्मी से तलाश कर रही है। उन्होंने बताया कि मनीराम मीणा मंगलवार जयपुर में एक वारदात को भी अंजाम दिया है।


भारतीय स्टेट बैंक
State Bank of India

तनावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा, तृतीय मंजिल, मैट्रिक्स मॉल सेक्टर-4, जवाहर नगर, जयपुर (राजस्थान)- 302004
ई-मेल: sbi.18184@sbi.co.in, शाखा कोड: 18184
फोन: 0141-2657811, 2657921, 2657926, 2657989

**परिशिष्ट-IV-क {नियम 8( 6 ) का परन्तुक देखें}**
**अचल सम्पत्ति के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस**

प्रतिभूत हित ( प्रर्वतन ) नियम, 2002 के नियम 8( 6 ) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस।
आम लोगों को तथा विशेष रूप से ऋणी **श्री बाबू लाल मीणा पुत्र श्री मूल चंद मीणा** को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित/बन्धक है, का सांकेतिक कब्जा प्रतिभूत लेनदार **भारतीय स्टेट बैंक, तनावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा, जयपुर ( राजस्थान )** के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, प्रतिभूत लेनदार द्वारा **"जैसी है जहां है", "जो है जैसी है", "जितनी भी उपलब्ध है"** और **"दायित्व रहित"** के आधार पर **दिनांक 13.04.2022** को बेचा जायेगा। **भारतीय स्टेट बैंक, तनावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा, जयपुर ( राजस्थान ),** प्रतिभूत लेनदार के बकाया राशि **रू. 25,20,609/- ( रूपये पच्चीस लाख बीस हजार छह सौ नौ मात्र ) दिनांक 22.07.2021 को बकाया एवं इससे आगे का ब्याज व अन्य खर्चे इत्यादि** अतिरिक्त जो कि **श्री बाबू लाल मीणा पुत्र श्री मूल चंद मीणा** से संबंधित है।
आरक्षित मूल्य और अग्रिम राशि निम्नतालिका अनुसार होगी। अग्रिम राशि बैंक/एमएसटीसी कि वैब साइट पर दी गई प्रकिया अनुसार **दिनांक 13.04.2022** से पूर्व जमा कराई जा सकती है।

| अचल सम्पत्ति का ब्यौरा | आरक्षित मूल्य व धरोहर राशि | समय |
|---|---|---|
| श्री बाबू लाल मीणा पुत्र श्री मूल चंद मीणा के नाम साम्यिक बंधक आवासीय भूमि एवं भवन जो मकान नं. 2/105, भूतल, सेक्टर-1, हाउसिंग बोर्ड खान भाकरी रोड स्कीम दौसा, जिला- दौसा, राजस्थान पर स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 97.76 वर्ग मीटर है। सीमाएं- उत्तर: मकान नं. 2/104, दक्षिण: मकान नं. 2/106, पूर्व: 9 मीटर चौड़ी रोड़, पश्चिम: मकान नं. 2/93 | रू. 17,03,000/- ( रूपये सत्रह लाख तीन हजार मात्र )<br>रू. 1,70,300/- ( रूपये एक लाख सत्तर हजार तीन सौ मात्र ) | दोपहर 02:00 से दोपहर 03:00 |

**अन्य ऋण भार - ज्ञात नहीं।**
विक्रय के निबंधन और शर्तों के ब्यौरे के लिए कृपया नीचे दिए गए **भारतीय स्टेट बैंक,** प्रतिभूत लेनदार की वेबसाईट https://sbi.co.in/web/sbi-in-the-news/auction-notices/sarfaesi-and-others एवं https://ibapi.in/Sale_Info_Home.aspx पर देखें।

दिनांक: 28.02.2022
स्थान:जयपुर

हस्ता.
प्राधिकृत अधिकारी
भारतीय स्टेट बैंक


# अलवर में कांग्रेस का डिजिटल सदस्य अभियान आज

- प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा व राष्ट्रीय प्रवक्ता संजय निरुपम भाग लेंगे
- पार्टी की ओर से जिनको पास मिलेगा वही प्रवेश ले सकेंगे

**अलवर,** (निसं)। कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा व पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता संजय निरुपम गुरुवार को अलवर के प्रताप ऑडिटोरियम में डिजिटल सदस्य अभियान को लेकर भाग लेंगे। ऑडिटोरियम में पार्टी की ओर से जिनको पास मिलेगा वही कांग्रेसी प्रवेश ले सकेंगे। बिना पास वालों को प्रवेश नहीं मिलेगा। जानकारों का कहना है कि यह सब पार्टी की अंदरुनी खींचतान और हंगामे से बचाने का इंतजाम है।

अलवर कांग्रेस के जिलाअध्यक्ष योगेश मिश्रा ने बताया कि कांग्रेस के डिजिटल सदस्यता अभियान को आगे बढाने के लिए पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा व डिजिटल सदस्यता अभियान के राजस्थान के प्रभारी संजय निरुपम पार्टी के कार्यकर्ताओं को जानकारी देंगे। इस मीटिंग में पार्टी के जनप्रतिनिधि व विधानसभा वार डिजिटल सदस्यता को आगे बढाने के लिए जिम्मेदारी दी है। शामिल होंगे उनको पूरे प्रोग्राम की जानकारी दी जाएगी। हंगामा होने के आसार भी पार्टी पदाधिकारियों को आशंका है कि पार्टी के कार्यकर्ता हंगामा कर सकते हैं। हालांकि अभी तक पार्टी के नेताओं का कहना है कि ऐसा कुछ नहीं होगा। जो पार्टी की सदस्यता अभियान में प्रमुख रूप से कार्य करेंगे उनको जानकारी दी जाएगी। इस कारण सिलेक्टेड लोगों को ही प्रवेश मिलेगा।

# 11वें दिन भी विरोध प्रदर्शन जारी

**बौंली।** क्षेत्र के बामनवास उपखंड मुख्यालय पर 19 फरवरी को हुई दो हत्याओं के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर 11 वें दिन भी विरोध प्रदर्शन जारी है।

ज्ञात रहे 19 फरवरी को बामनवास उपखंड मुख्यालय पर टेंट व्यवसाई गिरिराज शर्मा व उनके सहयोगी विपिन मीणा की निर्मम हत्या से पनपे आक्रोश के कारण कार्रवाईक एसडीएम बद्रीनारायण मीणा व क्षेत्रीय विधायक इंदिरा मीणा को भी प्रदर्शनकारियों ने धरना स्थल पर बैठा दिया एवं खरी-खोटी सुनाई। प्रदर्शनकारियों में युवाओं के साथ व्यापारी भाजपा के राजेंद्र मीणा, केदार मीणा, डॉक्टर शिवराज, बुद्धि पंडित, सहित कांग्रेस व भाजपा के सभी लोग विरोध प्रदर्शन के दौरान शामिल थे। बुधवार को युवाओं ने प्रदर्शन के दौरान पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में भैंस के सामने बीन बजा कर विरोध जताया।


**कार्यालय प्राधिकृत, नगर पालिका पावटा-प्रागपुरा, जिला जयपुर (राज.)**

SR.No. न.पा.पावटा-प्रागपुरा/2021-22/भूमि/82 DATE-02.03.2022

प्रारूप 5 (नियम-6/(2))
आपत्ति आमंत्रण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न व्यक्तियों ने धारा 69 क के तहत नगर पालिका पावटा-प्रागपुरा जिला जयपुर में भूमि के अधिकारों के अभ्यपर्ण की अनुज्ञा के लिए पत्र मय मानचित्र प्रस्तुत कर नीचे वर्णित भूमि में के अपने अधिकार आवासीय/वाणिज्य प्रयोजन के लिए भूमि के उपयोग के लिए पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिए नगरपालिका में आवेदन किए है-

| क्र. सं. | नाम प्रार्थी | खसरा संख्या | क्षेत्रफल/प्रयोजन | स्थान | पडोस द्वारा सीमाबद्ध दिशाओं सहित भू-खंड सं. | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | उत्तर | दक्षिण | पूर्व | पश्चिम |
| 1 | मुरलीधर खोवाल पुत्र बनवारी लाल खोवाल | | 12.04 वर्गगज | मुरलीधर मार्केट पावटा एनएच-48 | बुद्ध प्लाजा | रोड | बहादुर मल अमरचंद सैनी की दुकान | राजेश कुमार की दुकान |
| 2 | प्रेम देवी पत्नि श्याम सुन्दर आर्य | | 433.48 वर्गगज | शर्मा कॉलोनी पावटा | रेखा देवी का मकान | रास्ता | महेश गोयल का मकान | रास्ता |
| 3 | रेशमी देवी पत्नि सूरजमल मीणा | | 530.33 वर्गगज | शिव विहार कॉलोनी पावटा | आम रास्ता | दिलीप सिंह का प्लाट | रास्ता | सुनील पारीक का मकान |
| 4 | शेखावत उमा कंवर पत्नि रामचंद्र सिंह | | 125.27 वर्गगज | नई सब्जी मंडी के पास पावटा | श्रवण देवी का प्लाट | सविता देवी का प्लाट | ताराचन्द की भूमि | रास्ता |
| 5 | त्रीलोक चन्द पुत्र बंशीधर निरकारी | | 123.24 वर्गगज | नगरपालिका के पास पावटा | सुभाष जांगिड का मकान | कंवरलाल का मकान | रास्ता | रास्ता |
| 6 | यतीश खोवाल पुत्र बनवारीलाल कुमावत | | 10.22 वर्गगज | बी एल जांगिड मार्केट पावटा | कमलादेवी की दुकान | आनंद टावर | शंकर यादव की दुकान | रास्ता |
| 7 | लक्ष्मीनारायण कुमावत पुत्र बनवारीलाल | | 12.66 वर्गगज | बी एल जांगिड मार्केट पावटा | अशोक सैनी की दुकान | अशोक जांगिड की दुकान | रास्ता | बी एल यादव का गोदाम |
| 8 | भगवती देवी पत्नि हीरालाल कुम्हार | | 300.67 वर्गगज | शिव नगर सीएचसी के पास पावटा | महेन्द्र टांक का मकान | रामनिवास कुम्हार का मकान | रास्ता | रामेश्वर सैनी की भूमि |
| 9 | सविता शर्मा पत्नि केशव देव शर्मा | | 125.27 वर्गगज | नई सब्जी मंडी के पास पावटा | शेखावत उमा कंवर का प्लाट | मांगीलाल बसन्ती लाल की भूमि | ताराचन्द डी कुम्हार की भूमि | रास्ता |
| 10 | विनोद कुमार यादव पुत्र रामोतार यादव | | 210.36 वर्गगज | खातियों का मौहल्ला ललाना पावटा | अन्य की भूमि | इंद्राज, श्यामलाल सैन का मकान | रास्ता | सवाईसिंह का प्लाट |
| 11 | कंवर लाल भुराडिया पुत्र बंशीधर निरकारी | | 123.24 वर्गगज | नगरपालिका के पास पावटा | तिरलोक चन्द का मकान | रविकांत का मकान | रास्ता | रास्ता |
| 12 | गिरिराज प्रसाद टांक पुत्र हरिराम | | 100.83 वर्गगज | शिव विहार कॉलोनी पावटा | नरेन्द्र गौतम का मकान | कमलेश कुमार टांक का मकान | गुड्डी शर्मा का मकान | रास्ता |
| 13 | कमलेश कुमार टांक पुत्र हरिराम टांक | | 100.83 वर्गगज | शिव विहार कॉलोनी पावटा | गिर्राज प्रसाद का मकान | कृष्ण गोपाल का मकान | गुड्डी शर्मा का मकान | रास्ता |
| 14 | कृष्ण गोपाल टांक पुत्र हरिराम टांक | | 100.83 वर्गगज | शिव विहार कॉलोनी पावटा | कमलेश कुमार का मकान | रामदयाल का मकान | गुड्डी शर्मा का मकान | रास्ता |
| 15 | सीताराम सैनी पुत्र महादेव प्रसाद सैनी | | 219.90 वर्गगज | पुराने सरकारी हॉस्पिटल के पास प्रागपुरा पावटा | रामोतार सैनी का मकान | आम रास्ता | गली बाद राजू सैनी का मकान | रोहिताश सैनी का मकान |
| 16 | सीता देवी पत्नि मातादीन जांगिड | | 248.32 वर्गगज | शिव विहार कॉलोनी पावटा | महेश खण्डेलवाल का मकान | रास्ता | हनुमान सहाय कुमावत का मकान | रास्ता |
| 17 | कैलाश चन्द शर्मा पुत्र रामेश्वर प्रसाद शर्मा | | 224.81 वर्गगज | शिव विहार कॉलोनी संब्जी मंडी के पास पावटा | महेन्द्र अग्रवाल का मकान | नदी की भूमि | गिरधारी सैनी का प्लाट | रास्ता |
| 18 | रामोतार याद पुत्र जेताराम यादव | | 587.39 वर्गगज | खातियों का मौहल्ला ललाना पावटा | रास्ता | मालचंद का मकान | रास्ता | पिस्ता देवी का मकान |
| 19 | भगवती देवी पत्नि हीरालाल कुम्हार | | 122.22 वर्गगज | नारायण विहार कॉलोनी | प्रेमचन्द यादव का मकान | अन्य का प्लाट | रास्ता | पवन कुमार कुमावत |

इसलिए इसके द्वारा समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा-69क के अधिन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिए नगर पालिका पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि के अधिकार अभ्यर्पण करने की अनुज्ञा की मंजूरी के संबंध में कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के सात दिवस के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप नहीं है और मामले का तदनुसार निपटारा किया जायेगा।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आदिनांक 02.03.2022 को जारी की गयी।

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका पावटा-प्रागपुरा
जिला जयपुर (राज.)


# तीन दिवसीय मल्टीमीडिया डिजीटल प्रदर्शनी शुरू



प्रदर्शनी के दौरान जिला कलेक्टर नन्नूमल पहाड़िया ने फिट इंडिया सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी ली।

**अलवर,** (निसं)। जिला कलेक्टर नन्नूमल पहाडिया ने आज सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार के क्षेत्रीय लोक संर्पक ब्यूरो सवाई माधोपुर द्वारा ब्राह्मण समाज छात्रावास परिसर में तीन दिवसीय मल्टीमीडिया डिजिटल प्रदर्शनी का फीता काटकर उद्घाटन किया।

जिला कलेक्टर ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के तहत संकल्पित भारत सशक्त भारत विषय पर आयोजित मल्टीमीडिया डिजिटल चित्र प्रदर्शनी में केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को प्रर्दशित किया गया है जिसके माध्यम से आमजन को योजनाओं की जानकारी एक स्थान पर मिलेगी। उन्होंने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत प्रदर्शनी में स्वंतत्राता संग्राम में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले भारत के महापुरूषों की जीवनी को प्रदर्शनी के माध्यम से दर्शाया गया है जो बहुत ही सकारात्मक कदम है। जिला कलक्टर ने फिट इंडिया सेल्फी प्वाइंट पर सेल्फी ली। उन्होंने टेब पर विभिन्न योजनाओं से जुडी प्रश्नोत्तरी की प्रक्रिया की जानकारी भी ली।

क्षेत्रीय लोक संर्पक ब्यूरो सवाई माधोपुर के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी विकास नापा ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव के तहत आमजन को केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी के लिए यह प्रदर्शनी लगाई गई है। उन्होंने बताया कि इस प्रदर्शनी में फिट इंडिया, स्वच्छ भारत मिशन, मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया, आत्मनिर्भर भारत एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदर्शित की गई है वहीं चिकित्सा विभाग, महिला अधिकारिता विभाग, प्रधान डाकघर, नगर परिषद, कृषि विभाग, आरएसएलडी विभाग द्वारा प्रदर्शनी के माध्यम से राज्य एवं केन्द्र सरकार द्वारा आमजन के हित में संचालित योजनाओं की जानकारी स्टॉल लगाकर प्रदान की जा रही है। प्रदर्शनी के दौरान सरकारी योजनाओं पर अनेक प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई जिसमें विजेताओं को हाथों-हाथ पुरस्कार प्रदान किए गए।

## संक्षिप्त

### आत्माराम गोयल सदस्य मनोनीत

**टोंक।** कांग्रेस नेता सऊद सईदी, आत्माराम गोयल को राजस्थान सरकार द्वारा राज्य स्तरीय बोर्ड व समिति में सदस्य मनोनीत किया गया है। जिस पर कांग्रेस नेताओं ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री व टोंक विधायक सचिन पायलट का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी। राज्य सरकार द्वारा कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष आत्माराम गोयल को राजस्थान वरिष्ठ कल्याण नागरिक बोर्ड सदस्य बनाया गया है वहीं कांग्रेस के प्रदेश कांग्रेस सदस्य सऊद सईदी को राजस्थान मदरसा बोर्ड सदस्य बनाया गया है। जिस पर बोर्ड व समिति सदस्य मनोनीत होने पर कांग्रेस नेता सऊद सईदी, आत्माराम गोयल को कांग्रेसजनों ने बधाई देते हुए आभार व्यक्त किया है।



### छात्राओं ने किया मेवाड का भ्रमण

**रींगस।** शहर की वेदान्ता पीजी गर्ल्स कॉलेज की विज्ञान वर्ग की छात्राओं ने तीन दिन तक मेवाड का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने प्रकृति से रूबरू करते हुए औषधीय वनस्पति के बारे में जानकारी प्राप्त की। प्राचार्य डॉ. प्रशान्त मदान ने बताया कि छात्राओं ने तीन दिन तक उदयपुर व उसके आस पास के इलाके का भ्रमण किया। इस दौरान छात्राओं ने फतेहसागर झील, पिछोला झील, सहेलियों की बाडी सिटी पैलेस, वैक्स संग्रहालय, जगदीश मंदिर, मोतीमगरी, अहार स्नैपटोस, लोकनृत्य मंडल, अन्तर्राष्ट्रीय भारतीय लोक कला मंगल गणगौर घाट अमराई घाट सहित अनेक स्थानों का दौरा किया। इस दौरान उन्हें उदयपुर, चित्तोड के ऐतिहासिक महत्व व मेवाड का भारतीय इतिहास में महत्व बताया।

### 31वां वार्षिकोत्सव आयोजित

**फुलेरा।** कस्बे की खेड़ीराम रास्ते पर स्थित शिवविहार में शिव का 31वां वार्षिक महोत्सव सेवानिवृत गार्ड गौरीशंकर शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में फुलेरा नगरपालिका अध्यक्षा के प्रतिनिधि एवं नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जितेंद्र अग्रवाल एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पालिका के उपाध्यक्ष योगेश सैनी, पूर्व पालिकाध्यक्ष मनोज आहूजा रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में शिव की पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चात आगुंतक सभी अतिथियों का माल्यार्पण और मोमेंटो देकर स्वागत सम्मान किया गया।

### विवाह सम्मेलन को लेकर बैठक

**फुलेरा।** ढाणी गोरधनपुरा के सामुदायिक भवन में राजस्थान मेघवंश बलाई महासभा के तत्वाधान में बुद्ध पूर्णिमा को आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर एक बैठक का आयोजन अध्यक्ष गणेश लाल तंवर की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने आगामी सम्मेलन को लेकर विचार विमर्श किया गया। साथ ही बैठक के दौरान कार्यकारिणी का गठन, विवाह सम्मेलन के लिए स्थान निश्चित करना, वर-वधु को दिए जाने वाले उपहार आदि को लेकर सर्व सहमति से निर्णय लिया गया।

# नीचे लटकते बिजली के नंगे तार हादसों को दे रहे हैं न्यौता

**चाकसू,** (निसं)। घर की छतों के पास एवं आम रास्तों में झूलते बिजली के तार खतरे का सबब बने हुए हैं। इन तारों के कारण लोग चपेट में आकर अपनी जान भी गवां चुके हैं।

कस्बे के बस स्टैंड के सामने मौजूद ईछेश्वर कॉलोनी वार्ड नंबर 32 में प्रशासनिक लापरवाही के कारण बिजली के झूलते नंगे तार एवं झुका पोल किसी बड़े हादसे को आमंत्रण देता नजर आ रहा है और समस्या समाधान के लिए वार्डवासी जिम्मेदारों को अवगत कराने के बावजूद भी सुनवाई नहीं होने को लेकर रोष में हैं।

ईछेश्वर कॉलोनी निवासी विष्णु दत्त शर्मा का कहना है कि मकान और तारों के बीच की दूरी कम होने से करंट का खतरा बना रहता है कई बार प्रयास किए गए लेकिन आज तक सुनवाई नहीं की गई यहां कई लोगों को करंट लग चुका है। उक्त लाइन को वहां से हटाना आवश्यक है।

उपरोक्त समस्या को लेकर वार्ड वासी सीताराम चौधरी, नानकराम सैनी, नरेश कुमार शर्मा, महेश कुमार शर्मा, सीताराम शर्मा ने बताया कि नगर पालिका प्रशासन सहित विधायक वेद प्रकाश सोलंकी और वार्ड पार्षद ललिता सैनी को भी अवगत कराया जा चुका है लेकिन अभी तक भी समस्या का कोई समाधान नहीं हो पाया है और हर समय हादसे का डर बना रहता है। यहां इसे लेकर पूर्व में भी बहुत से हादसे से घटित हो चुके हैं जिसमें एक पानी के टैंकर पर चढ़ने के दौरान एक ट्रेक्टर ड्राइवर की जान भी जा चुकी है और बहुत से लोग करंट की चपेट में आ चुके हैं।



**चाकसू के वार्ड 32 में मकानों के पास से गुजरते नंगे बिजली के तार हादसे को न्यौता दे रहे हैं।**

- पूर्व में करंट से एक व्यक्ति की हो चुकी है मौत

### कार व बाइक की भिड़ंत में एक घायल

**मालपुरा।** जयपुर-भीलवाडा स्टेट हाईवे पर उनियारा मोड के पास बुधवार को कार व बाइक में हुई भिड़ंत में बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए मालपुरा सीएचसी से जयपुर रैफर किया गया।

लाम्बाहरिसिंह थाना प्रभारी प्रभुसिंह ने बताया कि बुधवार की दोपहर को दुरभाष पर मिली सूचना पर तत्काल थाना पुलिस टीम ने उनियारा मोड के पास पहुंच सड़क पर अचेतावस्था में पड़े गंभीर घायल सोभाग पुत्र रामनारायण बैरवा निवासी कुहाड़ा खुर्द थाना टोडारायसिंह को मालपुरा सीएचसी में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। घायल के सिर मे गंभीर चोटे तथा एक पांव मे तीन फे क्चर होने के चलते प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सको ने घायल को चिन्ताजनक हालत मे जयपुर रैफर किया।

### 132 नेत्र रोगियों की जांच की

**श्रीमाधोपुर।** रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर सनराइज तथा कपड़ा व्यापार संघ माधोपुर एवं शंकरा आई हॉस्पिटल जयपुर के सौजन्य से बत्तीसवां निशुल्क नेत्र चिकित्सा एवं लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन स्व चौधरी नाथूराम भामू रोटरी भवन श्रीमाधोपुर में बुधवार को किया।

रोटरी क्लब के पुरषोत्तम शर्मा से प्राप्त जानकारी के अनुसार शिविर में कुल 132 रोगियों की जांच कर उनमें से 84 रोगियों का निशुल्क ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण हेतु चयन किया गया, जिनका शंकरा आई हॉस्पिटल जयपुर में निशुल्क ऑपरेशन होगा। इस अवसर पर रोटरी क्लब के पूर्व सह प्रांतपाल डॉक्टर माधव सिंह, चार्टर अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद कसेरा, पूर्व अध्यक्ष बजरंगलाल केडिया, सुरेश चोटिया, पुरुषोत्तम शर्मा, वर्तमान अध्यक्ष शांतिलाल सोनी, सचिव सुशील सैनी व फतेहचंद सोनी ने शिविर स्थल पर प्रबंधन व संचालन में सहयोग दिया। मानव सेवार्थ इस शिविर में कपड़ा व्यापार संघ के अध्यक्ष शिवशंकर चौधरी, सागरमल हलवाई व समाजसेवी रजत लौकनाथका ने भी अपना अमूल्य सहयोग दिया।

# शीतलनाथ महाराज के मेले में उमड़ा जनसैलाब

**नारायणपुर,** (निसं)। ग्राम पंचायत मुण्डावरा में स्थित पर्यटक स्थल तालवृक्ष से तीन किलोमीटर दूर आस्था के प्रतीक क बुधवार को आस्था का जनसैलाब उमड़ा।

मेले के दौरान आसपास क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने डीजे पर नाचते-गाते हुए हाथ में ध्वजा लेकर शीतलनाथ महाराज के चढ़ाई और श्रद्धालुओं ने शीतलनाथ महाराज के धोक देकर मनौती मांगी। सुबह 11 बजे से स्थानीय गायक कलाकार जयराम ठेकला के द्वारा भजनों का कार्यक्रम आयोजित किया गया। दिन में देशी घी का भण्डारे का आयोजन किया गया।

इसमें आसपास क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने पंगत प्रसादी ग्रहण की। मेले में लगाई गई दुकानों पर महिलायें अपने श्रृंगार का सामान और बच्चे खिलोने खरीदते नजर आये। मेले में पूर्व मंत्री डॉ.रोहिताश्व शर्मा ने भी शीतलनाथ महाराज के धोक देकर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर मेले में मौजूद लोगों को डॉ.शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि जाति से ऊपर उठकर विकास करने वाले को वोट दें। इस मौके पर मंदिर पुजारी हनुमान नाथ सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।



**शीतलनाथ महाराज के मेले में भजन-सत्संग कार्यक्रम में कलाकारों ने नृत्य प्रस्तुत किया।**

### स्टाई फंड की मांग, प्रदर्शन किया

**टोंक,** (निसं)। यूनिसिटी कॉलेज ऑफ यूनानी युसुफपुरा चराई में इन्टर्नशिप कर रहे छात्रों ने स्टाई फंड का भुगतान करने की मांग को लेकर बुधवार को विश्वविद्यालय परिसर में प्रदर्शन कर प्राचार्य का घेराव किया।

यूनानी कॉलेज में प्रथम बेच के इन्टर्नशिप करने वाले शोएब खान, मो. शान, कासिब, अकरम, यास्मीन, मानहेला, अमीन, अशफाक, अजरूद्दीन, जोहा, दिलशाद, ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा इन्टर्नशिप करने वाले छात्र-छात्राओं को अब 7 हजार प्रतिमाह को बढाकर 14 हजार रू. कर दिया गया है। हमें इन्टर्नशिप करते हुए तीन माह हो गये है, लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा मनमानी करते हुए इन्टर्नशिप भत्ते का भुगतान नहीं किया जा रहा है। प्रदर्शन कर रहे छात्र-छात्राओं ने अपनी मांगों का ज्ञापन प्राचार्य डॉ. मोहम्मद इरशाद खांन को देकर मांग की है कि कॉलेज में इन्टर्नशिप कर रहे छात्र-छात्राओ को स्टाई फंड 14 हजार रूपया प्रतिमाह एवं डीए दिया जाने के आदेश जारी करें।

## सार-समाचार

### अवध कौशिक सम्मानित



**बहरोड़/नीमराना।** महामहिम राज्यपाल कलराज मिश्र ने संस्कृति युवा संस्था की ओर से आयोजित समारोह में राजस्थान प्रदेश का नाम रोशन करने वाली 31 विभूतियों को प्रशंसा पत्र से सम्मानित किया गया था। राजस्थान गौरव सम्मान समारोह में वरिष्ठ अधिवक्ता सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट अवध बिहारी कौशिक को देश में वन्यजीव संरक्षण एवं वनस्पति विस्तार करने हेतु स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया था। अवध बिहारी कौशिक राजस्थान भवन एवं अन्य संनिर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड के सदस्य कृष्ण गोपाल कौशिक के अनुज हैं। जिन्हें प्रदेश में राजस्थान की विभिन्न प्रतिभाओं को गरिमापूर्ण तरीके से राजस्थान गौरव के अलंकरण से विभूषित किया गया था। अवध कौशिक बहरोड़ के दोसोद गांव से संबंधित व बानसूर के चूला गांव के निवासी हैं।इस अवसर पर अवध बिहारी कौशिक महाराणा मेवाड़ चेरिटेबल फाउंडेशन के ट्रस्टी एवं महाराणा प्रताप के वंशज महाराज कुमार लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ से मुखातिब हुए। इस दौरान उनके साथ पूर्व शिक्षा अधिकारी बृजभूषण कौशिक, रामबिहारी पैलेस अलवर के निदेशक रामबिहारी कौशिक आदि भी थे।

### भाजपा की जिला बैठक आयोजित

**टोंक।** भाजपा टोंक की जिला बैठक भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्र पराणा की अध्यक्षता व जिला प्रभारी अशोक सैनी के आथित्य में रिद्धि सिद्धि होटल में आयोजित हुई। बैठक में सांगठनिक विषयों पर चर्चा हुई। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्र पराणा ने कहा कि बूथ समितियों का सत्यापन, पन्ना प्रमुखों की नियुक्ति को लेकर भाजपा काम कर रही हैं। बूथ समितियों व पन्ना प्रमुख की नियुक्ति से भाजपा मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि हम धन संग्रह समर्पण अपनी पार्टी के लिए करते हैं। भारतीय जनता पार्टी का जिले का एक-एक कार्यकर्ता समर्पण निधि अभियान में इस अभियान को ऐतिहासिक बनाने जुट जाएं। बैठक में पूर्व एससी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष सतीश चंदेल,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामनिवास गुर्जर, लक्ष्मी जैन,भाजयुमो प्रदेश महामंत्री चंद्रवीर सिंह, जिला महामंत्री प्रभु बाडोलिया सहित अन्य मौजूद रहे।

### जुआ खेलते चार जने गिरफ्तार

**बहरोड/ शाहजहांपुर।** जिला पुलिस भिवाड़ी के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक भिवाड़ी के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीमराणा, वृताधिकारी नीमराणा के सुपर विजन में शाहजहांपुर थाना अधिकारी विक्रम सिंह के नेतृत्व में गश्त के दौरान मय जाब्ता कार्यवाही के दौरान सोनू सिंह पुत्र छतरपाल सिंह निवासी गूगलकोटा, संजय पुत्र रामकिशोर जाति अहीर निवासी इंदिरा कॉलोनी शाहजहांपुर को शेखावाटी होटल के पीछे ताश के पत्तों पर जुआ खेलते हुए 5260 के साथ पकड़ा। वहीं दूसरी कार्यवाही में कृष्ण कुमार पुत्र रामकुमार निवासी सांसेड़ी थाना शाहजहांपुर व सुरेश कुमार पुत्र बलबीर जाति अहीर निवासी सांसेड़ी थाना शाहजहांपुर को सांसेड़ी मोड़ से आगे ताश के पत्तों पर जुआ खेलते 5130 के साथ पकड़ा। चारों जुआरियों को कुल राशि 10390 रुपये के साथ गिरफ्तार किया गया।

### रक्तदान शिविर आयोजित

**चाकसू,**(निसं)। स्वर्गीय डॉक्टर भवानी सिंह राजावत की पुण्यतिथि पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन ग्राम चंदलाई में आदर्श विद्या मंदिर में रखा गया। जिसमें 80 यूनिट रक्तदान किया गया। इस दौराण डॉक्टर बी पी सिंह स्त्री रोग विशेषज्ञ के द्वारा अपनी परामर्श सेवाएं मरीजों व आमजन को दी गई। साथ चंदलाई ग्राम पंचायत सरपंच अनिरुद्ध सिंह ने रक्तदान के महत्व को समझाया। इस दौरान ग्राम पंचायत सरपंच अनिरुद्ध सिंह राजावत, श्रीराजपूत सभा जयपुर देहात राम सिंह राजावत, हेम सिंह राठौड़ पूर्व मंडल अध्यक्ष, अर्जुन सिंह राजावत एडवोकेट ,लक्ष्मण सिंह , लल्लू बागड़ा, देवव्रत सिंह राजावत, आदर्श विद्या मंदिर समस्त स्टाफ और चंदलाई ग्रामवासी मौजूद रहे।

### चादर पोशी रस्म के साथ भंडारा



**पावटा,** (निसं)। निकटवर्ती विराटनगर तहसील के मैड गांव में स्थित श्री सीताराम जी मंदिर झुमका के महंत कल्याणदास महाराज के निधन के बाद उनके उत्तराधिकारी राघवेंद्र दास महाराज की चादर पोशी रस्म आयोजित कर तथा भंडारे का आयोजन किया गया। बुधवार को आयोजित इस रस्म में आसपास से पधारे साधु-संतों ने स्वर्गीय कल्याण दासजी महाराज के उत्तराधिकारी को चादर ओढा कर उन्हें महंत की उपाधि प्रदान की। चादर पोशी रस्म में भाजपा नेत्री रानी रत्नाकुमारी, विधायक इंद्राज गुर्जर समेत कई नेताओं ने शिरकत की। भाजपा नेत्री रानी रत्नाकुमारी ने कहा कि धार्मिक आयोजनों से आपसी मेलजोल एवं सदभाव बढता है देश व धर्म की रक्षा के लिए हम सबको सदैव एकजुट रहना चाहिए धर्म हमेशा लोगों को जोडता है। साधु-संतों समेत ग्रामीणों ने उत्तराधिकारी को चादर ओढाकर समानित किया गया। इस अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों ने पंगत प्रसादी पाई।

### झंकार पुस्तक का विमोचन



**मालपुरा,** (निसं)। मध्य राजस्थान प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन तत्वावधान में एवं टोंक जिला माहेश्वरी महिला संगठन के आतिथ्य में मालपुरा माहेश्वरी महिला प्रगति मंडल द्वारा महेश सेवा सदन में परम्परा एक विरासत एवं पुस्तक विमोचन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम संयोजक मनीषा बागला ने बताया कि कार्यक्रम में माहेश्वरी महिला संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष आशा माहेश्वरी सहित महिला संगठन कोठा उपाध्यक्ष ममता मोदानी, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष विमला साबु ने बतौर अतिथि शिरकत की तो पुष्पा छापरवाल किशनगढ, संजू कोगटा विजयनगर, अनुराधा बाहेती कलियास,विमला बडालिया मालपुरा, कार्यक्रम मे सम्मानिय अतिथि के रूप मे मौजूद रहे। अतिथियों ने राजस्थानी संस्कृति से ओत-प्रोत एवं राजस्थानी परम्पराओं व रिवाजों से भरे राजस्थानी गीतों व रस्मों से सजोई राजस्थानी गीत झंकार पुस्तक का विमोचन किया।

### पेड़ से गिरी विवाहिता की मौत

**मालपुरा।** बुधवार को लाम्बाहरिसिंह थाना क्षेत्र के बागड़ी गांव निवासी एक विवाहिता खेत पर कृषि कार्य के दौरान बकरियों के लिए नीम के पेड़ की टहनियां काट रही थी। इसी दौरान संतुलन बिगड़ जाने से विवाहिता संतरा पत्नी हनुमान भील निवासी बागडी पेड़ से नीचे आ गिरी। अचेत हुई विवाहिता को खेत पर कार्य कर रहे परिजनों ने मालपुरा के सरकारी अस्तपाल में उपचार के लिए भर्ती करवाया। चिकित्सकों ने विवाहिता को मृत घोषित किया।

## अवैध गांजा बेचते एक गिरफ्तार

**श्रीमाधोपुर।** स्थानीय पुलिस ने कस्बे के सुरानी बाजार में फैंसी बाजार की गली के पास से एक व्यक्ति को गांजा बेचते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

थानाधिकारी करण सिंह खंगारोत के अनुसार मुखबिर की सूचना पर जब वे टीम के साथ बताए गए स्थान पर पहुंचे तो वहां एक व्यक्ति सफेद रंग की थैली सहित खड़ा था जो पुलिस को देख कर वह घबराया और भागने का प्रयास किया जिसे पुलिस ने घेर कर रोका व नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम सागरमल पुत्र बंशीधर मिठारवाल उम्र 30 वर्ष निवासी ढाणी लाला वाली तन हांसपुर बताया। बताया गया है कि उसके पास मिली थैली में 450 ग्राम गांजा पाया गया। आरोपी द्वारा बिना लाइसेंस परमिट के गांजा कब्जे में रखना जुर्म होने पर उसे गिरफ्तार कर पुलिस थाना श्रीमाधोपुर में एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर प्रकरण अनुसंधान अधिकारी थानाधिकारी रींगस को भेजा गया।

## हंसराज चौहान का सम्मान किया

**श्रीमाधोपुर।** श्रीराम महाविद्यालय श्रीमाधोपुर में बुधवार को रुकटा संरक्षक मंडल एवं संयुक्त सचिव पद पर निर्वाचित होने पर डॉक्टर हंसराज चौहान सह आचार्य राजकीय कन्या महाविद्यालय होद का सम्मान समारोह का आयोजन डॉक्टर हंसराज चौहान टीम एवं निजी महाविद्यालय शिक्षकों द्वारा किया गया।

महाविद्यालय प्राचार्य डॉ सुदर्शन सैनी एवं निदेशक दामोदर कटारिया ने इनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर निजी महाविद्यालय की विभिन्न उपलब्धियों व समस्याओं से अवगत कराया गया तथा माल्यार्पण व साफा पहनाकर डॉक्टर हंसराज चौहान का अभिनंदन किया गया। मंच संचालन कुलदीप कुमावत ने किया। बताया गया है कि सरदार पटेल महाविद्यालय श्रीमाधोपुर के प्राचार्य डॉक्टर आर के बुनकर, निदेशक जगदीश बिजारणिया ने उन्हें शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं वक्ताओं ने सभी निजी शिक्षकों का आभार व्यक्त किया और इसअवसर पर डॉ हंसराज चौहान ने बताया कि शिक्षको को आश्वासन दिया कि हम सभी एक परिवार हैं और सुख दुख के साथी हैं और सदैव सहायता हेतु तत्पर रहने का विश्वास दिलाया। इस अवसर पर भंवर लाल , महेश यादव, कुलदीप कुमावत, प्रमोद कुमार सैनी ,मनमोहन सैनी, बनवारीलाल जितरवाल,योगेश सैनी ,सुरेश सैनी सहित समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

### 'सरकार ने दी ई-चालान, पैलंटी व ब्याज में भारी छूट'

**अलवर,** (निसं)। वाहन स्वामियों के लिए अपने चालान और पैलंटियों व ब्याज से बचने का एक बड़ा अवसर परिवहन विभाग ने दिया है। यह अवसर सीमित समय 31 मार्च तक है। अगर समय रहते वाहन स्वामियों ने इसका फायदा उठा कर अपने चालान और टैक्स इत्यादि जमा करा दिए तो उन्हें भारी मुनाफा हो सकता है वरना एक अप्रेल के बाद सरकार द्वारा दी गई छूट समाप्त हो जाएगी।

आरटीओ रानी जैन ने बताया कि ई रवन्ना के चालान में सरकार द्वारा 99 प्रतिशत छूट दी गई है जिससे जिन लोगों के ई रवन्ना के चालान हुए है वे एक प्रतिशत राशि जमा कराने पर ही भुगते जा सकते हैं उन्होंने वाहन स्वामियों से आग्रह किया है कि सरकार की इस योजना का अधिक से अधिक वाहन स्वामी फायदा उठाए ताकि उनके चालान भुगते जा सके इसी प्रकार वाहन टैक्स पैलंटी और ब्याज पर भी सरकार की तरफ से छूट दी गई है। यह छूट सीमित समय 31 मार्च तक के लिए है अगर समय रहते वाहन स्वामियों ने इसका फायदा उठा लिया तो उन्हें भारी मुनाफा होगा और सरकार को रैवन्यू भी प्राप्त होगा वरना एक अप्रेल के बाद डिफाल्टर वाहनों को परिवहन विभाग के दस्ते रोक कर उन्हें जब्त भी कर सकते है।

## दो सड़क दुर्घटनाओं में एक युवक की मौत, एक गंभीर घायल

- दोनों ही युवक मंडावरी कस्बे के रहने वाले

**लालसोट मंडावरी,** (निसं)। क्षेत्र में दो अलग अलग जगह हुई सड़क दुर्घटनाओं में एक युवक रूपनारायण जांगिड़ की मौत हो गई एवं दूसरी सड़क दुर्घटना में युवक बजरंग लाल बोरदी गंभीर रूप से घायल हो गए।

मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को करीब दोपहर मंडावरी के रहने वाले रूपनारायण जांगिड़ मोटरसाइकिल पर सवार होकर लालसोट की ओर जा रहे थे जहां एसडीएम कोर्ट के पास गौवंश से टकराने से गंभीर रूप से घायल हो गये जहां 108 एंबुलेंस की सहायता से घायल अवस्था में युवक को लालसोट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां गंभीर हालत होने के कारण चिकित्सकों द्वारा घायल रूपनारायण को जयपुर रैफर कर दिया गया जहां जयपुर अस्पताल में उपचार के दौरान घायल की मौत हो गई।

वहीं दूसरी सड़क दुर्घटना मंगलवार रात कस्बे के नगरपालिका के सामने रात्रि करीब साढे आठ बजे राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक तेज रफ्तार बेकाबू अनियंत्रित बलेनो कार ने युवक बजरंग लाल बोरदी को खुद भी चपेट में लेकर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

इस बेकाबू कार की रफ्तार इतनी तेज थी कि कार द्वारा युवक को टक्कर मारने पर युवक करीब सौ फीट दूर जाकर गिरा। इस सड़क दुर्घटना कातिल धमाका सुनकर आसपास की दुकान पर खड़े लोगों द्वारा घायल युवक बजरंग लाल बोरदी को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मंडावरी ले जाकर उपचार के लिए भर्ती कराया गया। वहीं इस सड़क दुर्घटना में गंभीर घायल युवक का चिकित्सको द्वारा युवक की हालत गंभीर होने के कारण उसे प्राथमिक उपचार देकर हायर सेंटर जयपुर के लिए रेफर कर दिया गया।

वही इस सड़क दुर्घटना को लेकर स्थानीय शहर वासियों में खासा आक्रोश रहा। लोगों ने कहा कि मंडावरी क्षेत्र राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या एनएच 11 बी पर स्थित है, लगभग सारे सरकारी उपक्रम संस्थान आदि राष्ट्रीय राजमार्ग के नारे ही संचालित होते हैं। वही राजमार्ग सीधा मध्य प्रदेश को जोड़ने के कारण व्यस्ततम है एवं यहां यातायात का दबाव भी अत्यधिक रहता है। शहर वासियों द्वारा हाईवे प्रशासन से मंडावरी नगर पालिका क्षेत्र में दुर्घटना संभावित जगहों चौराहों तिराहा आदि पर स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग की गई है।

# झगड़े में घायल एक पक्ष के युवक की जयपुर में इलाज के दौरान मौत

- आक्रोशित लोगों ने हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर थाने का घेराव किया

**कोटपूतली,** (निसं)। कस्बे के निकटवर्ती ग्राम गोपालपुरा में विगत 27 फरवरी को दो पक्षों में हुए आपसी झगड़े और मारपीट की घटना में घायल युवक की मंगलवार देर शाम जयपुर के एसएमएस अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई।

इधर इलाज के दौरान युवक की मौत के समाचार की खबर क्षेत्र में आग की तरह फैल गई। घटनाक्रम को लेकर हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर गोपालपुरा सहित आस-पास के गांवों के हजारों लोग पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना व इन्द्राज गुर्जर के नेतृत्व में कोटपूतली थाने पहुंचे। जैसे ही पुलिस प्रशासन को ग्रामीणों द्वारा थाने का घेराव करने की भनक लगी तो जयपुर ग्रामीण एसपी मनीष अग्रवाल के निर्देश पर आसपास के थानों से आये भारी पुलिस बल की मौजूदगी के चलते ग्रामीण युवक के शव को लेकर कोटपूतली थाने पहुंचे। जहां थाने का घेराव करते हुए ग्रामीणों ने घटनाक्रम के सभी आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार कर कड़ी कानूनी कार्यवाही की मांग की।

ग्रामीणों का आरोप था कि पुलिस द्वारा आरोपियों पर कार्यवाही किए जाने की बजाय घटनाक्रम में दर्ज क्रॉस केस में ही कार्यवाही के लिए दबिश दी जा रही है। जबकि आरोपी दिल्ली फरार हो गए हैं। इस दौरान पुलिस अधिकारियों व ग्रामीणों ने तीखी नोंक झोंक भी हुई।

ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि घायल से मिलने के लिए जयपुर पहुंचे पूर्व सरपंच धर्मपाल रावत को भी पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है। जिनके जयपुर अस्पताल में पहुँचने के बाद पुलिस पुछताछ के लिए अस्पताल से बाहर लेकर आई थी। जिसके बाद से ही पूर्व सरपंच का मोबाईल फोन लगातार बंद आ रहा है।

उक्त घटना पर एएसपी विधा प्रकाश व कोटपूतली एसएचओ सवाई सिंह द्वारा अनभिज्ञता जताते हुए कहा गया कि एसएमएस अस्पताल जयपुर ग्रामीण पुलिस के क्षेत्र में नहीं है। ऐसे में उन्हें हिरासत में लिए जाने का सवाल ही नहीं उठता। पुलिस द्वारा पूर्व सरपंच की तलाश करने का आश्वासन दिलाया गया। वहीं पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना व भाजपा जिला उपाध्यक्ष कर्मवीर बोकन ने कहा कि पुलिस किसी भी दबाव में कार्य ना करें। साथ ही घटना के सभी आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार किया जायें।

एएसपी विधा प्रकाश ने बताया कि मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। अब घटना में दर्ज मामले में हत्या की धारा जोड़कर जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा। बाद में दो दिनों में आरोपियों की गिरफ्तारी एवं पूर्व सरपंच की तलाश का आश्वासन देकर मामला शांत करवाया गया। जिसके बाद ग्रामीण मृतक युवक के शव को अंतिम संस्कार के लिए ले गये।

गौरतलब है कि घटनाक्रम में ग्राम गोपालपुरा निवासी महेन्द्र गुर्जर गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसे उपचार के लिए कस्बा स्थित राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल में लाया गया था। जहां से हालत बिगडने पर उसे जयपुर रैफर कर दिया गया था।




**कोटपूतली में थाने का घेराव कर हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग करते ग्रामीण।**

### सोसायटी के लिए जमीन आवंटन की मांग

**बस्सी।** उपखंड बस्सी कस्बे में बुधवार को डॉ.अम्बेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी शाखा बस्सी के सदस्यों द्वारा अध्यक्ष सूरजमल अखरीया के नेतृत्व में नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी अजय कुमार अरोडा को ज्ञापन देकर जमीन आवंटन की मांग की है।

ज्ञापन में बताया गया कि बस्सी कस्बे में डॉ. अम्बेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी राजस्थान शाखा बस्सी वर्ष 1980-81 से लगातार सामाजिक हितों में कार्य कर रही है जिसमें सामाजिक, शिक्षा संबंधी प्रोत्साहन हेतु प्रतिभावान सम्मान समारोह, जयंती समारोह, क्षेत्र की सार्वजनिक समस्याओं के सुधार आदि कार्य शामिल है। सोसाइटी के कार्यों की प्रगति हेतु समय-समय पर जयपुर स्थित कार्यालय भी हमें प्रोत्साहित करता आया है। परंतु हमारी सोसाइटी की मीटिंगों में बैठने के लिए जगह उपलब्ध नहीं है। इसलिए हमारी मांग है कि सोसाइटी के लिए उचित स्थान पर लगभग 500 वर्ग गज जमीन आवंटित करें ताकि सोसायटी अपने सामाजिक कार्यों में लगातार प्रगति करती रहे।



एक सौ प्रतिशत इसके बारे में कोई सवाल नहीं है। हां वह दक्षिण अफ्रीका में नहीं खेले। साथ ही वह 100 प्रतिशत फिट भी नहीं थे। मुझे लगता है कि उसका पेट सही नहीं था जो कि मुझे बताया गया। - सुनील गावस्कर

पूर्व भारतीय कप्तान, श्रेयस अय्यर के श्रीलंका के विरुद्ध टेस्ट श्रृंखला में खेलने को लेकर।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** दासुन शनाका



**भारत** के खिलाफ टी-20 सीरीज में शानदार प्रदर्शन करने वाले लिमिटेड ओवरों के कप्तान दासुन शनाका की श्रीलंकाई टेस्ट टीम में वापसी हो सकती है। शनाका को शुरुआत में टेस्ट टीम में शामिल नहीं किया गया था। लेकिन टी20 सीरीज में कमाल का प्रदर्शन करने के बाद अब शुक्रवार से शुरू हो रही दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए उन्हें श्रीलंकाई टीम में शामिल किए जाने की उम्मीद है। वह मंगलवार को ही चंडीगढ़ पहुंचे हैं और ऐसा माना जा रहा है कि पहले टेस्ट के लिए उन्हें टीम में शामिल किया जा सकता है।

क्या आप जानते हैं ?... मई, 2005 में वेस्टइंडज व दक्षिण अफ्रीका के बीच खेले गये टेस्ट मैच में रिकॉर्ड आठ शतक लगे। दोनों ही टीमों की ओर से चार-चार शतक लगाये गये।

## टीम इंडिया का सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट जारी, रहाणे और पुजारी को लगा झटका

मुंबई, 2 मार्च। बीसीसीआई ने अपने सालाना सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट की घोषणा कर दी है। इसमें टॉप ग्रेड में प्लस में कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली के साथ तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को रखा गया है। वहीं, टेस्ट टीम से बाहर किए गए चेतेश्वर पुजारा और अजिंक्य रहाणे को नुकसान हुआ है। रहाणे और पुजारा को ताजा सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट की लिस्ट में ग्रेड ए से ग्रेड बी में डिमोट किया गया।इन दोनों खिलाड़ियों को श्रीलंका के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज से भी बाहर कर दिया गया था।

हालांकि सबसे बड़ी गिरावट चोटों से जूझ रहे ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या के ग्रेड में रही, जिन्हें लिस्ट में ग्रेड ए से सीधे ग्रेड सी में डिमोट कर कर दिया गया है। इसके अलावा अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज ऋद्धिमान साहा को टेस्ट टीम से बाहर किए जाने के बाद बीसीसीआई केंद्रीय अनुबंध में ग्रेड बी से सी में डिमोट कर दिया गया है। लेकिन इसके बावजूद उन्हें साल में एक करोड़ रुपये मिलेंगे।



ऑल इंडिया सीनियर सलेक्शन कमेटी द्वारा की गई सिफारिश के आधार पर बीसीसीआई की अपेक्स काउंसिल ने बुधवार को खिलाड़ियों को रिटेंशन की लिस्ट जारी की। बीसीसीआई के ग्रेड के चार वर्ग हैं जिसमें ए प्लस में खिलाड़ियों को सात करोड़ रुपये जबकि ए, बी और सी वर्गों में क्रमशः पांच करोड़ रुपये, तीन करोड़ रुपये और एक करोड़ रुपये दिए जाते हैं। खिलाड़ियों का यह सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट एक अक्टूबर 2021 से सितंबर 2022 तक के लिए है। सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट के अनुसार, ए प्लस ग्रेड में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

जबकि बी ग्रेड में 10 खिलाड़ियों में से पांच को बाहर कर दिया गया है। वहीं, ग्रेड बी में इजाफा किया गया है। इस ग्रेड में 5 से बढ़ाकर खिलाड़ियों की संख्या सात कर दी गई है। वहीं, सी ग्रेड में दो और खिलाड़ियों को शामिल किया गया और इनकी संख्या 12 हो गई है।

**ग्रेड ए प्लस :** रोहित शर्मा, विराट कोहली, जयसप्रीत बुमराह। **ग्रेड ए :** रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा, केएल राहुल, मोहम्मद शमी, ऋषभ पंत। **ग्रेड बी :** चेतेश्वर पुजारा, अजिंक्य रहाणे, अक्षर पटेल, शार्दुल ठाकुर, श्रेयस अय्यर, मोहम्मद सिराज, इशांत शर्मा। **ग्रेड सी :** शिखर धवन, उमेश यादव, भुवनेश्वर कुमार, हार्दिक पांड्या, वाशिंग्टन सुंदर, दीपक चाहर, शुभमन गिल, हनुमा विहारी, युजवेंद्र चहल, सूर्यकुमार यादव, रिद्धिमान साहा, मयंक अग्रवाल।

## भारत और डेनमार्क दोनों ने किया अपनी-अपनी जीत का दावा

### डेविस कप

नयी दिल्ली, 2 मार्च। भारत के कप्तान रोहित राजपाल और डेनमार्क के कप्तान फ्रेडरिक नीलसन ने चार और पांच मार्च को यहां दिल्ली जिमखाना क्लब में होने वाले डेविस कप विश्व ग्रुप 1 प्लेऑफ मुकाबले में अपनी-अपनी टीमों की जीत का दावा किया है। कोविड के कारण राजधानी में छाये खेलों के सन्नाटे के बीच बड़े खेल आयोजन की दिल्ली में वापसी हो रही है। भारत ने तीन साल पहले कोलकाता में इटली की डेविस कप के लिए मेजबानी की थी और उसे 1-3 से हार का सामना करना पड़ा था।

दिल्ली में खिली धूप और मुकाबले के लिए ग्रास कोर्ट का चयन भारत को जीत का दावेदार बनाता है जबकि डेनमार्क भी अपसेट का दावा कर रहा है। दोनों कप्तानों ने मुकाबले के गुरूवार को होने वाले ड्रा की पूर्वसंध्या पर मीडिया को सम्बोधित किया। टूर्नामेंट का ड्रा केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण निकालेंगी।

डेनमार्क के कप्तान ने यूक्रेन पर रूसी हमले को लेकर काफी नाराजगी व्यक्त की और कहा, मुझे यकीन नहीं होता कि यह हमारे समय में हो रहा है। किसी दूसरे देश में घुसकर लोगों को मारना मुझे काफी बुरा लग रहा है। यह वैश्विक नेताओं के लिए काफी शर्मनाक है। मैं शांति का समर्थक हूं और उम्मीद करता हूं कि इसका हल जल्दी निकल आएगा।

भारत के गैर खिलाड़ी कप्तान राजपाल ने अपनी टीम की तैयारियों पर प्रसन्नता जताई और कहा कि सब कुछ टीम की योजना के अनुसार हो रहा है। उन्होंने कहा,हमें ख़ुशी है कि हम यहां जल्दी आ गए। हम मुकाबले से पहले 10 दिन चाहते थे। खिलाड़ियों ने पुणे में टाटा ओपन, बेंगलुरु और दुबई में टूर्नामेंट खेले। चूंकि वे हार्ड कोर्ट पर खेल रहे थे इसलिए हमें ग्रास कोर्ट पर अभ्यस्त होने के लिए समय चाहिए था और अब तक सब कुछ योजना के अनुसार रहा है।

दोनों कप्तानों ने अपनी युगल जोड़ी का खुलासा करने से इंकार कर दिया। नीलसन ने इस बात को ख़ारिज कर दिया कि मेजबान टीम उनके मुकाबले मजबूत है। उन्होंने कहा, हमारी टीम में सबसे अनुभवी खिलाड़ी माइकल टोरपेगार्ड (रैंकिंग 210) है लेकिन हमारे पास कई अच्छे युवा खिलाड़ी भी हैं। एक 18 वर्षीय खिलाड़ी है जो भविष्य में चलकर बड़ा नाम बन सकता है। दो खिलाड़ी कॉलेज के लड़के हैं। नीलसन ने यहां के कोर्ट को पुराने ग्रास कोर्ट जैसा बताते हुए मेजबान टीम को चेतावनी दी कि कि वे उनकी टीम को हलके में नहीं लें। उन्होंने कहा कि यह समय बताएगा कि परिस्थितियां किसके लिए फायदेमंद हैं। उन्होंने कहा,मैं अपने मौकों को भी देखता हूं। हम यहां जीतने आये हैं। हम यहां केवल नंबरों के लिए नहीं आये हैं। मुझे अपने लड़कों पर पूरा भरोसा है।

## रूसी, बेलारूसी एथलीट चीन में तटस्थ भागीदारों के रूप में प्रतिस्पर्धा करेंगे

बॉन (जर्मनी), 2 मार्च। अंतरराष्ट्रीय पैरालंपिक समिति (आईपीसी) ने बुधवार को घोषणा की कि रूसी और बेलारूसी एथलीट पैरालंपिक शीतकालीन खेलों 2022 में तटस्थ भागीदार के रूप में भाग लेंगे, जो कि बीजिंग में चार से 13 मार्च तक होगा। आईपीसी ने एक बयान में कहा, रूसी पैरालंपिक समिति और एनपीसी बेलारूस पैरालंपिक ध्वज के तहत प्रतिस्पर्धा करेंगे और पदक तालिका में शामिल नहीं होंगे। रूसी पैरालंपिक समिति और बेलारूस प्रतिनिधिमंडल को सभी आधिकारिक समारोहों और खेल प्रतियोगिताओं में अपनी जर्सी पर आरपीसी प्रतीक को कवर करना होगा। आईपीसी गवर्निंग बोर्ड ने यह निर्णय भी लिया है कि वह अगली सूचना तक रूस या बेलारूस में कोई टूर्नामेंट आयोजित नहीं किया जाएगा। इसमें विश्व और यूरोपीय चैंपियनशिप, विश्व सीरीज, विश्व कप और ग्रां प्री जैसी सभी स्वीकृत स्तर की प्रतियोगिताएं शामिल होंगी। वहीं ओलंपिक संघर्ष विराम के अनुपालन को सदस्यता की आवश्यकता बनाने और रूसी पैरालंपिक समिति तथा बेलारूस पैरालंपिक समिति की सदस्यता को निलंबित या समाप्त करने को लेकर 2022 में असाधारण सामान्य सभा आयोजित करेगा।

## श्रेयस ने लगाई लंबी छलांग, विराट कोहली टॉप 10 से बाहर

दुबई, 2 मार्च। श्रीलंका के ख़िलाफ़ तीन मैचों की टी20 अंतर्राष्ट्रीय सीरीज़ में तीन नाबाद अर्धशतक बनाने वाले श्रेयस अय्यर ने आईसीसी की टी20 अंतर्राष्ट्रीय रैंकिंग में 27 स्थानों की लंबी छलांग लगाई हैं। अब वह विश्व रैंकिंग में 18वें स्थान पर जा पहुंचे हैं। जहां अय्यर आगे बढ़े, वहीं उनके साथी विराट कोहली, जिन्हें इस सीरीज़ में आराम दिया गया था, शीर्ष 10 बल्लेबाज़ों की सूची से फिसलकर 15वें पायदान पर चले गए हैं। भारत ने यह सीरीज 3-0 से जीती।

भारत के ख़िलाफ़ दूसरे टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच में 75 रन बनाने वाले युवा बल्लेबाज़ पथुम निसंका ने शीर्ष 10 में प्रवेश किया है। वह अब नौवें स्थान पर



विराजमान हैं। वहीं न्यूज़ीलैंड में दमदार वापसी करते हुए टेस्ट सीरीज़ को 1-1 से बराबर करने के बाद दक्षिण अफ्रीका के सुपरस्टार तेज गेंदबाज कैगिसो रबादा तेज़ गेंदबाज़ों की रैंकिंग में तीसरे स्थान पर क़ब्ज़ा कर चुके हैं। अब केवल पैट कमिंस और रविचंद्रन अश्विन टेस्ट रैंकिंग में रबादा से आगे हैं। न्यूज़ीलैंड की ओर से काइल जेमीसन टेस्ट गेंदबाज़ों की सूची में पांचवें जबकि टिम साउदी छठे स्थान पर खिसक गए हैं।

बांग्लादेश के ख़िलाफ़ वनडे सीरीज़ में कुल पांच विकेट लेकर राशिद ख़ान ने वनडे क्रिकेट के शीर्ष 10 गेंदबाज़ों की सूची में धमाकेदार वापसी की हैं। इस सीरीज़ में गेंद के साथ कमाल नहीं दिखाने वाले मेहदी हसन मिराज़ सातवें स्थान पर जा गिरे हैं। वहीं दूसरे और तीसरे वनडे में बड़े स्कोर बनाने वाले लिटन दास बल्लेबाज़ों के मामले में करियर के सर्वश्रेष्ठ 32वें स्थान पर विराजमान हैं।

## अंकुर चड्डा और संजीव कुमार ने बनायी संयुक्त बढ़त

अहमदाबाद, 2 मार्च। गुरुग्राम के अंकुर चड्ढा (35-33) और लखनऊ के संजीव कुमार (35-33) ने ग्लेड वन मास्टर्स गोल्फ टूर्नामेंट के दूसरे दिन बुधवार को संयुक्त बढ़त बना ली। दोनों का स्कोर चार अंडर 68 है। टूर्नामेंट के पहले दो राउंड नौ-नौ होल के हैं और 18 होल के बाद कट लगाया जाएगा। तीसरा और चौथा राउंड 18-18 होल का होगा। टूर्नामेंट कुल 54 होल का खेला जाएगा। पहले दो राउंड का पार स्कोर 36 है। अंकुर और संजीव कल पहले दिन एक अंडर 35 के स्कोर के साथ संयुक्त नौवें स्थान पर थे लेकिन दूसरे दिन उन्होंने तीन अंडर 33 का बेहतरीन कार्ड खेला।

## महिला क्रिकेट विश्वकप में 10 प्रतिशत दर्शकों की अनुमति

क्राइस्टचर्च, 2 मार्च। आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2022 के लिए 10 प्रतिशत दर्शकों को स्टेडियम्स में बैठने की अनुमति दी जाएगी। टूर्नामेंट को न्यूजीलैंड के स्वास्थ्य मंत्रालय के कोरोना रोकथाम नियम से छूट मिल गई है और विश्व कप के पहले हफ्तों के मैचों के टिकट बिक्री के लिए उपलब्ध हो गए हैं।

पहले टिकटों की बिक्री रोक दी गई थी, तब आयोजकों ने कोरोना रोकथाम नियम के तहत टूर्नामेंट को आयोजित करने की आवश्यकताओं पर काम किया था, लेकिन अब स्टेडियम्स में दर्शकों की 10 प्रतिशत तक क्षमता को अनुमति दी गई है, हालांकि दर्शकों को पूरे आयोजन स्थल में एक-दूसरे से सोशल डिस्टेंसिंग बनाए रखनी होगी। अब सीमित दर्शक टूर्नामेंट के 31 मैचों में से पहले सात मैचों के टिकट खरीद सकते हैं। आगामी दिनों में और अधिक मैचों के टिकटों की बिक्री की उम्मीद है।

टूर्नामेंट की मुख्य कार्यकारी अधिकारी एंड्रिया नेल्सन ने कहा, हम अचंबित हैं। इसका मतलब है कि टूर्नामेंट में एक सुरक्षित प्रशंसक अनुभव होगा, जिससे टूर्नामेंट का संचालन करना बहुत आसान होगा। क्रिकेट प्रशंसकों के लिए अच्छी खबर यह है कि वे अब हर मैच में अपना पसंदीदा स्थान आसानी से चुन सकते हैं, जैसा कि वे आमतौर पर करते हैं। हमें दृढ़ विश्वास है कि हम दर्शकों के लिए सबसे सुरक्षित तरीके से टूर्नामेंट का आयोजन कर सकते हैं। प्रशंसकों का मैदान के किनारे पर आना स्वाभाविक है, लेकिन हमारे खुले स्थानों पर वेंटिलेशन के साथ यह कोई समस्या नहीं है।

## बागान सेमीफाइनल में पहुंचेगी या फिर चेन्नइयन पार्टी खराब करेगी

फातोरदा, 2 मार्च। एटीके मोहन बागान लगातार दूसरे सेमीफाइनल में जगह बनाने और शीर्ष स्थान से दूरी को कम करने की कोशिश करेगा, जब मरून एंड ग्रीन ब्रिगेड गुरुवार को यहां स्थित जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में हीरो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2021-22 का लीग मुकाबला चेन्नइयन एफसी से खेलेगी।

मोहन बागान 14 मैचों से अपराजित चल रही है और हीरो आईएसएल के इतिहास में यह अपराजित रहने का दूसरा सबसे लम्बा अभियान है। बागान 34 अंक लेकर तालिका में तीसरे स्थान पर है और उसके दो मैच शेष हैं। इस मैच से एक अंक मिलने पर भी उसका लगातार दूसरे साल सेमीफाइनल में स्थान पक्का हो जाएगा। अगर मैरिनर्स ये मैच जीत लेते हैं तो उनके अंक लीग लीडर जमशेदपुर एफसी के बराबर हो जाएंगे, जिन्होंने मंगलवार को हैदराबाद से शीर्ष स्थान छीना था।

स्पेनिश कोच जुआन फेरांडो की टीम के 14 मैचों में अपराजित रहने में हुगो बुमो और जॉनी काउको की तरह भारतीय फॉरवर्ड लिस्टन कोलासो और मनवीर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस दौरान कोलासो ने छह और मनवीर ने पांच गोल दागे। कोलासो अपने 50वें मैच में चेन्नइयन के खिलाफ उतरेंगे और फॉर्म में चल रहा यह स्ट्राइकर अपनी टीम को सेमीफाइनल में क्वालीफाई कराने में भूमिका निभाना चाहेगा। इस सीजन में बागान के कुल गोल में से भारतीय खिलाड़ी 19 गोल कर चुके हैं, जो कि 52.78 है। उधर, पूर्व चैम्पियन चेन्नइयन इस सीजन को भुलना चाहेंगे। उन्होंने अपने पिछले मैच में केरला ब्लास्टर्स के खिलाफ तीन गोल खाए थे।

## आईएसएसएफ ने रूस, बेलारूस के निशानेबाजों पर लगाया प्रतिबंध

म्यूनिख, 2 मार्च। अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ ने यूक्रेन पर रूस के हमले के बीच रूस और बेलारूस के निशानेबाजों पर सभी स्पर्धाओं में भाग लेने पर प्रतिबंध लगा दिया है। आईएसएसएफ ने मिस्त्र के काहिरा में चल रहे निशानेबाजी विश्व कप के दौरान यह फैसला लिया है, जहां मंगलवार तक रूसी निशानेबाज प्रतिस्पर्धा कर रहे थे। आईएसएसएफ का बयान का मतलब है कि रूसी निशानेबाज अब इस इवेंट में आगे प्रतिस्पर्धा नहीं कर पाएंगे। आईएसएसएफ ने बुधवार को एक बयान में कहा, आईओसी कार्यकारी बोर्ड के इस संबंध में लिए गए निर्णय और आईओसी अध्यक्ष के साथ बैठक के बाद आईएसएसएफ ने फैसला किया है कि रूसी संघ और बेलारूस के एथलीटों को आईएसएसएफ चैंपियनशिप में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। यह निर्णय एक मार्च 2022 से लागू हुआ है और अगली सूचना तक मान्य रहेगा। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में आईएसएसएफ का नेतृत्व व्लादिमीर लिसिन (अध्यक्ष) और एलेक्जेंडर रैटनर (महासचिव) की रूसी जोड़ी कर रही है।

## चोट की वजह से आईपीएल के ज्यादातर मैचों से बाहर हो सकते हैं दीपक चाहर

चेन्नई, 2 मार्च। आईपीएल की गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स को 2022 सीज़न की शुरुआत से पहले बड़ा झटका लगा है, उनके मुख्य तेज़ गेंदबाज़ दीपक चाहर अगर पूरे आईपीएल में नहीं खेलते हैं तो कम से कम चोट की वजह से टूर्नामेंट के बड़े हिस्से में अनुपलब्ध रह सकते हैं। क्रिकइंफ़ो को पता चला है कि वेस्टइंडीज़ के ख़िलाफ़ दीपक को जो क्वाड्रीसेप (जांघ की मांसपेशियों) में दरार आई थी, उससे ठीक होने में उन्हें कई सप्ताह लग सकते है, जिसका मतलब है कि वह 26 मार्च से 29 मई तक खेले जाने वाले आईपीएल में खेलने से चूक सकते हैं।

समझा जाता है कि चेन्नई सुपर किंग्स को राष्ट्रीय क्रिकेट एकेडमी से अंतिम मूल्यांकन का इंतज़ार है, जहां पर दीपक इस समय रिहैब कर रहे हैं। 29 वर्षीय दीपक आईपीएल 2022 की नीलामी में दूसरे सबसे बड़े खिलाड़ी थे, जिन्हें सीएसके ने 14 करोड़ में ख़रीदा था। गेंदबाज़ी हरफ़नमौला के रूप में उभरने के बाद उनको ख़रीदने के लिए



नीलामी में प्रतिस्पर्धा देखी गई थी। अपने पिछले तीन वनडे मैचों में दीपक ने मैच बदलने वाली पारियां खेली थी, जिसमें 69 (श्रीलंका के ख़िलाफ़), 54 (साउथ अफ्रीका के ख़िलाफ़) और 38 (वेस्टइंडीज़ के ख़िलाफ़) शामिल हैं।

नीलामी में पहले दिल्ली कैपिटल्स और सनराइज़र्स हैदराबाद में उनको लेकर प्रतिस्पर्धा हुई और सीएसके अंत में बोली में कूदी। दीपक 2018 से सीएसके का हिस्सा हैं, लेकिन उन्हें रिटेन नहीं किया गया था। हालांकि नीलामी में सीएसके की रणनीति अपने पिछले कोर ग्रुप को जोड़ने की ही रही थी। दीपक के लिए उन्होंने 11 करोड़ की बोली लगाई, जो उनके आईपीएल नीलामी इतिहास की सबसे बड़ी बोली भी थी।

दीपक आईपीएल में सबसे पहले राइज़िंग पुणे सुपर जायंट्स के लिए 2016 में खेले थे, तब वह अनकैप्ड भारतीय तेज़ गेंदबाज़ थे और उन्हें 10 लाख रुपये के बेस प्राइज़ में ख़रीदा गया था। 2018 की मेगा नीलामी में उन्हें सीएसके ने 80 लाख रुपये में ख़रीदा। यह उनके लिए अच्छी ख़रीद साबित हुई, जहां दीपक ने 58 मैचों में 58 विकेट लिए, जिसमें 42 विकेट पावरप्ले (पहले छह ओवर) में थे, जो पिछले चार सालों में सबसे ज़्यादा थे, उनके बाद न्यूज़ीलैंड के तेज़ गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट ने पावरप्ले में 27 विकेट लिए हैं।

## पुतिन ने ब्लैक बेल्ट उपाधि गंवाई

सियोल (दक्षिण कोरिया), 2 मार्च। रूस द्वारा यूक्रेन पर हमला करने के चलते राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से उनकी मानद ताइक्वांडो ब्लैक बेल्ट छीन ली गई है। विश्व ताइक्वांडो ने एक बयान में कहा कि उसने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को नवंबर 2013 में दी गई 9वीं डैन ब्लैक बेल्ट मानद वापस लेने का फैसला किया है। विश्व ताइक्वांडो ने कहा, विश्व ताइक्वांडो रूस द्वारा यूक्रेन पर किए हमले की कड़ी निंदा करता है। विश्व ताइक्वांडो की शांति दृष्टिकोण रूसी हमले से अधिक कीमती है और यह विश्व ताइक्वांडो के सम्मान और सहिष्णुता मूल्यों के खिलाफ है। रूस पर और कड़े प्रतिबंध लगाते हुए अंतरराष्ट्रीय ताइक्वांडो संघ ने कहा है कि वह रूस और बेलारूस में न तो कोई खेल आयोजित करेगा और न ही उसे मान्यता देगा। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक संघ समिति के साथ एकजुटता दिखाते हुए विश्व ताइक्वांडो आयोजनों में बेलारूस और रूस के राष्ट्रीय ध्वज नहीं दिखाए जाएंगी और न ही दोनों देशों का राष्ट्रगान सुनाई देगा।

## कृष पाल ने एशियाई युवा और जूनियर बॉक्सिंग में भारत को विजयी शुरुआत दिलाई

नयी दिल्ली, 2 मार्च। जूनियर मुक्केबाज कृष पाल ने बुधवार को जॉर्डन की राजधानी अम्मान में शुरू हुए 2022 एएसबीसी एशियाई युवा और जूनियर मुक्केबाजी चैंपियनशिप में जीत के साथ भारतीय चुनौती का आगाज किया है। कृष ने 46 किग्रा जूनियर लड़कों के पहले दौर के मैच में उज्बेकिस्तान के सोबिरजोन तस्तानोव को हराया। पिछले जूनियर नेशनल में मोस्ट प्रॉमिसिंग बॉक्सर चुने गए चंडीगढ़ निवासी कृष ने 4-1 से जीत दर्ज की। अब वह अगले दौर में फिलीपींस के रॉबर्ट मालू से भिड़ेंगे।दोनों मुक्केबाजों के बीच बराबरी का मुकाबला हुआ लेकिन कृष अपने प्रतिद्वंद्वी पर भारी पड़े और अंततः जीत हासिल करने में सफल रहे। आज रात बाद में दो अन्य भारतीय मुक्केबाज जूनियर एवं ब्वाएज वर्ग में अपने अभियान का आगाज करेंगे। रवि सैनी जहां 48 किग्रा भार वर्ग में संयुक्त अरब अमीरात के अल्सेदरानी अली बादेर से भिड़ेंगे वहीं जान लापुंग 52 किग्रा भार वर्ग के पहले राउंड के मुकाबले में किर्गिस्तान के लासनोव निजामेदीन से का सामना करेंगे। भारत ने एशियाई युवा और जूनियर चैंपियनशिप के लिए 50 सदस्यीय दल जार्डन भेजा है। इस दल में जूनियर और यूथ दोनों वर्ग के 25-25 मुक्केबाज शामिल हैं। 16 मार्च तक चलने वाले इस महाद्वीपीय आयोजन में जोरदार प्रतिस्पर्धा होनी की उम्मीद है क्योंकि इसमें भारत के अलावा, ईरान, कजाकिस्तान, मंगोलिया, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान सहित 21 देशों के 352 मुक्केबाज हिस्सा ले रहे हैं।

## पिछली दो पारियों ने मुझे आत्मविश्वास दिया : हरमनप्रीत कौर

**बेशक मेरे प्रदर्शन में उतार-चढ़ाव रहे हैं, लेकिन अभ्यास मैच में 100 और न्यूजीलैंड के खिलाफ पांचवें वनडे ने मुझे आत्मविश्वास दिया है। मुझे जो लय चाहिए थी, वह मुझे मिल गई है। मुझे खुद से उम्मीदें हैं। मैं टीम में अपनी भूमिका के महत्व को जानती हूं।**

तोरंगा, 2 मार्च। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की उप कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा है कि उनके द्वारा खेली पिछली दो वनडे पारियों ने उन्हें आत्मविश्वास दिया है। खराब दौर से गुजर रही हरमनप्रीत ने 24 फरवरी को न्यूजीलैंड के खिलाफ पांचवें और आखिरी वनडे मैच में 63 रन की अर्धशतकीय पारी और 27 फरवरी को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले महिला विश्व कप 2022 अभ्यास मैच में 103 रन की शतकीय पारी खेली थी। वह हालांकि कलाई में दर्द के कारण वेस्ट इंडीज के खिलाफ दूसरा अभ्यास मैच नहीं खेल पाईं थीं।

हरमनप्रीत ने उन लोगों का शुक्रिया अदा किया है, जिन्होंने मुश्किल दौर से गुजरने के दौरान उन्हें आत्मविश्वास दिया। उन्होंने बुधवार को यहां वर्चुअल संवाददाता सम्मेलन में कहा, मुग्धा बावरे मैम ने मेरी बहुत मदद की है। मैं न्यूजीलैंड के खिलाफ मैचों के दौरान एक शेल में जा रही थी और उन्होंने मुझसे बात की और महसूस किया कि मैं सच में उन समाधानों की तलाश कर रही हूं जो उन्होंने मुझे दिए थे। मेरे दिमाग में यह चल रहा था, लेकिन



उनके साथ बात करने से मुझे स्पष्ट विचार मिले जिससे मुझे मदद मिली। मेरे दिमाग में बहुत सी चीजें थीं, मुझे स्पष्ट विचारों की जरूरत थी, जो मुझे मुग्धा बावरे मैम के साथ बातचीत से मिले और फिर परिणाम आए। सभी ने मेरी मदद की है। उन्हें ध्यान में रखूंगा और फॉर्म जारी रखूंगी।

न्यूजीलैंड से एकमात्र टी-20 और पांच मैचों की वनडे सीरीज में 1-4 से हार पर हरमनप्रीत ने कहा, हमने एक टीम के रूप में पिछले तीन मैचों में हमारा टीम संयोजन और लय प्राप्त की है। उम्मीद है कि हम इसे जारी रखेंगे। बेशक मेरे प्रदर्शन में उतार-चढ़ाव रहे हैं, लेकिन अभ्यास मैच में 100 और न्यूजीलैंड के खिलाफ पांचवें वनडे ने मुझे आत्मविश्वास दिया है। मुझे जो लय चाहिए थी, वह मुझे मिल गई है। मुझे खुद से उम्मीदें हैं। मैं टीम में अपनी भूमिका के महत्व को जानती हूं। हर बार जब मैं अच्छा करना चाहता हूं, तब कभी-कभी चीजें काम नहीं करतीं। मेरे करीबी लोगों ने मुझे बहुत आत्मविश्वास दिया है, इसके लिए मैंच सच में उनकी आभारी हूं।

इस बीच भारतीय टीम ने एक आश्चर्यजनक फैसला लेते हुए ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा को बल्लेबाजी लाइन-अप में तीसरे स्थान पर पदोन्नत किया है, जिस पर आमतौर पर कप्तान मिताली राज बल्लेबाजी करती हैं और उनके बाद हरमनप्रीत चौथे नंबर पर हैं। हरमनप्रीत ने विश्व कप में उनकी बल्लेबाजी की स्थिति के बारे में पूछे जाने पर कहा, मैं नंबर चार पर बल्लेबाजी करने में अधिक सहज हूं, लेकिन टीम की जो भी मांग है, हमें उसके अनुसार बल्लेबाजी करने की जरूरत है। अभी के लिए मैं सिर्फ पांच नंबर पर खेलूंगी, लेकिन अगर जरूरत पड़ी तो हम मैच की परिस्थितियों के आधार पर फैसला ले सकते हैं।

## अर्चना, श्रीजा डब्ल्यूटीटी कंटेडर के एकल मुख्य ड्रॉ में

मस्कट, 2 मार्च। भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी अर्चना कामथ और श्रीजा अकुला ने यहां डब्ल्यूटीटी कंटेडर के महिला एकल के मुख्य ड्रॉ में प्रवेश कर लिया है। दोनों भारतीय खिलाड़ियों ने मुख्य ड्रॉ के लिए क्वालीफाई करने के लिए पिछले तीन राउंड खेले। दो राउंड्स में अच्छा प्रदर्शन करने के बाद अर्चना ने मंगलवार को सुल्तान कबूस स्पोर्ट कॉम्प्लेक्स में तीसरे दौर में तुर्की की ओजगे यिलमाज को चार सेटों के संघर्ष में 3-1 (11-8, 5-11, 12-10, 11-7) से हराया, जबकि श्रीजा ने चीन की हुईजिंग यांग को पांच सेटों के संघर्ष में 3-2 (3-11, 11-7, 12-10, 9-11, 12-10) से मात दी।

अर्चनर ने दूसरे दौर में हमवतन सेलेना सेल्वाकुमार को सीधे सेटों में 3-0 (11-7, 11-6, 11-7) से हराया था, जबकि श्रीजा ने सर्बिया की ईवा जुरकोवा को 3-0 (11-6, 11-4, 11-5) से पराजित किया था। श्रीजा ने पहले दौर में सिंगापुर की झांग वानलिंग को 3-0 (11-4, 11-6, 8-11) से हराया और अर्चना को पहले राउंड में बाई मिली।

एकल स्पर्धा के अलावा श्रीजा ने अपनी साथी सेलेना सेल्वाकुमार के साथ प्रारंभिक दौर जीतकर महिला युगल के लिए भी क्वालीफाई किया। वहीं अर्चना को पहले ही ड्रॉ में महिला और मिश्रित युगल में सीधा प्रवेश मिल चुका है।

## कोहली और रोहित ने जमकर अभ्यास किया

मोहाली, 2 मार्च। पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली ने अपने 100वें टेस्ट की तैयारियों के लिये यहां पीसीए स्टेडियम में नेट पर जमकर अभ्यास किया और उनके साथ ही कप्तान रोहित शर्मा ने भी काफी बल्लेबाजी अभ्यास किया। दोनों स्टार खिलाड़ियों ने कई कई बार विभिन्न नेट-थ्रोडाउन, स्पिनरों के, तेज गेंदबाजों के और नेट गेंदबाजों के खिलाफ-पर बल्लेबाजी की।

रोहित ने जहां मोहम्मद शमी की गेंदों पर शॉट खेले तो वहीं कोहली ने अपने 100वें टेस्ट से 48 घंटे पहले मोहम्मद सिराज की गेंदों पर कवर ड्राइव लगाये। दोनों ने अलग अलग समय अलग नेट पर बल्लेबाजी की। एक समय उप कप्तान रहे रोहित 30 गज की दूरी से पूर्व कप्तान कोहली के अभ्यास पर भी नजर लगाये थे। रोहित ने करीब 45 मिनट तक बल्लेबाजी



करने के बाद टीम के अभ्यास की निगरानी भी की। इस दौरान वह दो बार बायें हाथ के स्पिनर सौरभ कुमार पर शॉट लगाते दिखे। जब वह बल्लेबाजी कर रहे थे तो कोहली बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ और रविंद्र जडेजा के साथ बातचीत कर रहे थे जिसमें उनके बीच हंसकर बातें हो रही थीं जिससे दिख रहा था कि वह काफी 'रिलैक्स' हैं और 100वें टेस्ट को लेकर कोई दबाव नहीं है।



तीन अलग-अलग विमानों से उदयपुर संभाग के 20 विद्यार्थी बुधवार को डबोक एयरपोर्ट पहुंचे। बांसवाड़ा, भीलवाड़ा, डूंगरपुर और निम्बाहेड़ा के इन विद्यार्थियों की सकुशल वापसी पर ए.डी.एम. अशोक कुमार ने एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया।

# उदयपुर संभाग के 20 विद्यार्थी यूक्रेन से लौटे

## इनमें से 13 बांसवाड़ा, 2 भीलवाड़ा, 4 डूंगरपुर और एक छात्र चित्तौड़गढ़ का रहने वाला है

उदयपुर, 2 मार्च (निस)। रूस-यूक्रेन संकट के बीच यूक्रेन में फंसे भारतीय विद्यार्थियों को सकुशल स्वदेश लाने की मुहिम लगातार जारी है। प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के अहम फैसले पर राजकीय खर्च से इन बच्चों को घर तक पहुंचाने की व्यवस्था की गई। इसी कड़ी में बुधवार को तीन अगल-अलग विमानों से उदयपुर संभाग के 20 विद्यार्थी उदयपुर के डबोक एयरपोर्ट पर पहुंचे। इनमें 13 बच्चे बांसवाडा, 2 भीलवाड़ा, 4 डूंगरपुर से और 1 चित्तौड़गढ़ के निम्बाहेड़ा से है।

डबोक एयरपोर्ट पर एडीएम अशोक कुमार ने इन सभी बच्चों की अगवानी की और सकुशल स्वदेश पहुंचने पर बच्चों का स्वागत किया। एयरपोर्ट पर समाजसेवी पीयूष कच्छावा और मनोज कुमावत की तरफ से अल्पाहार पैकेट बांटे गए। एडीएम कुमार ने बच्चों से बातचीत की। इसके बाद इन बच्चों को राज्य सरकार की तरफ से सरकारी खर्चे पर घरों के लिए किया रवाना किया। इस अवसर पर वल्लभनगर एसडीएम श्रवणसिंह राठौड़ और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

यूक्रेन से सकुशल अपने घर लौटे निम्बाहेड़ा उपखण्ड के अरनोदा निवासी महेश पिता सुरेश टांक ने 2 मार्च, बुधवार को निम्बाहेड़ा स्थित भाजपा कार्यालय पर पूर्व मंत्री श्रीचंद कृपलानी को धन्यवाद व आभार प्रकट करते कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार यूक्रेन में फंसे छात्रों की स्वदेश वापसी का सराहनीय कार्य कर रही है।

इस अवसर पर भाजपा कार्यालय पर पूर्व मंत्री श्रीचंद कृपलानी सहित पूर्व विधायक अशोक नवलखा, भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष नितिन चतुर्वेदी सहित भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने उनका अभिनंदन किया।

बांसवाड़ा संवाददाता के अनुसार : यूक्रेन से बांसवाड़ा के 7 छात्र सकुशल लौटे। बुधवार को मोहन कोलोनी चौराहे पर उनका जिला प्रशासन ने स्वागत किया और उनको घर पहुंचने के लिए पूरी व्यवस्था की गई।

जिले के निर्देश दोषी बागीदौरा, तनिश मेहता तलवाड़ा, ध्रुव जोशी बागीदौरा, भूधर व्यास पालोदा, प्रनय जैन पालोदा, भव्य सिंह चौधरी और विन्ध्य दोशी बुधवार को बांसवाडा पहुंचें। उनके परिजनों ने प्रशासन व सरकार को धन्यवाद देकर खुशी जाहिर की।

# होस्टल और बंकर में बैठे हैं छात्र

■ रोमानिया से जोधपुर पहुंचे छात्र ने बताए हालात।

जोधपुर/बाड़मेर, 2 मार्च (कासं)। यूक्रेन व रुस के बीच चल रहे युद्ध के बीच भारतीयों की वतन वापसी के क्रम में बाड़मेर के चौहटन का एक स्टूडेंट जोधपुर एयरपोर्ट पर पहुंचा। अशोक नामक इस विद्यार्थी ने बताया कि वह रोमानिया यूनिवर्सिटी में पढ़ता है।

उसने बताया "हम जैसे-तैसे तो निकल आए लेकिन अब चिंता यह है कि फाइनल डिग्री हमें कैसे मिलेगी। वहां 6 साल से पढ़ाई कर रहे हैं। अशोक एमबीबीएस फाइनल ईयर का स्टूडेंट है। जोधपुर एयरपोर्ट पर एसडीएम अपूर्वा पोरवाल, तहसीलदार हनुमान बैरवा, बाड़मेर के प्रशासनिक अधिकारी भोपाल सिंह मौजूद रहे। एयरपोर्ट से अशोक को सर्किट हाउस ले जाया गया।

यहां कुछ देर रुकने के बाद वह बाड़मेर के लिए रवाना हुआ।

### बंकर में बैठे हैं कई छात्र :

अशोक ने बताया कि "अब भी स्टूडेंट हॉस्टल और बंकर में बैठे है। स्टूडेंट्स ने वहां कई ग्रुप बना रखे हैं। इन ग्रुप के जरिए एक-दूसरों को कैब के नम्बर व आगे की स्थिति शेयर कर रहे हैं। एक दूसरे को मोटिवेट कर रहे है कि बाहर निकलने की हिम्मत करों और सुरक्षित स्थानों की ओर पहुंचो। ग्रुप में कई स्टूडेंटस के पेरेंट्स भी जुड़े हैं। वह स्टूडेंट्स को रूट बता रहे हैं कि कहां से निकलना है। कौन सा एरिया सेफ है।"

वहीं अशोक कुमार के बाड़मेर पहुंचने पर बुधवार को जिला कलैक्टर लोक बंधु ने साफा पहनाकर स्वागत किया।

## मस्जिद...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

उनका क्षेत्र अपराध की बस्ती बन जाएगा।

यह विवाद एक ज्वलंत बिंदु बन गया है और दक्षिण कोरिया के इम्मिग्रेशन और बहुसंस्कृतिवाद जैसे बड़े मुद्दों का एक भाग है। यद्यपि, दक्षिण कोरिया अपनी संस्कृति दुनिया भर में भेजने में सफल रहा है फिर भी दक्षिण कोरिया के लोगों का अधिकांश गुस्सा उनके देश के मुसलमानों, खासकर वे जो बाहर से आए हैं, के प्रति है। आवास की बढ़ी हुई लागत, सामाजिक मेलजोल के अभाव और आय के बढ़ते अंतर से तनाव और बढ़ा है।

अधिकांश कोरियाइ लोग इतिहास का हवाला देकर अपने रूख को स्पष्ट करते हैं। वे कहते है कि उनके देश ने सदियों की घुसपैठ, बाहरी हमलों के बाद अपना क्षेत्र और पहचान विकसित की है। इम्मिग्रेशन का विरोध करने वाले इसे दक्षिण कोरिया के "शुद्ध" रक्त और प्रजातीय एकरूपता के लिए खतरा मानते है।

दक्षिण कोरिया में इम्मिग्रेशन से डैमोग्राफिक संकट पैदा हो गया है कुछ ग्रामीण पुरूषों ने विदेशी महिलाओं से विवाद करना शुरू कर दिया है, लेकिन जब सरकार ने बहुसांस्कृतिक परिवारो की सहायता के लिए नीतिया घोषित की तो भारी जन विरोध हुआ।

# पुरानी पेंशन स्कीम को भुनाने के लिए आभार जताने का प्रायोजित कार्यक्रम

## दूसरी ओर जलदाय विभाग के कर्मचारी महापड़ाव पर हैं

■ नाराजगी जताते हुए संविदाकर्मी लिख रहे हैं मुख्यमंत्री को खून से पत्र।

जयपुर, 2 मार्च (का.प्र.)। राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की ओर से प्रस्तुत किए गए बजट में पुरानी पेंशन स्कीम को लागू करने की घोषणा के बाद से लगातार पूरे राजस्थान से कर्मचारी संगठन और उनके नेता मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करने जयपुर पहुंच रहे हैं। जताया जा रहा हैं मानो इस स्कीम के लागू होने के बाद राजस्थान का हर कर्मचारी खुश है। बाकायदा एक "मैनेज्ड" योजना के तहत ये स्वागत कार्यक्रम कराये जा रहे हैं।

दूसरी ओर राजस्थान के 80000 से ज्यादा संविदा कर्मी नाराजगी व्यक्त करते नजर आ रहे हैं, मुख्यमंत्री को खून से पत्र लिख रहे हैं और जलदाय विभाग के कर्मचारी भी सरकार के खिलाफ आंदोलन कर रहे हैं। इनके अलावा अगर बेरोजगारों की बात करें तो उनकी नाराजगी लंबे समय से स्पष्ट रूप से चली आ रही है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि जब तमाम कर्मचारी सिर्फ पुरानी पेंशन स्कीम लागू होने से ही खुश हैं, तो फिर जलदाय विभाग के कर्मचारी आखिरकार क्यों आंदोलनरत हैं या संविदा कर्मियों की नाराजगी सरकार दूर क्यों नहीं कर रही है, या फिर सरकार यह मानती है कि सिर्फ पुरानी पेंशन स्कीम लागू करने से ही राजस्थान में वह फिर से बहुमत हासिल करके सरकार बना लेगी।

जानकारी के अनुसार, पुरानी पेंशन स्कीम को लागू करने की घोषणा करने के बाद सभी मंत्री और विधायक तथा कांग्रेस से जुड़े कर्मचारी संगठनों के नेता इस बात के लिए धन्यवाद देने के लिए मुख्यमंत्री निवास पहुंच रहे हैं। लेकिन जलदाय विभाग जैसे बड़े महकमे का कर्मचारी आंदोलन की राह पकड़े हुए हैं। क्योंकि ग्रामीण इलाकों में चल रही जनता जल योजना में लगे कार्मिक न्यूनतम मानदेय पर ग्रामीणों की प्यास बुझा रहे हैं। साल 2013 में जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (पीएचईडी) में रिक्त पदों पर भर्ती की विज्ञिप्त जारी की गई थी। इन पदों पर जनता जल योजना के कर्मचारियों ने भी आवेदन किए थे। इनमें से 4 हजार कर्मचारियों को पात्र मानकर उनकी सूची भी जारी की गई और पीएचईडी और वित्त विभाग ने आयु, योग्यता और बोनस अंक के लिए अनुमति दी है। इस संबंध में कोर्ट से भी छूट दी गई है। इसके बावजूद आज तक इनको नियुक्ति नहीं मिल पाई है। इन कर्मचारियों को अन्य किसी भर्ती में भी समायोजित नहीं किया गया है। जनता जल कर्मियों ने महापड़ाव डाल दिया है।

दूसरी ओर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की ओर से पेश किए गए बजट से प्रदेश के 80 हजार से अधिक संविदा कर्मचारियों की उम्मीद टूटी है। जन घोषणा पत्र में संविदा कर्मियों को नियमित करने का वादा करने वाली कांग्रेस सरकार ने बजट में इस पर एक शब्द तक नहीं बोला। ऐसे में अब संविदा कर्मचारी खून से पत्र लिख कर सरकार से बोनस अंक देने की मांग कर रहे हैं। ऐसे में यह सवाल उठना लाजमी है कि आखिरकार कर्मचारियों को लेकर सरकार की इन घोषणाओं का क्या वास्तव में सकारात्मक असर होगा या फिर आंदोलन की राह अपना रहे कर्मचारी कांग्रेस की राह में बड़ा रोड़ा बनेंगे।

# धौलपुर के 2 छात्र यूक्रेन से सुरक्षित लौटे

■ जिला कलैक्टर ने जिले के शेष 7 छात्रों से भी फोन पर बात की।

धौलपुर, 2 मार्च (निसं)। यूक्रेन में फंसे धौलपुर के 9 छात्रों में से 2 छात्र बुधवार को सुरक्षित घर पहुंचे। धौलपुर जिला कलैक्टर राकेश कुमार जायसवाल ने इन छात्रों के घर पहुंच कर उनका हालचाल जाना और पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली।

जिला कलैक्टर ने बताया कि धौलपुर जिले से 9 छात्र यूक्रेन में रह कर एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहे थे। उन सभी से सम्पर्क हो चुका है। उन्होंने बताया कि छात्र शिवपाल सिंह तथा हरीश कुमार मीणा घर लौट चुके हैं। अन्य छात्रों में हर्ष चौधरी खारकीव से निकल चुका है, कुलदीप शर्मा फ्लाइट में चल रहा है, रविकांत सोनी पोलैंड पहुँच चुका है, शिवम शर्मा, राहुल सिंह, मनोज त्यागी रोमानिया एवं विदुषी शिवहरे लिविन पहुंच चुके हैं। उन्होंने छात्रों से दूरभाष पर बात कर खाने, पीने एवं स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली।

उन्होंने यूक्रेन में फंसे छात्रों के परिवारजनों से जानकारी लेते हुए बताया कि सरकार द्वारा छात्रों को यूक्रेन से अपने देश लाने के लिए फ्लाइट्स की व्यवस्था की गई है।

कुछ छात्रों के देर रात तक अपने देश पहुंचने की संभावना है। उन्होंने उनके परिजनों से कहा कि बच्चों से सम्पर्क बनाए रखे तथा जानकारी मिलने पर जिला प्रशासन को शीघ्र अवगत कराएं। जिला स्तर पर भी इसके लिए कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया। इस अवसर पर धौलपुर एसडीएम भारती भारद्वाज, तहसीलदार भगवत शरण त्यागी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## रूस के प्र.मंत्री पुतिन...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

रूस के सबसे बड़े बैंक स्बर बैंक की यूरोपीय शाखा ग्राहकों द्वारा पैसे निकाले जाने के बाद आज धराशाही हो गई।

ऑस्ट्रिया के केन्द्रीय बैंक ने एक आदेश जारी कर स्बर बैंक से कहा है कि वह मांगे पूरी ना कर पाने के कारण अपने सभी लेन-देन बंद कर दे। मॉस्को स्टॉक एक्सचेंज सप्ताहांत के बाद से ही नहीं खुला है और विदेशी कंपनियों में यहां से अपना पैसा निकालने की आपाधापी मची हैं।

केन्द्रीय बैंक रूस से बाहर फण्ड ट्रांसफर करने को लेकर कैपिटल कन्ट्रोल्स लागू कर रहे हैं। दिग्गज ऑयल कंपनी एक्ज़ोन मोबिल से लेकर एप्पल और फोर्ड से लेकर अन्य बड़ी ग्लोबल कंपनियां रूस छोड़ रही हैं। इनके संयंत्र अब क्रियाशील नहीं हैं जिसका मतलब है बेरोजगारी तेजी से बढ़ रही है। एप्पल ने रूस में अपने उत्पाद बेचने बंद कर दिए हैं।

महत्वपूर्ण बात यह है कि एविएशन मार्केट में अपनी अच्छी-खासी हिस्सेदारी रखने वाली बोइंग कंपनी ने घोषणा की है कि वह रशियन एयरलाइन्स द्वारा उपयोग किए जा रहे एयर क्राफ्ट की सर्विस रोक देगी। यानि वह रूस में अपना बेड़ा कर कर रही है। बोइंग की प्रतिद्वंदी एयरबस इण्डस्ट्री भी कुछ ऐसा ही करने पर विचार कर रही है।

बताया जाता है कि रूस की सरकार और उसके वित्तीय प्राधिकरण एक ऑर्डर जारी कर रहे हैं जिसमें विदेशी फर्मों की अचानक वापसी और रूस में मौजूद उनकी सम्पत्तियों को बेचने पर पाबंदी होगी। यह एक हताशापूर्ण कदम है क्योंकि ऐसा कोई भी प्रतिबंध रूस में बाहरी निवेश की संभावनाओं को और क्षीण करेगा।

# भाजपा युवा मोर्चा ने डोटासरा को काले झंडे दिखाए

■ रीट परीक्षा में हुई धांधली की सीबीआई जांच कराने की मांग को लेकर झुंझुनू जिला मुख्यालय स्थित अग्रसेन सर्किल पर भाजपा युवा मोर्चा ने जिलाध्यक्ष जयसिंह माठ की अगुवाई में कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा को काले झंडे दिखाकर विरोध प्रदर्शन किया।

झुंझुनूं, 2 मार्च (निसं)। रीट परीक्षा में हुई धांधली की सीबीआई जांच कराने की मांग को लेकर जिला मुख्यालय स्थित अग्रसेन सर्किल पर भाजपा युवा मोर्चा ने जिलाध्यक्ष जयसिंह माठ की अगुवाई में कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा को काले झंडे दिखाकर विरोध प्रदर्शन किया।

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा का काफिला जब अग्रसेन सर्किल से मंड्रेला बाईपास की तरफ मुड़ा उसी दौरान आसपास की दुकानों पर बैठे भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता डोटासरा की गाड़ी के सामने आकर काले झंडे लहराने लगे। कार्यकर्ताओं ने बताया कि इसी दौरान कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष के काफिले के साथ चल रहे कांग्रेस पदाधिकारियों ने युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं पर लाठियों एवं लोहे की पाइपों से हमला कर दिया और पुलिस इस पूरे घटनाक्रम को मूक दर्शक बनकर देखती रही।

कांग्रेस पदाधिकारियों के हमले के कारण भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष अनुज लाम्बा, कार्यालय मंत्री राजू मराठा, जिला कार्यसमिति सदस्य हिमांशु बुडानिया, विजेन्द्र गोदारा चारावास सहित कई कार्यकर्ताओं के चोटें भी आईं तथा कुछ कार्यकर्ताओं को पुलिस हिरासत में भी लिया गया।

प्रर्दशन में युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष मनजीत यादव, विपिन जोशी, मीडिया प्रभारी हितेश पचार, महामंत्री निखिल शर्मा, आई टी सैल प्रभारी मनीष सैनी, रणसिंह नेहरा, अभिषेक गेट सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

भाजपा जिलाध्यक्ष पवन मावंडिया ने कहा कि, रीट परीक्षा में हुई धांधली की सीबीआई जांच कराने की मांग को लेकर प्रजातांत्रिक तरीके से आंदोलन कर रहे भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं पर, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष के दौरे में साथ चल रहे कांग्रेस पदाधिकारियों द्वारा पुलिस की मौजूदगी में लाठियों एवं लोहे की पाइपों से किया गया हमला बहुत ही निंदनीय है।

# रैया के बास का छात्र यूक्रेन में फंसा

■ देशराज गुर्जर सूमी स्टेट यूनिवर्सिटी में एस.बी.बी.एस. स्टूडैंट है।

पाटन, 2 मार्च (निसं)। पंचायत समिति अंतर्गत ग्राम रैया का बास का देशराज नामक विद्यार्थी अभी भी यूक्रेन के सूमी सुमसका एरिया के जेम ओसटिनसका स्ट्रीट 7 में फंसा हुआ है।घनश्याम गुर्जर निवासी रैया का बास ग्राम ने बताया कि देशराज सुमी स्टेट युनिवर्सिटी में एमबीबीएस का पांचवें वर्ष का स्टूडेंट है। उसके माता -पिता व परिजन बहुत चिंतित है। I टीवी में युद्ध के समाचार देखकर उन्हें और चिंता हो रही है। वे परिजन पीएमओ कार्यालय में संपर्क करने में लगे हुए है परंतु अभी तक उसके पास कोई रेस्क्यू टीम नहीं पहुंच पाई है।पीएमओ कार्यालय से संपर्क करने पर जानकारी मिली की देशराज सहित सभी विद्यार्थियों को सकुशल भारत लाया जाएगा। देशराज के पिता घनश्याम गुर्जर आसाम राइफल में कार्यरत हैं और रात को ही अपने घर पहुंचे हैं। वही देशराज के ताऊ हीरालाल गुर्जर भी पीएमओ कार्यालय में बार-बार संपर्क जुटाने में लगे हुए हैं।

# 'पूर्व राष्ट्रपति यानूकोविच को यूक्रेन का नया राष्ट्रपति देखना चाहते हैं पुतिन'

■ यूक्रेन के नये राष्ट्रपति के तौर पर विक्टर यानूकोविच को स्थापित करने के लिए एक विशेष अभियान चलाने की तैयारी में है रूस

■ यूक्रेन के चौथे राष्ट्रपति यानूकोविच को 2014 में, यूक्रेन-यूरोपीय संघ समझौते को अस्वीकार किये जाने के कारण हटा दिया गया था।

■ जून 2015 में यूक्रेनी संसद ने यानूकोविच को राष्ट्रपति के पद से हटा दिया था और वर्ष 2019 में यूक्रेनी अदालत ने उन्हें राजद्रोह के आरोप में 13 साल की सजा सुनायी थी।

मास्को, 2 मार्च (वार्ता)। यूक्रेन के खिलाफ एक सप्ताह पहले युद्ध शुरू करने वाले रूसी के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन यूक्रेन के पूर्व राष्ट्रपति विक्टर यानूकोविच को देश के नये राष्ट्रपति के रूप में स्थापित करना चाहते हैं। यानूकोविच को रूस समर्थक माना जाता है। बुधवार को सामने आयी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गयी।

बताया जा रहा है कि यानूकोविच फिलहाल मिंस्क में हैं और रूस यूक्रेन के नये राष्ट्रपति के रूप में वोलोदिमीर जेलेंस्की की जगह उन्हें स्थापित करने के लिए एक विशेष अभियान चलाने की तैयारी में है। जेलेंस्की यूक्रेन में बढ़ रही सेना का प्रखर प्रतिरोध करने वाले आइकन के रूप में उभरे हैं।

यूक्रेन के चौथे राष्ट्रपति यानूकोविच को 2014 में यूक्रेन -यूरोपीय संघ समझौते को अस्वीकार किये जाने के कारण अपदस्थ कर दिया गया था। उन्होंने 2010 से 2014 तक यूक्रेन के राष्ट्रपति के रूप में काम किया। इससे पहले वह 2006-07 तक देश के प्रधानमंत्री भी रहे और नवंबर 2002 से जनवरी 2005 के बीच देश की सेवा की हालांकि दिसंबर 2004 में उनके कार्यकाल में थोा अंतराल भी आया था। जून 2015 को यूक्रेनी संसद ने यानूकोविच को आधिकारिक रूप से राष्ट्रपति के पद से हटा दिया था।

## छह उड़ानों में 1,377 भारतीय रवाना

नई दिल्ली 2 मार्च (वार्ता)। ऑपरेशन गंगा के तहत पिछले 24 घंटों में यूक्रेन से छह उड़ानों में 1,377 भारतीय स्वदेश के लिए रवाना हो चुके हैं, जिसमें पोलैंड की पहली उड़ान भी शामिल है।

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बुधवार को एक ट्वीट में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन छह उड़ानों में पोलैंड की पहली उड़ानें भी शामिल हैं। उन्होंने कहा, "पिछले 24 घंटों में अब छह उड़ानें भारत के लिए रवाना हुई हैं। इसमें पोलैंड से पहली उड़ान भी शामिल हैं। यूक्रेन से 1377 और भारतीय नागरिकों को वापस लाया गया।"

विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला ने मंगलवार शाम को कहा था कि अगले तीन दिन में भारतीय नागरिकों को लाने के लिए 26 उड़ानें निर्धारित की गई हैं तथा पोलैंड और स्लोवाक गणराज्य के हवाई अड्डों का भी उपयोग किया जा रहा है।

## पुतिन के इर्द ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

शान्ति पुरस्कार प्राप्त डिमिट्री मुराटोव भी शामिल थे, जिन्होंने शत्रुता को खत्म करने की जरूरत बताई।

और वे कम महत्वपूर्ण नहीं हैं। अगर मिखाइल खोदोर्कोव्स्की के बाद, पिछले करीब दो दशकों में पुतिन के खिलाफ साफ-साफ और खरी-खरी बात इन गिने-चुने लोगों ने ही कही है। ज्ञातव्य है कि मिखाइल खोदोर्कोव्स्की उस समय रूस के सर्वाधिक धनी व्यक्ति थे तथा उन्हें विपक्षी दलों को आर्थिक मदद करने के आरोप में जेल में डाल दिया गया था।

रूस के कुछ अधिक धनिक लोगों की शुद्ध पूँजी करीब आधी तो रह ही गई है। उन्हें अब तक कुल मिलाकर अनुमानतः 83 लाख करोड़ डॉलर का नुकसान हो चुका है क्योंकि रूसी अर्थव्यवस्था धड़ाम से गिर गई है।

## वसुंधरा राजे...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

है। राजे विद्याधर नगर में गोविंदगिरी महाराज से मिलकर घर लौट रही थीं। कार की आगे वाली सीट पर पूर्व मुख्यमंत्री राजे बैठीं थी ओर पीछे ओएसडी महेन्द्र भारद्वाज बैठे थे। इस दौरान एक दूसरी कार ने राजे की कार को साइड से टक्कर मार दी। वह कार तान्या नाम की लड़की चला रही थी और गाड़ी चलाते समय मोबाइल पर बात कर रही थी, टक्कर से राजे की कार के लेफ्ट साइड के गेट को नुकसान हुआ। लड़की ने कार से बाहर आने के बाद राजे से माफी मांगी। दुर्घटना की जानकारी मिलने पर विद्याधर नगर थाना प्रभारी सहित दुर्घटना थाना पुलिस मौके पर पहुंची। राजे ने सभी को कार्रवाई नहीं करने को कहा। दुर्घटना के कारण लड़की काफी डर गई थी। इसलिए राजे ने उसे समझाया कि वह आराम से अपने घर जाए।

## रेप व ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

आरोपी, जिसमें 8 और 11 साल के दो बच्चे भी थे, पॉर्न एडिक्ट थे। उन्होंने बताया कि असम पुलिस ने उन निर्देशों का पालन किया, जिनका पालन जांच अधिकारी बलात्कार, दुराचरण और अन्य यौन अपराधों की जांच के डिजीटल सबूत जुटाने में करते हैं। याचिकाकर्ता ने आग्रह किया कि सभी राज्य सरकारों को निर्देश दिए जाए कि अपनी स्थानीय पुलिस और जांच एजेंसियों से तुरंत ऐसा डेटा उपलब्ध करवाएं क्योंकि महिलाओं और बच्चों पर यौन हमलों और बलात्कार की घटनाए देशभर में बढ़ रही हैं। अखबारों में सभी उम्र की महिलाओं के साथ बलात्कार व यौन दुराचरण की परेशान कर देने वाली खबरों का उल्लेख करते हुए याचिका में कहा गया है कि, ऐसी खबरों का सबसे हैरान करने वाला पक्ष यह है कि ऐसे अधिकांश मामलों में पीड़ित बच्चे हैं और कुछ तो शिशु हैं। यह गंभीर चिंता का विषय है क्योंकि सही यौन आचरण से संबंधित यौन शिक्षा हमारी शिक्षा व्यवस्था का अंग नहीं है तथा इसे सामाजिक रूप से अनुचित एवं निषिद्ध माना जाता है।

## गत तीन दिन...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

विमान सौदे में भ्रष्टाचार के लिए नरेन्द्र मोदी सरकार पर भी प्रहार करते रहे हैं।

के.सी.आर. का भाजपा विरोधी रूख गत उप चुनाव में तेलंगाना में भाजपा की जीत के बाद से मुखर हुआ है। उक्त उप चुनावों में भाजपा ने राज्य की दोनों सीटें जीत ली थीं। ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम चुनाव में अच्छे प्रदर्शन के बाद राज्य में भाजपा की उम्मीदे बढ़ गई हैं। गत महीनों में भाजपा राज्य में हिंदू वोटो को ध्रुवीकृत करने का प्रयास कर रही है और आरोप लगा रही है कि के.सी.आर. की तेलंगाना राष्ट्र समिति और असदुद्दीन ओवैसी की ए.आई.एम.आई.एम. के के बीच एक गुप्त समझौता है।

इसके जवाब में के.सी.आर. भाजपा को खत्म करने के लिए राष्ट्रीय राजनीति में कूदने की धमकी दे रहे हैं। अटकलें हैं कि के.सी.आर. तेलंगाना का मुख्यमंत्री पद अपने बेटे के.टी. रामाराव को दे देंगे।

# पुतिन आखिर चाहते क्या...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

**प्रश्नः** यूक्रेन में ऐसा क्या था जिससे पुतिन भड़क गए?

**उत्तरः** यूक्रेन को तेजी से पश्चिमीकरण हो रहा है यह अलग रूप लेता जा रहा है। तथा वहां की शासन, व्यवस्था उनके नियंत्रण से बाहर जा रही है। कालान्तर में, यह सब रूस के अन्य लोगों के लिये दृष्टान्त का करेगा तथा रूस के लोग और ज्यादा लोकतांत्रिक होना चाहेंगे। यूक्रेन एक प्रकार से रूस की एकतंत्रीय तानाशाह व्यवस्था के प्रतिकूल मिसाल बन जायेगा। और फिर "डोमिनोज़" की लाइनें लग जायेंगी, एक के बाद एक "कलर रिवोल्यूशन" होगा और डोमिनोज़ की कतारों के अंत में नहीं रूस नज़र आएगा और यह स्थिति पुतिन के लिये बहुत खतरनाक होगी।

**प्रश्नः** अन्तर्राष्ट्रीय सम्बंधों के "सलामी दांव-पेच" क्या है तथा वे यहाँ किस तरह प्रयुक्त होते दिखाई देते हैं?

**उत्तरः** "सलामी कौशल" से आपका अभिप्राय है कि आप थोड़ा और चाहते हैं तथा फिर थोड़ा और, जब तक कि आप किसी चीज पर पूरा नियंत्रण हासिल नहीं कर लेते। रुस-यूक्रेन संदर्भ में, हम इसे यूक्रेन पर रुस के नियंत्रण के रुप में ले सकते हैं। इसमें (इन्टरलॉकिंग कमिटमेंट की समस्या भी है) यह वादा नहीं कर सकता कि वह नाटो का सदस्य नहीं बनेगा। यह बात रुस को अपनी सीमाओं के लिये खतरे के रुप में दिखाई देती है। इसके साथ ही, रुस भी ऐसा कोई विश्वसनीय वादा नहीं कर सकता कि अगर यूक्रेन समय कुछ रियायत दे भी देता है तो रुस इसके बाद उससे कुछ और ज्यादा नहीं माँगेगा। यह रियायत (कन्सेशन) चाहे जमीन सम्बंधी हों, चाहे सत्ता -परिवर्तन सम्बंधी हों या नाटो में शामिल न होने के वादे से सम्बंधित हो।

**प्रश्नः** अगर पुतिन यूक्रेन में सफल हो जाते हैं तो फिर उसके बाद क्या होगा?

**उत्तरः** अन्तर्राष्ट्रीय व्यवस्था के सिद्धांत ध्वस्त हो जायेंगे। इन सिद्धांतों में शामिल हैं क्षेत्रीय अखंडता। यह वो चीज है जिसके लिये रुस ने उस समय प्रतिबद्धता जताई थी, जब यूक्रेन ने अपने परमाणु हथियार त्याग दिये थे तथा स्वतंत्र हो गया था। मूलतः पुतिन पश्चिम को तथा शेष विश्व को अंगूठा दिखा रहे हैं। उदाहरणार्थ, उन्होंने "सैन्य कार्यवाही" की घोषणा ठीक उस समय की, जब संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद इस संकट पर चर्चा करने के लिये मीटिंग कर रही थी। अन्य देश, खासतौर से बाल्टिक देशों का ही नहीं, बल्कि यूएसएसआर के विघटन के कारण बने सभी गणतंत्रों का यह सोचना वाजिब एवं सकारण ही माना जायेगा कि यूक्रेन के बाद, अगली बारी उन्हीं की है। अगर रुस कामयाब हो जाता है, तो पूरी दुनिया ही बदल जायेगी, नाटो को सशस्त्र होना होगा तथा सभी देशों को रक्षा पर और ज्यादा बहुत ज्यादा खर्च करना होगा। सशस्त्रीकरण के दौर पर दौर चलेंगे। ऐसे माहौल में, एक मामूली सी गलती, कोई चूक, कोई मिस्ड फोन कॉल, कोई गलत अनुवाद, जीपीएस की गड़बड़ी के कारण भी चीजें तुरंत हाथ से निकलती हुई दिखाई देंगी।

**प्रश्नः**अगर पुतिन यूक्रेन में हार जाते हैं तो आपके विचार से, वे फिर क्या करेंगे?

**उत्तरः** यूक्रेन में मिली पराजय, पुतिन को घरेलू, राजनैतिक तथा शारीरिक रूप में जीवित रहने की स्थिति में नहीं छोड़ेगी। बिल्कुल अभी हाल ही प्रकाशित एक पुस्तक "कैटेस्ट्रोफिक सक्सैस" में, अलेक्जेन्डर डाउन्स कहते हैं कि इस प्रकार के सत्ता परिवर्तन, जो पुतिन चाह रहे हैं, प्रायः बड़ी बुरी तरह विपरीत प्रतिक्रिया, ठीक उल्टी स्थिति पैदा कर देते हैं। अगर रूस के उद्देश्य सफल नहीं होते, तो पुतिन वास्तव में बहुत गहरे संकट में फंस जायेंगे। जैसे कि इन दिनों कई रूसी शहरों में हो रहे युद्ध विरोधी प्रदर्शन दिखाई दे रहे हैं, रूस की जनता का एक बहुत बड़ा तथा उल्लेखनीय हिस्सा ऐसा है, जो बाहर जाने तथा इस युद्ध के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने की इच्छा रखता है। यह निश्चित रूप से बहुत जोखिम वाली तथा बहुत ही बहादुरी एवं साहसिक कार्यवाही है।

इसलिये, अगर पुतिन अपने लक्ष्य हासिल नहीं कर पाते हैं, तो इस बात की बहुत अधिक संभावना होगी कि उन्हें सत्ता से हटा दिया जाये।

यही कारण है कि वे इस समय कुछ बहुत ही जोखिम वाले कदम, जिन्हें "पुनर्जीवन हेतु जुआ" कहा जाता है, यह सोच कर तथा इस आशा में उठा सकते हैं, कि ऐसा करके वे सत्ता में बने रहेंगे।

मैंने इस संबंध में अपनी पहली पुस्तक में लिखा था तथा बताया था कि प्रथम विश्व युद्ध चार साल तक क्यों चला, जबकि जर्मन नेता नवम्बर 1914 में ही इस नतीजे पर पहुंच गये थे कि वे जीत नहीं सकते, लेकिन वे चार साल तक और केवल इसलिये लड़े क्योंकि वे अपने देश में संभावित राजनैतिक सजा से डर रहे थे।

जिस खतरनाक चीज को समझ पाना मुश्किल है, वो यह है कि पुनर्जीवन के जुए के इस तर्क का प्रतिकार करने के लिये पश्चिम संभवतः कुछ नहीं कर सकेगा।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908